4. लंबित आबंटन राशि शेयर आवेदन के संबंध में शेयरों के जारी होने के बाद (इक्विटी शेयर) वित्तीय वर्ष 2015–2016 में रू. 2855.6041 प्राप्त/जारी हुए, कंपनी की अभिदत्त और चुकता पूंजी इनफ्लों वित्त के साथ 2016–17 में इक्विटी में जारी रू. 7658.27 करोड़ होगी। (बजट रू. 2709 करोड़), कपंनी की अभिदत्त और चुकता पूंजी अधिकृत शेयर पूंजी को पार कर जाएगी।

5. रेल मंत्रालय के पत्र सं. 2013/इन्फ्रा/6/30 दिनांक 02.07.2015 के अनुसार, संशोधित लागत प्राक्कंलन रू. 81459/–करोड़ अनुमोदित कर दिया गया जिसमें पूर्वीडीएफसी–रू. 26674 करोड, पश्चिमी डीएफसी–रू. 46718 करोड़ और भूमि के लिए रू. 8067 करोड़ हैं इसमें निर्माण के दौरान ब्याज सम्मिलित है, परियोजना के आवश्यकता के लिए इक्विटी रू. 21045 करोड़ (जिसमें आईडीसी के रूप में रू. 5316 करोड़ सम्मिलित है) यह मानते हुए आईडीसी को रेल मंत्रालय द्वारा इक्विटी योगदान के रूप में वित्त पोषित किया जाएगा, अधिकृत पूंजी रू. 21045 करोड़ हो जाएगी।

6. दिल्ली स्टाम्प अधिनियम के अनुसार वृद्वि हुई अधिकृत पूंजी स्टाम्प ड्यूटी को आकर्षित करती है, देय 0.15 प्रतिशत की दर से अधिकृत पूंजी में अधिकतम 25 लाख रूपये तक बढोत्तरी की गई है। प्रत्येक वार वर्तमान रू. 8000 करोड़ की वर्तमान सीमा से अधिकृत पूंजी में बढोत्तरी होने पर स्टाम्प ड्यूटी की अधिकतम राशि देय होती है। इस परिदृश्य में यह सलाह दी जाती है कि अधिकतम अनुमेय सीमा तक वर्तमान अधिकृत पूंजी को बढाया जाए।

7. उपयुक्त खंड (3), (4), (5) एवं (6) को ध्यान में रखते हुए, यह प्रस्ताव किया जाता है कि कंपनी की अधिकृत शेयर पूंजी कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अंतर्गत रू. 8000,00,00,000/–(रू. आठ हजार करोड़) से बढ़ाकर रू. 220,00,00,00,000/– (रू. बाईस हजार करोड़) की जाए।

8. कंपनी के एसोसीएशन के अनुच्छेद 6(ए) प्रदान करता है– राष्ट्रपति के समय–समय पर अनुमोदन से कंपनी की साधारण बैठक की स्वीकृति, इस तरह के प्रयोग से शेयर पूंजी बढ़ाने और ऐसी मात्रा को शेयरों में विभाजित करने के लिए संकल्प निर्धारित करेगा।

9. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उप धाराएं प्रदान करती हैं–

   1. धारा 61 के बचाव के अतंर्गत, कंपनी इस सेक्शन में विशिष्ट प्रक्रियाओं के अनुपालन के बाद और ज्ञापन के प्रावधानों के बदलने के लिए विशेष संकल्प का पालन कर सकती है।

   2. धारा 64 में बचाव के अंतर्गत, कंपनी अपने ज्ञापन, फाइल में रजिस्ट्रार के साथ कोई बदलाव से संबंधित–

      क) उप धारा (1) के अंर्तगत कंपनी द्वारा विशेष संकल्प पास किया गया।

10. धारा 61 (1) (क) के अनुसार, एक लिमिटेड कंपनी अपनी शेयर पूंजी एक लेख द्वारा साधारण बैठक में ऐसी अधिकृत राशि को बढ़ाने के लिए ज्ञापन के बाद विचार कर सकती है।

11. धारा 64 (1) (क) के अनुसार, धारा 61 की उप धारा (1) में वर्णित जहां कंपनी अपनी शेयर पूंजी को किसी भी रूप में बदलती है, तो इस तरह कंपनी द्वारा बदलाव/बढ़ोत्तरी दायर करने की सूचना फार्म नं एसएच–7 में शुल्क के साथ रजिस्ट्रार को देनी होगी।

    कंपनी का न कोई निदेशक अथवा प्रमुख प्रबंधकीय व्यक्ति और /अथवा उनके रिश्तेदार इससे संबंधित वित्तीय अथवा अन्यथा उनके व्यापार से संबंधित हैं।

परोक्षी प्रपत्र

(कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 105(6) और कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 की नियम 19(3) के प्रावधानों के अनुसरण में)

सीआईएनः
सदस्य(यों) का नाम.....
पंजीकृत पताः.....
ईमेल आईडीः.....
फोलियों सं./ग्राहक आईडीः.....

डीपी आईडीः मैं/हमें डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सदस्य होने के नाते प्रति इक्विटी शेयर रू. 1000 का दिया जा रहा है, नियुक्त करते हैंः

1. नाम
   ईमेल आईडीः
   पताः
   हस्ताक्षर.....अथवा नाकाम रहने
2. नाम
   ईमेल आईडीः
   पताः
   हस्ताक्षर.....अथवा नाकाम रहने
3. नाम
   ईमेल आईडीः
   पताः
   हस्ताक्षर.....अथवा नाकाम रहने

कंपनी की .....दिनांक.....पर .....होने वाली वार्षिक आम बैठक/असाधारण आम बैठक में और उसके किसी स्थान पर मेरी ओर से भाग लेने और मेरा मत देने के लिए परोक्ष प्रतिनिधि प्रोक्सी नियुक्त करता हूं और किसी स्थगन, निम्नलिखित संकल्प के सबंध मेंः

संकल्प संख्या

1. .....
2. .....
3. .....

हस्ताक्षर.....दिनांक.....

राजस्व
टिकट
लगाएं

शेयर धारक के हस्ताक्षर.....

प्रोक्सी धारक के हस्ताक्षर.....

नोटः

कारगर सिद्ध होने के लिए परोक्षी प्रपत्र पूर्ण होना चाहिए और कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में बैठक आरंभ होने से 48 घंटे पहले प्राप्त होनी चाहिए।

डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

पंजीकृत एवं कॉर्पोरेट कार्यालयः 5वां तल, प्रगति मैदान मैट्रो स्टेशन भवन परिसर
नई दिल्ली–110001
(सीआईएनःयू60232डीएल2006जीओआई155068)

उपस्थिति स्लिप

पंजीकृत फोलियो : .....

नाम : .....

पता : .....

.....

.....

मैं/हम कंपनी की दिनांक 26.09.2016 को सोमवार 12.30 बजे पंजीकृत कार्यालय, 5वां तल प्रगति मैदान मैट्रो स्टेशन भवन परिसर, नई दिल्ली–110001 में होने वाली 10वीं वार्षिक आम बैठक में उपस्थिति दर्ज कराते हैं।

शेयर धारक/उपस्थित प्रोक्सी के हस्ताक्षर.....

निदेशकों की रिपोर्ट

देवियों/सज्जनों

आपके निदेशकों को 31 मार्च 2016 को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक लेखा सहित कंपनी की 10वीं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए हर्ष हो रहा है।

डीएफसीसीआईएल ने वित्तीय वर्ष 2015–2016 के दौरान सभी क्षेत्रों में जैसे पूंजीगत खर्च, कार्य के भौतिक निष्पादन में ठेका को प्रदान करने में बहुत ही अच्छी तरह से कार्य किया है। कुछ मुख्य बिन्दु निम्नानुसार हैः

1. मुख्य बिन्दु

i पूंजीगत खर्च में वर्ष 2014–15 में रू. 2897 करोड़ से वर्ष 2015–16 में रू. 8508 करोड़ की तीन गुना वृद्धि हुई थी। 31 मार्च 2016 को भूमि की लागत रू. 21750.52 करोड़ सहित संचयी खर्च हुआ है।

ii पिछले 6 वर्षों के दौरान अंतिम रूप दिए गए रू. 13000 करोड़ के ठेकों के विरूद्व रू. 21,005 करोड़ के ठेके अवार्ड किए गए। आगे चालू वित्त वर्ष में रू. 7647 करोड़ के ठेकों को अंतिम रूप दिया गया इसी के साथ 2473 किमी. (87%) के सिविल ठेके और 2188 किमी. (78%) के विद्युत और एस एंड टी ठेकों को अवार्ड किया गया है।

iii कार्य प्रगति परः

क) दिनांक 30.03.2016 को दुर्गावती–सासाराम (56 किमी.) के बीच पहली डीएफसी ट्रैक पर पहली मालगाड़ी चलाई गई।

ख) पश्चिमी डीएफसी के रेवाड़ी–इकबालगढ़ सेक्शन और पूर्वी डीएफसी के खुर्जा–कानपुर सेक्शन में मिटटी और कंक्रीटिंग कार्य आगे प्रगति पर है। पूर्वी डीएफसी में भदान, मैधा और दाउदखान में तीन लोकेशनों पर और पश्चिमी डीएफसी पर भगेगा में मेकेनाइज्ड ट्रैक लेइंग मशीन द्वारा ट्रैक लिन्किंग का कार्य किया गया था। पूर्वी डीएफसी और पश्चिमी डीएफसी में 342 किमी. का ट्रैक लिन्किंग का कार्य पूरा कर लिया गया है।

ग) पश्चिमी डीएफसी में 42 किमी. और पूर्वी डीएफसी में 56 किमी कार्य की प्रगति की निगरानी की मॉनीटंरिग का परीक्षण ड्रोन के माध्यम से किया गया।

घ) राज्य सरकार के साथ सतत् संपर्क के कारण आरओबी की शेयर लागत का 50:50 आधार पर अपने हिस्से को देने की सहमति हो गई है। परिणामस्वरूप 9 विभिन्न राज्यों से 121 आरओबी के लिए सहमति प्राप्त हो गई है इससे रेल मंत्रालय को अनुमानित रू. 2400 करोड़ की बचत होगी।

iv धन की व्यवस्थाः दिनांक 30.06.2015 को विश्व बैंक द्वारा ऋण राशि 650 यूएस मिलियन को स्वीकृत किया गया।

v माननीय रेल मंत्री और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप से सीडको की 14 हेक्टेयर भूमि दर रू. 84 करोड़/हेक्टेयर से रू. 42 करोड़/हेक्टेयर कम किया गया है, परिणामस्वरूप रू. 608 करोड़ की बचत हुई है।

2.1. वित्तीय विवरण

वित्तीय वर्ष 2015–2016 के लिए वित्तीय विवरण कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची III के अनुसार तैयार किए गए हैं। वर्ष 2015–2016 के दौरान कॉर्पोरेशन ने निम्नलिखित खर्चे किए हैं।

क) परियोजना निष्पादन पर पूंजीगत खर्च निम्नानुसार है:

विवरण	31.03.2015 को	वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान	31.03.2016 को
सीएपीईएक्स (बिना भूमि की लागत के)			
मूर्त परिसंपत्तियां	11.83	3.13	14.96
अमूर्त परिसंपत्तियां	0.41	0.99	1.40
पूंजीगत कार्य प्रगति पर	3,272.10	2,505.06	5,777.16
विकास के अंतर्गत परिसंपत्तियां	9.31	0.59	9.90
पूंजी अग्रिम	2,836.27	1,653.20	4,489.47
कुल पूंजीगत खर्च (बिना भूमि की लागत के)	**6,129.92**	**4,162.97**	**10,292.89**
भूमि की लागत (रेल मंत्रालय द्वारा वहन)	**7,112.81**	**4,344.82**	**11,457.63**
कुल सीएपीईएक्स भूमि की लागत सहित	**13,242.73**	**8,507.79**	**21,750.52**

ख) विकास लेखा

वर्ष के दौरान विकास लेखे के रू. 280.59 करोड़ को पूंजीगत प्रगति कार्य में स्थानान्तरित किया गया, विवरण निम्नानुसार है:–

विवरण	31.03.2016 को समाप्त वर्ष	31.03.2015 को समाप्त वर्ष
कर्मचारी लाभ खर्चे	88.97	70.00
वित्तीय लागत(वित्तीय खर्च)	153.69	90.65
मूल्य ह्रास और परिशोधन खर्चे	4.09	2.77
प्रशासनिक और अन्य खर्चे	66.86	54.13
उप– कुल योग	**313.61**	**217.55**
विदेशी मुद्रा भिन्नता (हानि/लाभ)	3.27	2.10
घटाना: अन्य आय	36.29	26.04
सीडब्लयूआईपी में कुल स्थानान्तरित	**280.59**	**189.41**

ग) **लाभांश**

आपके निदेशकों ने कंपनी के अभी निर्माण अवस्था के अंतर्गत होने से ''कोई लाभांश'' की सिफारिश नहीं की है।

घ) **स्थानान्तरण के लिए प्रस्तावित राशि– कुछ नहीं**

2.2 धन की व्यवस्थाः पूंजीगत ढांचा

31 मार्च 2016 को कंपनी की प्राधिकृत शेयर पूंजी रू. 8,000,00,00,000 (रू. आठ हजार करोड़) थी जो कि रू. 8,00,00,000 (रू. आठ करोड़) इक्विटी शेयरों में विभाजित है और प्रत्येक शेयर की कीमत 1000/–रू. है।

दिनांक 31.03.2016 के अनुसार कंपनी की प्रदत्त पूंजी रू. 48026688000 (रू. चार आठ शून्य दो करोड़ छियासठ लाख अठ्ठासी हजार केवल) जो कि 480,26,688 (रू. चार करोड़ अस्सी लाख छब्बीस हजार छः सौ अठठासी केवल) और प्रत्येक शेयर की कीमत 1000/– रू. थी और शेयर आवेदन पूंजी रू. 2855.60 करोड़ थी। रेल मंत्रालय द्वारा इक्विटी के योगदान के कारण कंपनी की प्रदत्त पूंजी में वृद्धि हुई है। पूंजी ढांचा निम्नानुसार हैः

(रू. करोड़ में)

विवरण	31.03.2016 को	31.03.2015 को
इक्विटी वित्त पोषण		
शेयर धारकों का फंड	4,975.97	3,825.78
आबंटन के लिए लंबित शेयर आवेदन पूंजी	2,855.60	1,087.00
डेबिट वित्त पोषण		
जायका	1,869.57	912.86
आईबीआरडी	1,402.60	528.22
कुल योग	**11,103.74**	**6,353.86**

2.2.1. वित्त पोषण

i **पश्चिमी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर–चरण। (वडोदरा–रेवाड़ी) 947 किमी. चरण–2 (वडोदरा–जेएनपीटी और रेवाड़ी–दादरी) 557 किमी. (जायका) परामर्श।** इंजीनियरिंग सर्विस कंसल्टैंसी (चरण–1) के लिए 2,606 (दो बिलियन छह सौ छह मिलियन जापानी येन) का ऋण का जायका के साथ करार पर आई डी– पी 205 के तहत हस्ताक्षर हुए और दिनांक 31.03.2016 तक हमने इस ऋण में से रू. 120.56 करोड़ का उपयोग किया है।

अन्य इंजीनियरिंग सर्विस कंसलटैंसी (चरण–2) (वडोदरा–जेएनपीटी और रेवाड़ी–दादरी) 557 किमी. का जायका के साथ करार 1,616 (एक बिलियन छह सौ सोलह मिलियन) जपानी येन का हुआ इसमें से दिनांक 31.03.2016 तक रू. 70.92 करोड का उपयोग किया है।

ii **पश्चिमी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर–चरण। (वडोदरा–रेवाड़ी) 947 किमी. (जायका) निर्माण चरण।** के निर्माण के लिए 90.262 (नब्बे बिलियन दो सौ बासठ मिलियन) जापानी येन का ऋण करार आईडी–पी–209 पर जायका के साथ हस्ताक्षर हो गए है और इसमें से दिनांक 31.3.2016 तक रू. 1639.33 करोड़ का उपयोग किया गया है।

ऋण करार आईडी–पी 253 पर जायका के साथ दूसरी किश्त 103.664 बिलियन जापानी येन के लिए दिनांक 31.03.2016 को हस्ताक्षर हो गए। आईडी–पी 253 का दिनांक 31.03.2016 तक इस राशि में से कोई खर्च नहीं किया गया है।

iii **पश्चिम डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर चरण–2 के लिए ऋण करार (मुख्य ऋण)।**

चरण–।। में निर्माण के लिए जायका के साथ 136.119 विलियन जापानी येन का आईडी–पी 229 ऋण जायका के साथ हस्ताक्षर हो गए हैं। इस ऋण में से दिनांक 31.3.2016 तक इसमें से रू. 38.76 करोड़ उपयोग किया गया है।

iv **पूर्वी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर के मुगलसराय–कानपुर–खुर्जा–लुधियाना सेक्शन 1131 किमी. और खुर्जा–दादरी सेक्शन के लिए धन की व्यवस्था।**

विश्व बैंक पूर्वी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर के मुगलसराय–लुधियाना और खुर्जा–दादरी सेक्शन की फंडिग के लिए पहले ही सैद्धांतिक रूप से सहमत हो गया है। परियोजना के लिए कुल यूएस $ 2.725 बिलियन के ऋण पर सहमति हुई थी।

- जिसमें पूर्वी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर के खुर्जा–भाऊपुर (343 किमी.) सेक्शन के चरण–1 परियोजना के लिए ऋण सं. 8066 आई एन द्वारा यूएस $ 975 मिलियन के ऋण के लिए दिनांक 27.10.2011 को हस्ताक्षर किए गए और दिनांक 31.03.2016 तक इस ऋण में से रू. 1,115.60 करोड़ का उपयोग किया गया है।
- भाऊपुर–मुगलसराय (पूर्वी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर–2 परियोजना के लिए यूएस $ 1100 मिलियन के ऋण को पहले ही स्वीकृत किया जा चुका है और ऋण करार पर दिनांक 11.12.2014 को हस्ताक्षर किए गए और दिनांक 31.03.2016 तक रू. 210.38 करोड़ का उपयोग किया गया है।
- पूर्वी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर–3 परियोजना खुर्जा–साहनेवाल सेक्शन के लिए तकनीकी बातचीत दिनांक 13.05.2015 को हुई थी जिसमें बातचीत को दिनांक 27.05.2015 को आगे बढ़ाया गया। विश्व बैंक द्वारा दिनांक 30.06.2015 को ऋण राशि यूएस $ 650 मिलियन स्वीकृत किया गया है। विश्व बैंक द्वारा अग्रिम प्रापण की पहले ही अनुमति दी जा चुकी है। ऋण करार पर अक्टूबर/नवम्बर 2016 में हस्ताक्षर किए जाएंगे।
- बजट के विरूद्व ऋण की पुनः संरचना के माध्यम से पूर्वी डीएफसी–1 में खुर्जा–दादरी सेक्शन को जोड़ा गया है।

3. कंपनी के कार्यकलाप की अवस्था

वित्तीय वर्ष 2015–2016 में निम्नलिखित ठेके अवार्ड किए गए हैं:

क) पश्चिमी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोरः (कुल 1504 किमी. लम्बाई) (कार्य एवं परामर्श)

सिविल ठेके:

1. **वैतरणा–सचिन सेक्शन (सीटीपी–12) के लिए दोहरी रेलवे लाइन के सिविल, बिल्डिंग ट्रैक कार्यो के डिजायन और निर्माणः** 186 किमी. सिविल एवं ट्रैक ठेके सीटीपी–12 के लिए रू. 2171 करोड़ की राशि के ठेके को दिनांक 22.05.2015 को मेसर्स एक्सप्रेस फ्रेट कान्सोरटियम को अवार्ड कर दिया गया था। ठेका करार पर दिनांक 18.08.2015 को हस्ताक्षर किए गए। ठेका दिनांक 15.10.2015 से प्रभावी हुआ था और ठेके को पूरा करने की तारीख 09.10.2019 अर्थात 208 सप्ताह है।
2. **वैतरणा–वड़ोदरा सेक्शन (सीटीपी–13) के लिए दोहरी रेलवे लाइन के सिविल, बिल्डिंग ट्रैक कार्यो**

के डिजायन और निर्माणः 134 किमी. सिविल एवं ट्रैक ठेके सीटीपी–13 के लिए रू. 2158 करोड़ की राशि के ठेके को दिनांक 22.05.2015 को मेसर्स एक्सप्रेस फ्रेट संघ को अवार्ड कर दिया गया था। ठेका करार पर दिनांक 18.08.2015 को हस्ताक्षर किए गए। ठेका दिनांक 22.05.2015 से प्रभावी हुआ था और ठेके को पूरा करने की तारीख 09.10.2019 अर्थात 208 सप्ताह है।

3. **जेएनपीटी–वड़ोदरा सेक्शन (सीटीपी–15) में क्रीक और नदियों के पार एवं रेलवे और वाटर मेन पर 08 विशेष स्टील पुलों की डिजायन एवं निर्माणः** विशेष स्टील पुलों सीटीपी–15ए, के लिए रू. 518 करोड़ के ठेके को दिनांक 03.06.2015 को मेसर्स आईआईएस–एलएंडटी संघ को अवार्ड किया गया था। ठेका करार पर दिनांक 06.08.2015 को हस्ताक्षर किए गए थे। ठेका दिनांक 15.10.2015 से प्रभावी हुआ था और ठेके को पूरा करने की तारीख 09.10.2019 अर्थात 208 सप्ताह है।

4. **जेएनपीटी–वड़ोदरा सेक्शन (सीटीपी–15बी) में आरयूबी के साथ नर्मदा नदी के पार विशेष स्टील पुल की डिजायन एवं निर्माणः** विशेष स्टील पुल सीटीपी–15बी के लिए रू. 331 करोड़ के ठेके को दिनांक 03.06.2015 को मेसर्स आईआईएस–एलएंडटी संघ को अवार्ड किया गया था। ठेका करार पर दिनांक 06.08.2015 को हस्ताक्षर किए गए थे। ठेका दिनांक 15.10.2015 से प्रभावी हुआ था और ठेके को पूरा करने की तारीख 09.10.2019 अर्थात 208 सप्ताह है।

5. **रेवाड़ी–दादरी सेक्शन (सीटीपी–15सी) में हिण्डन और यमुना नदी के पार और वर्तमान रेलवे पर 03 विशेष स्टील पुलों की डिजायन एवं निर्माणः** विशेष स्टील पुल सीटीपी–15सी के लिए रू. 214 करोड़ के ठेके को दिनांक 06.08.2015 को मेसर्स आईआईएस–एलएंडटी संघ को अवार्ड किया गया था। ठेका करार पर दिनांक 03.06.2015 को हस्ताक्षर किए गए थे। ठेका दिनांक 15.10.2015 से प्रभावी हुआ था और ठेके को पूरा करने की तारीख 09.10.2019 अर्थात 208 सप्ताह है।

6. **इकबालगढ़–वडोदरा सेक्शन (सीटीपी–3 आर) में दोहरी रेलवे लाइन के लिए सिविल, बिल्डिंग ट्रैक कार्यों की डिजायन एवं निर्माणः** 298 किमी. के लिए सिविल ठेका सीटीपी–3 (आर) को दिनांक 25.02.2016 को रू. 4744 करोड़ में अवार्ड किया गया था। यह ठेका 2016–17 की प्रथम तिमाही में प्रारंभ होने की आशा है।

विद्युत, यांत्रिक और सिगनल एवं टेलीकॉम (एस एंड टी) ठेके

1. **रेवाड़ी–वडोदरा सेक्शन (एसटीपी–5) में दोहरी रेलवे लाइन के लिए सिगनल एवं टेलीकॉम कार्यों की डिजायन एवं निर्माणः** 947 किमी.एसटीपी–5 एस एंड टी ठेका रू. 1780 करोड़ में दिनांक 22.06.2015 को मेसर्स एस ए एफ ई संघ को अवार्ड किया गया था। ठेका करार पर दिनांक 10.12.2015 को हस्ताक्षर किए गए। ठेका दिनांक 11.01.2016 से प्रभावी हुआ था और ठेके को पूरा करने की अवधि 338 सप्ताह है।

2. **रेवाड़ी–दादरी सेक्शन (एसटीपी–5ए) 127 किमी. को छोड़कर चरण–1 एवं चरण–2 के लिए रेवाड़ी–जेएनपीटी में गाड़ी सुरक्षा एवं चेतावनी प्रणाली की डिजायन एवं निर्माणः** 1377 किमी.एसटीपी–5ए के लिए प्रणाली ठेका रू. 609 करोड़ में दिनांक 12.08.2015 को मेसर्स आई–एन सिगनल संघ को अवार्ड किया गया था। ठेके की वर्ष 2016–17 की प्रथम तिमाही में शुरू होने की संभावना है।

3. **जेएनपीटी–वडोदरा सेक्शन (ईएमपी–16) एससीएडीए प्रणाली और ऑटो ट्रांसफॉरमर स्टेशनों, स्विचिंग स्टेशनों, आक्जीलरी स्टेशनों, ट्रैक्शन सब स्टेशन, 2X25 केवी ट्रैक्शन पावर सप्लाई प्रणाली की डिजायन, सप्लाई, इन्सटॉलेशन, टेस्टिंग और चालू करनाः** 422 किमी. ईएमपी–16 के लिए इलेक्ट्रीकल एवं यांत्रिक ठेका रू. 1213 करोड़ में दिनांक 21.01.2016 को मेसर्स सोजिट–एल एंड टी संघ को अवार्ड किया गया था। ठेका करार पर दिनांक 31.03.2016 को हस्ताक्षर किए गए। ठेका दिनांक 02.05.2016 से प्रभावी हुआ था।

चरण–।। के लिए परामर्श ठेकाः

क) **(पीएमसी–2आर) चरण– ।। (अनुमानित 557 किमी.) दादरी–रेवाड़ी एवं वडोदरा–जेएनपीटी सेक्शन के लिए अवसंरचना से संबंधित और एस एंड टी के साथ दोहरी लाइन विद्युतीकृत ट्रैक के निर्माण के लिए पीएमसी सेवाएंः**

557 किमी. के लिए पीएमसी–2आर परामर्श ठेका रू. 555 करोड़, में दिनांक 15.02.2016 को अवार्ड कर दिया गया था। ठेका करार पर दिनांक 21.03.2016 को हस्ताक्षर किए गए। ठेका दिनांक 31.03.2016 से प्रभावी हुआ था।

ख) **पूर्वी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोरः (कार्य एवं परामर्श)**

1. पूर्वी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर पैकेज–104 के भाऊपुर–खुर्जा के लिए एक डिजायन बिल्ड एक मुश्त आधार पर निर्माण के अंतर्गत दोहरी लाइन ट्रैक के संबंधित कार्यों, और 2X25 केवी ए सी 50 एचजेड विद्युतीकरण टेस्टिंग एवं चालू करना, सिगलनिंग और टेलीकम्यूनिकेशन की डिजायन, निर्माण, सप्लाई, इन्सटॉलेशन, करना। ठेका मेसर्स अल्सटॉम कान्सोरटियम को दिनांक 21.07.2015 को रू. 1497.11 करोड़ में अवार्ड कर दिया गया था। ठेका करार पर दिनांक 30.11.2015 को हस्ताक्षर किए गए।
2. मुगलसराय–न्यू भाऊपुर सेक्शन के लिए क्वालिटी और संरक्षा ऑडिट परामर्श। ठेका जेटिनसा–एस. एन. भोबे (जेवी) को दिनांक 06.07.2015 को अवार्ड कर दिया गया। परामर्श ठेका की लागत यूएसडी 1,193826.45 + रू. 134689500 है। ठेका करार पर दिनांक 18.11.2015 को हस्ताक्षर किए गए।

ग) **परिचालन एवं व्यवसाय विकास विभाग।**

1. डीएफसीसीआईएल का संस्थागत सुदृढ़ीकरण मॉडयूल (आईएसएमडी)
2 डीएफसीसीआईएल और उसके जलग्रहण क्षेत्रों (डीएमसीएसडी) के लिए मार्केटिंग और वाणिज्यिक रणनीतियों का विकास
3 भारत में हेवी हॉल क्षमता विकास (एचएचआरसीडीआई)
4 डीएफसीसीआईएल के लिए भेदभाव रहित अभिगमन के लिए परामर्श सेवाएं। (सीएसएनडीएडी)

3.2 चालू वित्तीय वर्ष 2016–2017 में अवार्ड किए गए और अवार्ड किए जाने वाले ठेकेः

क) **पश्चिमी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर (कार्य एवं परामर्श)**

वित्तीय वर्ष 2016–17 के दौरान अभी तक निम्नलिखित निविदाओं को अंतिम रूप दिया गया।

1. **वैतरणा से जेएनपीटी सेक्शन के बीच के लिए सिविल और ट्रैक पैकेज (सीटीपी–11):** वैतरणा से जेएनपीटी तक 102 किमी. के लिए सिविल ठेका सीटीपी–11 को रू. 3949 करोड़ में दिनांक 15.07.2016 को मेसर्स एक्सप्रेस फ्रेट रेलवे कान्सोरिटियम को अवार्ड किया गया।
2. **मकरपुरा–जेएनपीटी के लिए सिगनल एवं टेलीकॉम पैकेज (एसटीपी–17):** मकरपुरा से जेएनपीटी के लिए सिगनलिंग ठेका एसटीपी–17 को रू. 631 करोड़ में दिनांक 13.05.2016 को मेसर्स सोजीटिजेड–एल एंड टी संघ को अवार्ड किया गया है।

   वित्तीय वर्ष 2016–17 के दौरान निम्नलिखित निविदाओं को अंतिम रूप दिया जाना हैः
3. **रेवाड़ी–दादरी (127 किमी.) सेक्शन के बीच इन्टीग्रेटेड ठेका पैकेज (सीटीपी–14):** सीटीपी–14 (सिविल एवं ट्रैक, इलेक्ट्रीकल एवं यांत्रिक और एस एंड टी इन्टीग्रेटेड पैकेज) के लिए बोलियां प्राप्त हो गई हैं। यह आशा की जाती है कि इस पैकेज के लिए एलओए को वित्तीय वर्ष 2016–17 के द्वितीय तिमाही में जारी कर दिया जाएगा।

ख) पूर्वी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोरः (कार्य एवं परामर्श)

चालू वित्तीय वर्ष में निम्नलिखित ठेकों को अंतिम रूप दिया गयाः

1. पूर्वी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर के साथ गरवा और डेहरी ऑन सोन यार्ड किमी. 3.16 से किमी. 5.38 तक हावड़ा से सोननगर स्टेशन की ओर भारतीय रेल के सोन ब्रिज से चिरेलापाथू डीएफसी के समीप हावड़ा सिरे पर ब्लेन्किंटिग सहित एमबैंकमेंट में फॉर्मेशन, वायाडक्ट, रेल फ्लाईओवर, पुलों (बड़े, छोटे और आरयूबी) की डिजायन और निर्माण। कार्य की लागत रू. 365.22 करोड़ है। अप्रैल 2016 में अवार्ड किया गया।
2. पूर्वी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर के साथ गरवा और डेहरी ऑन सोन यार्ड किमी. 3.16 से किमी. 5.38 तक हावड़ा से सोननगर स्टेशन की ओर भारतीय रेल के सोन ब्रिज से चिरेलापाथू डीएफसी के समीप हावड़ा सिरे पर ब्लेन्किंटिग सहित एमबैंकमेंट में फॉर्मेशन, वायाडक्ट, रेल फ्लाईओवर, पुलों (बड़, छोटे और आरयूबी) की डिजायन और निर्माण के लिए पीएमसी। परामर्श की लागत रू. 8.6 करोड़ है। जून, 2016 में अवार्ड किया गया।
3. पूर्वी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर के न्यू भाऊपुर–मुगलसराय के लिए डिजायन बिल्ड एक मुश्त पर निर्माण के अंतर्गत दोहरी ट्रैक रेलवे लाइन से सबंद्व कार्यों और डिजायन, सप्लाई, निर्माण, सिगलनिंग, टेलीकम्यूनिकेशन, सीपी 203 पैकेज ठेका की टेंस्टिंग एवं चालू करना। दिनांक 24.06.2016 को बिजिंग नेशनल रेलवे रिसर्च एवं डिज़ायन इंसट्टीयूट ऑफ सिगनल एंड कम्यूनिकेशन ग्रुप कंपनी लिमिटेड, चायना को रू. 471 करोड़ में अवार्ड किया गया।
4. पूर्वी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर ठेका पैकेज सीपी 204 मुगलसराय–न्यू भाऊपुर (छोड़कर) सेक्शन के लिए डिजायन बिल्ड एक मुश्त आधार पर रेलवे लाइनों से संबंद्ध कार्यों और एसी संबंध ट्रैक्शन विद्युतीकरण, 2.25 केवी, 50 एचजेड को चालू करने और टेस्टिंग, डिजायन, सप्लाई निर्माण इन्सटॉलेशन दिनांक 03.06.2016 को एल एंड टी– इनाबेनसा जेवी को रू. 847 करोड़ में अवार्ड किया गया।
5. पूर्वी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर ठेका पैकेज 301 के साहनेवाल–पिलखनी (सिंगल लाइन के 175 रूट किमी. अनुमानित) के लिए डिजायन–बिल्ड एक मुश्त आधार पर भारतीय रेलवे के साथ वर्तमान रेलवे प्रणाली इन्टीग्रेशन, टेस्टिंग और कमीशनिंग, यार्ड, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, पुल, ट्रैक कार्यों, फॉर्मेशन पर बैलास्ट, एमबेंकमेट/कटिंग में फॉर्मेशन सहित रेलवे के लिए ट्रैक कार्यों और स्ट्रक्चर, सिविल का डिजायन और निर्माण। दिनांक 03.06.2016 को जीआईएल–टीपीएल जेवी को रू. 1769.04 करोड़ में ठेका अवार्ड किया गया।
6. पूर्वी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर ठेका पैकेज 301 के दादरी–खुर्जा (दोहरी लाइन के 46 रूट किमी. अनुमानित) के लिए डिजायन–बिल्ड एक मुश्त आधार पर भारतीय रेलवे के साथ वर्तमान रेलवे प्रणाली इन्टीग्रेशन, टेस्टिंग और कमीशनिंग, यार्ड, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, पुल, ट्रैक कार्यों, फॉर्मेशन पर बैलास्ट, एमबेंकमेट/कटिंग में फॉर्मेशन सहित रेलवे के लिए ट्रैक कार्यों और स्ट्रक्चर, सिविल का डिजायन और निर्माण। जीआईएल–टीपीएल जेवी को रू. 511.3 करोड़ में ठेका अवार्ड किया गया।

चालू वित्तीय वर्ष के दौरान निम्नलिखित ठेकों को अंतिम रूप दिया जाना हैः

7. पिलखनी–साहनेवाल सेक्शन के लिए परियोजना प्रबंधन परामर्श सेवाएं, **अगस्त, 2016 में अवार्ड किए जाने की संभावना है।**
8. खुर्जा–दादरी सेक्शन के लिए परियोजना प्रबंधन परामर्श सेवांए। **अगस्त, 2016 में अवार्ड किए जाने की संभावना है।**

9. खुर्जा–साहनेवाल और खुर्जा –दादरी सेक्शन के लिए क्वालिटी और सुरक्षा ऑडिट परामर्श सेवाएं। **नवम्वर, 2016 में अवार्ड किए जाने की संभावना है।**

10. खुर्जा–पिलखनी सेक्शन के लिए परियोजना प्रबंधन परामर्श सेवाएं। **जनवरी, 2017 में अवार्ड किए जाने की संभावना है।**

11. पूर्वी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर ठेका पैकेज 303 के खुर्जा–पिलखनी (दोहरी लाइन के 225 रूट किमी. अनुमानित) के लिए डिजायन–बिल्ड एक मुश्त आधार पर भारतीय रेलवे के साथ वर्तमान रेलवे प्रणाली इन्टीग्रेशन, टेस्टिंग और कमीशनिंग, यार्ड, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, पुल, ट्रैक कार्यों, फॉर्मेशन पर बैलास्ट, एमबेंकमेट/कटिंग में फॉर्मेशन सहित रेलवे के लिए ट्रैक कार्यों और स्ट्रक्चर, सिविल का डिजायन और निर्माण। **मार्च 2017 में अवार्ड किए जाने की संभावना है।**

12. दुर्गावती–मुगलसराय और न्यू करवन्दिया–न्यू सोननगर/चिरेलापाथू के बीच ट्रैक संबंधित कार्यों और ट्रैक का निर्माण और डिजायन। **दिसबर, 2016 में अवार्ड किए जाने की संभावना है।**

13. दुर्गावती–मुगलसराय और न्यू करवन्दिया–न्यू सोननगर/चिरेलापाथू के बीच प्रणाली कार्यों और ट्रैक का निर्माण और डिजायन के लिए पीएमसी। **मार्च, 2017 में अवार्ड किए जाने की संभावना है।**

14. मुगलसराय से न्यू सोननगर और चिरेलापाथू स्टेशन (न्यू करवन्दिया–न्यू दुर्गावती सेक्शन को छोड़कर) डिजायन बिल्ड एक मुश्त आधार पर दोहरी ट्रैक विद्युतीकृत रेलवे लाइन के लिए टेस्टिंग और कमीशनिंग सहित संबंद्व कार्यों और सिगनल एवं टेलीकम्यूनिकेशन, 2X25 केवी विद्युतीकरण का इन्सटॉलेशन, निर्माण सप्लाई, डिजायन। **मार्च, 2017 में अवार्ड किए जाने की संभावना है।**

3.3 ठेकों की भौतिक प्रगति

3.3.1. पश्चिमी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर

क) कार्य ठेकेः जायका के द्वारा वित्त पोषित

- **पश्चिमी डीएफसी चरण–I**

1. रेवाड़ी–इकबालगढ़ सेक्शन (सीटीपी–1 एवं 2) के लिए सिविल ट्रैक पैकेजः

- अगस्त, 2013 में ठेका अनुमानितक मूल्य रू. 6699/– करोड़ में निष्पादित किया गया।
- भगेगा में कन्क्रीट स्लीपर प्लान्ट चालू किया गया और अनुमानित 2,00,000 स्लीपरों का निर्माण किया गया।
- लगभग 36.11 प्रतिशत भौतिक प्रगति और 26.8 वित्तीय प्रगति प्राप्त की गई।
- 54 प्रतिशत मिटट्ी का कार्य पूरा कर लिया गया है।
- 8 महत्वपूर्ण, 71 बड़े, 381 छोटे पुलों, 2 आर एफ ओ एवं 147 आर यू बी का कार्य प्रगति पर है। 156 छोटे पुलों को पूरा कर लिया गया है।
- जापान से 593.33 टीकेएम (71200एमटी) ईएन60ई1 1080 एचएच रेलों को आयात/प्रापण किया गया है।
- 20.4 टीकेएम ट्रैक को लिंक किया गया है।

रेनवाल वायाडक्ट पर सीटीपी–1 एवं 2 का कार्य प्रगति पर है।

पश्चिमी डीएफसी– बड़ा पुला नं.203 का कार्य प्रगति पर है।

एनटीसी मशीन के साथ ट्रैक बिछाने का कार्य प्रगति पर है।

2. माही एवं साबरमती (सीटीपी–3ए (आर) नदियों पर विशेष स्टील पुल

- स्वीकृत पत्र दिनांक 26.08.2014 को जारी कर दिया गया था और दिनांक 20.11.2014 को कार्य प्रांरभ कर दिया गया। कार्य में माही नदी पर 585 मीटर लंबे पुलों और साबरमती नदी पर 536 मीटर लंबे पुलों का निर्माण और डिजायन शामिल है।
- दोनों पुलों के लिए मिट्टी की जांच और हाइड्रोलोजीकल अध्ययन पूरा कर लिया गया हैं।
- डिजायन और ड्राइंग को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उप–ढांचा और सुपर स्ट्रक्चर के फेब्रीकेशन का कार्य शीघ्र प्रांरभ किया जाएगा।
- प्रत्येक पुल के सात कुंओ पर निर्माण कार्य प्रांरभ कर दिया गया है। लगभग 7% भौतिक प्रगति और 12% प्रतिशत वित्तीय प्रगति प्राप्त कर ली गई है।

3. पश्चिमी डीएफसी चरण–1 (ईएमपी–4) के विद्युत और यांत्रिक कार्यः

जमीन प्रतिरोधकता कार्यों की साइट की जांच और माप का कार्य प्रगति पर है। प्रारंभिक डिजायन, ओएचई सिमूलेशन अध्ययन ट्रांसफर रेंटिंग को अंतिम रूप दिए जाने का कार्य प्रगति पर है।

4. रेवाड़ी–वडोदरा(एस टी पी–5) के लिए सिगनलिंग और टेलीकम्यूनिकेशन कार्यः

डॉक्यूमेंन्टेशन और डिजायन कार्य प्रगति पर हैं।

- **पश्चिमी डीएफसी चरण–II**

1. **वैतरणा–सचिन सेक्शन (सीटीपी–12) और सचिन–वडोदरा सेक्शन (सीटीपी–13) के लिए सिविल और ट्रैक पेकेजः**
   - ठेका अगस्त, 2015 पर निष्पादित किया गया और कार्य 15.10.2015 को प्रांरभ किया गया। कार्य में 186 किमी. लम्बे वैतरणा–सचिन और 133 किमी. लम्बे सचिन–वडोदरा सेक्शन का सिविल और ट्रैक का निर्माण और डिजायन सम्मिलित है।
   - सर्वेक्षण सहित डाटा साइट का सत्यापन, मिट्टी की जांच और हाइड्रोलोजिकल अध्ययन का कार्य प्रगति पर है। डिजायन का कार्य भी प्रगति पर है।

2. **विशेष स्टील पुल पैकेज (सीटीपी–15ए, सीटीपी–15बी और सीटीपी–15 सी)**
   - सभी तीन ठेकों की स्वीकृति के पत्र दिनांक 03.06.2015 को जारी कर दिए गए थे।
   - अगस्त, 2015 में ठेको को अनुमानित मूल्य पर निष्पादित किया गयाः
   - सीटीपी– 15 ए के लिए– रू. 518 करोड़
   - सीटीपी–15 बी के लिए– रू. 331 करोड़
   - सीटीपी–15 सी के लिए – रू. 214 करोड़
   - सभी तीनों पर कार्य 15.10.2015 से प्रांरभ किया गया। जेएनपीटी–वडोदरा और रेवाड़ी–दादरी सेक्शन के विशेष स्टील पुल कार्य का निर्माण और डिजायन कार्य सम्मिलित है।
   - मिट्टी जांच सहित साइट डाटा के सत्यापन और हाइड्रोलोजिकल अध्ययन का कार्य प्रगति पर है। डिजायन का कार्य भी प्रगति पर है।

ख) परामर्श ठेकेः जायका के द्वारा वित्त पोषित

1. **पश्चिमी डीएफसी चरण–1 के लिए परियोजना प्रबंधन परामर्श (रेवाड़ी–वड़ोदरा)**
   - फरवरी 2014 में निप्पन कोएई, जापान के नेतृत्व वाले संघ को पीएमसी ठेका दे दिया गया है।
   - इस कार्य के क्षेत्र में डिजायन, निर्माण और चालू के चरण के द्वारा 920 किमी.लम्बे पश्चिमी डीएफसी चरण–1 के कार्यान्वयन में डीएफसीसीआईएल का सहयोग करना शामिल है। पश्चिमी डीएफसी चरण–1 के ठेकों में डिजायन–लम्प–सम में इंजीनियर के रूप में पीएमसी की भूमिका होगी।
   - मार्च 2014 में ठेका निष्पादित किया गया और सीटीपी–1 एवं 2, सीटीपी–3(आर), सीटीपी–3ए (आर), ईएमपी–4 एवं एसटीपी–5, एसटीपी–5ए के ठेकों के कार्य प्रगति पर है।

2. **पश्चिमी डीएफसी चरण–2 के लिए परियोजना प्रबंधन परामर्श (दादरी–रेवाड़ी और वडोदरा– जेएनपीटी):**
   - 15 फरवरी 2016 में ओरियेन्टल कंसलटेंट ग्लोबल कंपनी लिमिटेड जापान के नेतृत्व वाले संघ को ठेका दे दिया गया था।
   - इस कार्य के क्षेत्र में डिजायन, निर्माण और चालू के चरण के द्वारा 557 किमी. लम्बे पश्चिमी डीएफसी चरण–2 के कार्यान्वयन में डीएफसीसीआईएल का सहयोग करना शामिल है। पश्चिमी डीएफसी चरण–2 के ठेकों में डिजायन–एक मुश्त में इंजीनियर के रूप में पीएमसी की भूमिका होगी।
   - मार्च 2016 में ठेका निष्पादित किया गया और सीटीपी–11 सीटीपी–12, सीटीपी–13, सीटीपी–14, सीटीपी–15ए, सीटीपी–15बी, सीटीपी–15सी, ईएमपी–16 एवं एसटीपी–5ए और एसटीपी–17 के ठेकों के कार्य प्रगति पर है।

3. **रेवाड़ी–वडोदरा सेक्शन चरण–1 के लिए इंजीनियरिंग सेवाएं परामर्श**

जापान के नेतृत्व वाले निप्पन कोएई, संघ को ठेका दिया गया था। कार्य में योजना, इंजीनियरिंग डिजायन और पश्चिमी डीएफसी चरण– । के लिए प्रापण के लिए परामर्श शामिल है। जैसे प्रापण प्रक्रिया अभी तक चल रही है, अवधि को 30 जून, 2016 तक बढ़ा दिया गया है। लंबित ठेका हैं:

- रेल मंत्रालय द्वारा निष्पादित रोलिंग स्टॉक पैकेज (आरएस–7) के प्रापण के लिए बोलियों को 30 जून, 2015 तक प्राप्त किया गया है। वित्तीय बोली को 6 अक्टूबर, 2015 को खोला गया।

4. **वडोदरा–जेएनपीटी और रेवाड़ी–दादरी पश्चिमी डीएफसी चरण–2 के लिए इंजीनियरिंग सेवाएं परामर्श**

जापान के नेतृत्व वाले निप्पन कोएई संघ को ठेका दिया गया था। कार्य में योजना, इंजीनियरिंग डिजायन और पश्चिमी डीएफसी चरण–II के लिए प्रापण के लिए परामर्श शामिल है। जैसे प्रापण प्रक्रिया अभी तक चल रही है, अवधि को 30 जून, 2017 तक बढ़ा दिया गया है। रेवाड़ी–दादरी सेक्शन में सिविल और ट्रैक पैकेज –14 का कार्य प्रगति पर है, अर्थात केवल पैकेज के लिए प्रापण को छोड़ा गया है।

ग) कार्य ठेके: इक्विटी फंडड

1. महाराष्ट्र और गुजरात राज्यों में वसई–भरूच सेक्शन पर वैतरणा और उतरन (अनुमानित 200 किमी.) के बीच 54 बड़े और महत्वपूर्ण पुलों के डिजायन और निर्माण के लिए लम्प सम आधार पर ठेका अवार्ड कर दिया गया है। (ठेका करार सं.एचक्यू/ईएन/डल्लयूसी/ब्रिज/डीएंडबी/1/सोमा दिनांक 17.03.2009)

- कार्य में 46 बड़े और 8 महत्वपूर्ण पुलों, पाइल फाउन्डेशन पर 29 पुलों और ओपन फाउन्डेशन पर 25 पुलों की डिजायन एवं निर्माण शामिल है।
- 26 मुख्य पुलों का निर्माण पहले ही पूरा किया जा चुका है। वर्तमान प्रगति 71% है। कार्य को संशोधित लागत रू. 667.81 करोड़ के साथ दिनांक 15.06.2015 को पूरा किया जाना था लेकिन पार्टीयों के साथ विवाद उत्पन्न हो गया था। आर्बीट्रेशन ट्रिब्यूनल द्वारा घोषित अवार्ड को माननीय उच्च न्यायालय दिल्ली में चुनौती दी गई है। आगे परिणाम के आने पर कार्रवाई की जाएगी।

घ) परामर्श ठेके: इक्विटी फंडड

वैतरणा और उतरन (अनुमानित 200 किमी.) के बीच (54 बड़े और महत्वपूर्ण पुलों के निर्माण और डिजायन के लिए परियोजना प्रबंधन परामर्श): ठेका करार (ठेका करार सं.एचक्यू/ईएन/डल्लयूसी/ब्रिज/पीएमसी/1/स्पान दिनांक 12.06.2009 निष्पादित किया गया था) ठेके की करेंशी को दिनांक 14.06.2016 तक बढाया गया है और कार्य प्रगति पर है।

3.3.2 पूर्वी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर

क) कार्य ठेके: इंक्विटी फंडड (मुगलसराय–न्यू सोननगर/चिरेलापाथू सेक्शन)

1. मुगलसराय–सोननगर सेक्शन पर (अनुमानित 105 किमी.) न्यू करवन्दिया से न्यू गंज ख्वाजा तक आरयूबी, आरओबी, छोटे पुलों, बड़े पुलों ब्लैन्किटिंग सहित **फॉर्मेशन की डिजायन एवं निर्माण।**

- न्यू करवन्दिया से दुर्गावती स्टेशनों के बीच मिट्टी का कार्य एवं पुलों का भौतिक कार्य पूरा कर लिया गया है।
- दुर्गावती–गंजख्वाजा सेक्शन में मिट्टी का कार्य प्रगति पर है।

बासा गांव में कार्य का प्रांरभ किया गया है: रोहताश जिले के बासा गांव में पिछले पांच वर्षों से परियोजना प्रभावित व्यक्तियों एवं कोर्ट केस के कारण अनुमानित 260 मीटर के स्ट्रेच में कार्य रूका हुआ था। कोर्ट

केस के बंद होने के बाद भी, परियोजना प्रभावित व्यक्तियों ने कार्य शुरू करने की अनुमति नहीं दी थी। मामले को जिला प्रशासन के समक्ष उठाया गया, अनुमानित 60 महिला पुलिस सहित 140 पुलिसवालों को तैनात कर संपूर्ण स्ट्रेच में मिट्टी के कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

2. मुगलसराय–सोननगर सेक्शन पर अनुमानित 66 किमी. न्यू करवन्दिया से (रेलवे किमी. 564) से दुर्गावती तक (रेलवे किमी. 630) को चालू करना और उसकी जांच और ट्रैक का निर्माण और ट्रैक संबधित कार्यों की डिजायन, प्रापण।

- दुर्गावती–सासाराम के बीच न्यू ट्रैक निर्माण (एनटीसी) मशीन के द्वारा ट्रैक बिछा कर तैयार कर दिया गया है। दोनों डीएफसीसीआईएल ट्रैक के ओएचई दिनांक 06.02.2016 को आईआर के कुद्रा टीएसएस से 25 केवी एसी बिजली द्वारा सफलतापूर्वक चार्ज किये गये।
- प्रथम मालगाड़ी दिनांक 30.03.2015 को डाउन–लाइन पर तथा दिनांक 03.06.2016 को अप–लाइन पर ट्रायल के रूप में चलाया गया।
- सासाराम–करवन्दिया सेक्शन के बीच ट्रैक लिंकिग का कार्य प्रगति पर है।

मुगलसराय–सोननगर सेक्शन में कंटेट टर्नआउट बिछाने का कार्य

मुगलसराय–सोननगर सेक्शन में कुद्रा नदी पर पुल

दुर्गावती–सासाराम सेक्शन में प्रथम मालगाड़ी का परिचालन

3. **सोन नदी पर महत्वपूर्ण पुल** (अनुमानित लंबाई 3.06 किमी.), सोननगर (549 किमी. रेलवे) ओर डेहरी–ऑन–सोन (किमी. 554 रेलवे) के बीच डिजायन और निर्माण उन्नत चरण में है। पीएससी गर्डरस की लांचिग प्रगति पर है। जुलाई 2016 तक कुल प्रगति लगभग 80% है।

4. **गंजख्वाजा के निकट रेल फ्लाईओवर का निर्माण और डिजायन,** डेहरी–ऑन–सोन मुगलसराय के बीच ब्लैन्किटिंग सहित एमबैकमेन्ट/कटिंग, (बड़े, छोटे एवं आरयूबी) पुलों में फॉर्मेशनः करवन्दिया–डेहरी–ऑन–सोन सेक्शन में मिट्टी का कार्य ओर पुलों का कार्य प्रगति पर है।

ख) परामर्श ठेकेः इक्विटी फंडड (मुगलसराय–सोननगर सेक्शन)

1. फार्मेशन के निर्माण की सुविधा के लिए चैनेज 14.108 किमी. (न्यू करवन्दिया के निकट) से चैनेज 119.437 किमी. (गंजख्वाजा के निकट) (अनुमानित 105 किमी): **परियोजना प्रबंधन परामर्श सेवाएंः** सिविल कार्य के निष्पादन के लिए पीएमसी कार्य प्रगति पर है।
2. न्यू करवन्दिया (रेलवे किमी. 564) से दुर्गावती (रेलवे किमी.630) अनुमानित 66 किमी. के लिए ट्रैक, सिगनल और टेलीकॉम कार्यो, ट्रैक्शन पावर सप्लाई, एससीएडीए, ओएचई और सामान्य विद्युत कार्यों डिजायन एवं निर्माण के लिए **परियोजना प्रबंधन परामर्शः** ट्रैक और सिस्टम कार्यों के लिए कार्य प्रगति पर है।
3. **सोन नदी के ऊपर महत्वपूर्ण पुल (अनुमानित लंबाई 3.06 किमी.) और गंजख्वाजा के निकट रेल फ्लाई ओवर के** निर्माण और डिजायन के लिए परियोजना प्रबंधन सेवाएंः उपरोक्त के लिए पीएमसी कार्य प्रगति पर है।

ग) कार्य ठेकेः विश्व बैंक फंडड (लुधियाना–मुगलसराय एवं खुर्जा–दादरी)

1. **भाऊपुर–खुर्जा सेक्शन (एलओटी–101,102 और 103) के लिए सिविल, ढांचागत और ट्रैक कार्य (सीएसटी)**
   - मेसर्स टाटा एल्डेसा (जेवी) को तीन पैकेज में निविदा दी गई और मार्च 2013 के दौरान अनुमानित कुल लागत रू. 3267.00 करोड़ के ठेका करार पर हस्ताक्षर किए गए। सभी तीन ठेका पैकेज में कार्य प्रगति पर है।
   - लगभग 59% भौतिक प्रगति और 47% वित्तीय प्रगति हासिल की गई।
   - अभी तक 78% मिट्टी का कार्य पूरा किया गया है। 265 किमी. के एमबैंकमेंट का आधी ऊंचाई (एच/2), 240 किमी. पूरी ऊंचाई और 192 किमी. के ब्लेन्कट का निर्माण कर पूरा किया गया है।
   - रेल फ्लाई ओवर की प्रगति 45% और बड़े पुलों की 62% थी। 15 बड़े पुलों में से 04 बड़े पुलों का सुपर स्ट्रक्चर पूरा हो गया है और 9 बड़े पुल कार्यों सब स्ट्रक्चर स्तर तक आ गया है।

- छोटे पुलों की प्रगति 70% रही है और 152 में से 81 छोटे आयूबी और 243 छोटे पुलों का कार्य पूरा कर लिया गया है।
- भदान, मैधा और दाउदखान में अस्थाई डिपों को स्थापित किया गया है। नई ट्रैक बिछाने की मशीन कार्य कर रही है ओर 150 किमी का ट्रैक लिकिंग का कार्य पूरा हो गया है।
- पीएमसी द्वारा टर्नआउट की लेआउट केंटेड टेनजेन्टीयल 12 में 1 की डिजायन अनुमोदित कर दी गई है, आईआईटी चेन्नई द्वारा मान्य और प्रोटो टाइप का अनुमोदन किया जाना है।

पूर्वी डीएफसी–1 एनटीसी मशीन द्वारा ट्रैक विछाने का कार्य प्रगति पर है।

पूर्वी डीएफसी–1 हाथरस रोड ब्रिज पर स्टील ग्राईडर के इरेक्षन का कार्य प्रगति पर है।

पूर्वी डीएफसी–1 बड़े पुल का कार्य प्रगति पर है।

आरओबी चैनेज–618

2. **मुगलसराय–न्यू भाऊपुर सेक्शन (सीपी 201 एवं 202) के लिए सिविल, ढांचागत और ट्रैक कार्यः** मार्च 2015 में मेसर्स जीएमआर–एसईएल (जेवी) को ठेका एवार्ड किया गया और मई 2015 के दौरान ठेका प्रांरभ हो गया है। ठेकेदार ने श्रमशक्ति और मशीनरी जुटा दिए हैं।
   - जियोटेक्नीकल जांचों का कार्य पूरा कर लिया गया है।
   - ठेकेदार को सीपी–201 तक 95% और सीपी–202 में 96% भूमि को सौंपने का कार्य पूरा कर दिया गया है।
   - दोनों पैकेजों में फील्ड लेबोरेटरीज स्थापित की गई हैं।
   - पहारा और रामवा पर अस्थायी डिपो स्थापित किया गया है।
   - 80% संरेखण डिजायन को पूरा कर लिया गया है।

- दोनों पैकेज में मिट्टी का कार्य प्रगति पर है।
- पुल की डिजायन और ड्राइंग को अंतिम रूप दिया जा रहा है।
- छोटे पुलों और आरयूबी का कार्य प्रगति पर है।
- स्लीपरों का प्रापण शुरू कर दिया गया है। 25000 स्लीपरों को प्रापण कर लिया गया है।
- यमुना और टोन्स नदी पर महत्वपूर्ण पुलों का सामान्य करार को अंतिम रूप दे दिया गया है। विस्तृत डिजायन प्रगति पर है।
- मोबिलाइजेशन अग्रिम सहित वित्तीय प्रगति 12% है।

मिर्जापुर डिटूर पर मिटटी का कार्य

मिटटी का संघनन

घ) परामर्श ठेका: विश्व बैंक फंडड

1. पूर्वी डीएफसी–1 के लिए परियोजना प्रबंधन परामर्श (भाऊपुर–खुर्जा)

- मेसर्स साई–टिपसा संघ को ठेका एवार्ड कर दिया गया है और अक्टूबर 2013 के दौरान ठेके पर हस्ताक्षर हो गए थे।
- इन सेवाओं में डिजायन, निर्माण, जांच और चालू करने के स्तरों के माध्यम से प्रणाली ठेके और सीएसटी कार्यान्वयन शामिल है। पूर्वी डीएफसी–1 के लिए ठेके का डिजायन–बिल्ड–लम्प सम के प्रबंध में पीएमसी इंजीनियर की भूमिका रहेगी।
- वर्तमान में एवार्ड किए गए सिविल ठेका मेसर्स टाटा–एल्डेसा(जेवी) और प्रणाली ठेका के कार्यान्वयन की सेवाएं प्रगति पर है।

2. पूर्वी डीएफसी–2 के लिए परियोजना प्रबंधन परामर्श (न्यू भाऊपुर– मुगलसराय)

- मेसर्स सिस्ट्र–मोट संघ को ठेका एवार्ड किया गया और ठेका करार पर जून– 2015 के दौरान हस्ताक्षर हुए।
- परामर्श सेवाएं 01 जुलाई 2015 से प्रांरभ हो गई हैं।
- इन सेवाओं में दिन प्रतिदिन आधार पर ठेकेदार की निष्पादन प्रणाली और सीएसटी के सुप्रीनटेंडेस सहित विशेष रूप से सामग्री/निर्माण की गुणवत्ता, कार्ययोजना और अनुमोदित कार्यप्रणाली के अनुसार कार्य का निष्पादन, कार्य स्थल सुरक्षा, पर्यावरणीय कमी की योजना का कार्यान्वयन, कार्य का निरीक्षण एवं स्वीकृति, रिकार्ड कीपिंग, सीएसटी और प्रणाली ठेकों के अनुसार टेस्टिंग ओर चालू करना शामिल है।

- निर्धारित प्रावधानों को लागू करने ओर परियोजना के संविदात्मक मुद्दों और पर्यावरणीय, गुणवत्ता की सतत निगरानी के लिए पीएमसी टीम को स्थापित किया गया है।

3. **पूर्वी डीएफसी–1 के लिए क्यूएसएसी सेवाएं (भाऊपुर–खुर्जा सेक्शन)**

- पूर्वी डीएफसी–1 के लिए क्यूएसएसी सेवा मेसर्स मॉट मेकडोनाल्ड लिमिटेड और मॉट मेकेडोनाल्ड प्रा.लि. (जेवी) का अवार्ड कर दी गई है।
- परामर्श सेवा दिनांक 06.05.2014 से प्रांरभ हो गई है।
- इस परामर्श ठेके का उद्देश्य है कि निर्माण के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं के कार्यान्वयन और परियोजना के अंतर्गत ढांचागत निर्माण और कार्य की गुणवत्ता की आडिटिंग और स्वतंत्र निगरानी को प्राप्त करना है।
- ठेका कार्यान्वयन और वांछित परिणाम और कार्यान्वयन को प्राप्त करने में कमी और जटिलताओं को बाहर लाने के लिए क्यूएसएसी को लाया गया।

4. **पूर्वी डीएफसी–2 के लिए क्यूएसएसी सेवाएं (मुगलसराय–न्यू भाऊपुर)**

- क्यूएसएसी ठेका मेसर्स जेटिनसा–पायमा एंड एसएनबीएपीएल (जेवी) को अवार्ड किया गया है और ठेका करार पर नवम्बर 2015 में हस्ताक्षर किए गए।
- परियोजना में परामर्शदाता द्वारा क्यूएसएसी टीम को लगाया गया है।

3.3.3 परिचालन एवं व्यवसाय विकास विभाग

डीएफसी के चालू होने से त्वरित और विश्वसनीय सेवाओं की सुविधाएं, उद्योगों के विकास के लिए अपव्ययी रसद विकल्प को प्रोत्साहन देकर मालभाड़ा के परिदृश्य में एक क्रांतिकारी बदलाव होगा। डीएफसी के उपस्थिति मुख्य रूप से सड़क द्वारा जाने वाले यातायात को रेल में स्थानान्तरित करना और उपयोगकर्ताओं को वेयरहाउस सुविधाओं सहित सहयोग देकर कुशल और प्रभावी लागत से संपूर्ण मालभाड़ा परिवहन में रेलवे की हिस्सेदारी को बढ़ाना है। इसे प्राप्त करने के लिए उपयुक्त टर्मिनलों का प्राथमिक विकास अपेक्षित है। टर्मिनल रेल यातायात को हेंडल करने के साथ उन्हें सड़क यातायात को रेल की ओर डायवर्जन के लिए लोजिस्टिक सहयोग उपलब्ध कराना होगा।

डीएफसी नेटवर्क पर प्राइवेट फ्रेट टर्मिनलों के विकास को बढ़ाने के के लिए एक प्राइवेट फ्रेट टर्मिनल (पीएफटी) नीति को जारी किया गया हे। यह नीति पीएफसी (प्राइवेट फ्रेट टर्मिनल) के विकास को सुविधानजक बनाने के लिए प्राइवेट संस्थाओं की सहभागिता के साथ टर्मिनल विकास के क्षेत्र को खोलकर विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करेगी। डीएफसीसीआईएल की पीएफटी नीति ग्राहकों को उचित दिशा निर्देश के लिए विभिन्न स्तरों पर अनुमोदन कर विशिष्ट समय शिड्यूल्ड, व्यापक प्रक्रियाओ आदि को जोड़ने का कार्य करेगी। प्राइवेट फ्रेट टर्मिनल से यह भी आशा की जाती है कि इच्छुक लोजिस्टिक प्लेयर्स विविध उपयोगकर्ताओं के समूह से रेल से जुड़ेगें।

उनकी संबंधित भूमि के माध्यम से मल्टी मॉडल लोजिस्टिग पार्क्स (एमएमएलपीएस) के संयुक्त विकास के संबंध में इच्छुक राज्य सरकार/संस्थाओं का ध्यान आकर्षित करने के लिए कदम उठाएं गए हैं।

इसके अतिरिक्त व्यापार विकास के लिए, ट्रैक एक्सेस प्रभारों को निर्धारित करने, संस्थागत सुदृढ़ आदि करने के लिए विश्व बैंक के तकनीकी सहायता (टीए) के अंतर्गत निम्नलिखित परामर्श अध्ययन को भी लगाया गया है।

i **डीएफसीसीआईएल और उसके जल भराव क्षेत्रों के लिए वाणिज्यिक रणनीतियों और मार्केटिंग विकास (डीएमसीएसडी)**

नॉन–कॉन्वेशनल यातायात के लिए प्रणाली विकास और आगे की रणनीति का अध्ययन कर तैयार

किया जाएगा। मालभाड़ा यातायात मार्केट में रेलवे के लिए उच्च मॉडल हिस्सेदारी को प्राप्त करके और परियोजना के लिए अधिकाशतः वाणिज्यिक मूल्य का ढांचा नीति को शामिल कर वाणिज्यिक रणनीतियों और दीर्घकालीन अवधि की मार्केटिंग का विकास करना इसका मुख्य उद्देश्य है। यह परिचालनिक रणनीति, लोजिस्टिक पार्क और फ्रेट टर्मिनलों, प्रस्तावित अवसंरचना सहित भारतीय रेलवे और डीएफसीसीआईएल के रौलिंग स्टॉक के विशेष उद्देश्य के अधिश्ठापन को ध्यान में रखकर दोनों कोरीडोर्स में जलभराव में यातायात को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे के रूटों को मुख्य रूप से कवर करते हुए बनाया जा रहा है। क) 2030 तक डीएफसी पर विभिन्न होरीजन वर्षों के लिए पूर्वानुमान मांग जो कि सेकेण्डरी डॉटा द्वारा समर्पित है जैसा लागू हो, ख) डीएफसीसीआईएल की लाभप्रदता को बढ़ाने को ध्यान रखते हुए अंतर्राष्ट्रीय मालभाड़ा बाजार के अनुभवों का प्रयोग करते हुए रेल के मॉडल हिस्सेदारी को बढ़ाने के लिए डीएफसीसीआईएल के जलभराव क्षेत्रों में अतिरिक्त मालभाड़ा की क्षमता की पहचान करना, ग) रेलवे के पक्ष में यातायात को स्थानान्तरित कर मॉडल को प्रोत्साहित करने के लिए मूल्य रणनीति ओर लागत का विकास करना, घ) सम्बन्ध वाणिज्यिक मुद्दों अैर परिचालनिक व्यावहार्यता को ध्यान में रखते हुए वर्तमान रेलवे नेटवर्क को ऐम्बीडेडेट फीडर रूटों को शामिल करते हुए संभावित हेवी हॉल डीएफसी नेटवर्क, ड) इसी के लिए वित्तीय औचित्य के साथ मुख्य तकनीकी पैरामीटरों और चयनित पदार्थों के लिए विशेष उद्देश्य वेगन की आवश्यकता की पहचान च) अवसंरचना और सेवाओं में बढोत्तरी, सेवा गुणवत्ता, गति, गाड़ियों की लंबाई को शामिल करते हुए परिचालनिक मानकों और परिचालिक पैरामीटर में सुधार करना। कवर किए जाने वाले क्षेत्रों और प्रदेय के विस्तृत योजना को शामिल करने की स्थापना रिपोर्ट को मंजूरी दे दी गई है। परामर्शदाताओं ने मुख्य विषय रिपोर्टों को सौंप दिया है।

ii भारत में हेवी हॉल रेल क्षमता विकास (एचएचआरसीडीआई)

हेवी हॉल रिसर्च एवं विकास कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रेलवे की तकनीकी क्षमता में बढोत्तरी कर हेवी हॉल मालभाड़ा कार्यान्वयन में की सुरक्षा में सुधार, परिवहन क्षमता, गुणवत्ता, प्रतिस्पर्धा और भारत की रेल भाड़ा परिवहन सेवाओं में हिस्सेदारी और भारत में विश्व स्तरीय हेवी हॉल रिसर्च संस्थान (एचएचआरआई) की स्थापना के लिए योजना सहित क्षमता विकास कार्यक्रम और प्रभावी और कम लागत हेवी हॉल मालभाड़ा रिसर्च के ठोस प्रस्ताव को तैयार करना होगा। इसमें हेवीहॉल ड्राइवर लागत के मुख्य क्षेत्रों की पहचान करके जैसे वेगन आवश्यक्ताओं को कम कर एक्सल लोड बढाकर उत्पादकता को बढ़ाना, धढ़ा बजन अनुपात को उच्चत्म पे, लोड, ऊर्जा बचत तकनीक, मानव संसाधन आवश्यक्ताओं में कमी ओर अपेक्षित स्किल की बढोत्तरी रिसर्च क्षमताओं ओर विकास के लिए विस्तृत कार्यक्रम बनाना शामिल होगा।

परामर्श आरंभ रिपोर्ट और ड्राफ्ट रिपोर्ट एचएचआरआई और उसके संबंधित क्षेत्रों की स्थापना के लिए किए जा रहे उपायों ओर कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं को कवर करते हुए इसे अनुमोदित किया गया है। अंतिम मसौदा रिपोर्ट को तैयार कर दिया गया है।

iii डीएफसीसीआईएल के लिए भेदभावरहित अभिगमन के लिए परामर्श सेवाएं (सीएसएनडीएडी)

इस अध्यन का उद्देश्य (I) रेल मालभाड़ा गाड़ी आपरेटरों के लिए भेदभावरहित अभिगमन उपलब्ध कराने के लिए सांस्थानिक व्यवस्था के लिए विकल्पों पर विचार (II) मालभाड़ा गाड़ी आपरेटरों के लिए भेदभावरहित अभिगमन के साथ अंतर्राष्ट्रीय अनुभव का विश्लेषण करना और प्रेक्टिकल प्रणाली (यों) के लिए सुझाव देना जो भारतीय परिदृश्य में आवेदन के लिए उपयुक्त हो (III) प्रारंभ में ट्रैक अभिगमन प्रभारों की स्थापना के लिए विस्तृत कार्यप्रणाली बनाना, और (IV) लाईसेंसिंग के लिए सांस्थानिक व्यवस्थाऐं, यातायात के नियम, क्षमता एलोकेशन और संरक्षा, ट्रैक अभिगमन प्रभारों की गणना के लिए कार्यप्रणाली सहित, को बदलने की आवश्यकता होगी।

परामर्शदाताओं ने मसौदा अंतिम रिपोर्ट द्वारा अंतर्राष्ट्रीय उदाहरण पर आधारित गैर भेदभावरहित अभिगमन प्रणालियों और नियामक ढांचा पर रिपोर्ट प्रस्तुत की है।

iv डीएफसीसीआईएल का संस्थागत सुदृढ़ीकरण मॉडयूल (आईएसएमडी)

इस मॉडयूल का प्रारंभिक उद्देश्य एमआईएस, एचआर प्रणालियों, कार्यविधि और प्रक्रियाओं, कन्ट्रोल प्रणाली, संगठनात्मक ढांचा और प्रबंधन की समीक्षा और ढांचागत सेवाओं को वाणिज्यिक उन्मुख प्रदाता बनाने के लिए डीएफसीसीआईएल को सिफारिशों को देना है। मॉडयूल क्षमता निर्माण, स्किल विकास, संगठन के ऐसे क्षेत्रों में प्रणाली सुधार और रि–इंजीनियरिंग प्रक्रिया ओर कंपनी के कॉर्पोरेट गवरनेंस प्रबंधन और संगठन ढांचा, मानव संसाधन योजना और विकास, कर्मचारी प्रशिक्षण/अध्यन दौरे, वित्तीय प्रबंधन, सामाजिक और पर्यावरणीय प्रणालियों, गवरनेंस प्रणालियों आदि की समीक्षा और सिफारिश करेगा।

विस्तृत कार्य योजना और उद्देश्यों को समाहित करते हुए आरंभिक रिपोर्ट को अनुमोदित कर दिया गया है।

3.4 भूमि अधिग्रहण की स्थिति

डीएफसी संरेखण 09 राज्यों और 66 जिलों से होकर निकलेगा। पूर्वी कोरीडोर पर, डीएफसी संरेखण दानकुनी से लुधियाना तक पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब राज्यों से गुजरेगा। पश्चिमी कोरीडोर उत्तर प्रदेश में दादरी से वाया हरियाणा, राजस्थान, गुजरात से जेएनपीटी महाराष्ट्र तक दूरी तय करेगा।

संरेखण में अधिक जनसंख्या क्षेत्र और ढांचागत गिरने को ध्यान में रखते हुए, खुर्जा–पिलखनी सेक्शन में मेरठ, मुजफ्फरनगर और हापुड पर समान्तर से डिटूर तक संरेखण में बदलाव किया गया था। पश्चिमी डीएफसी में भूमि की आवश्यकता में बढ़ोत्तरी के कारण, 3360 किमी. से अधिक के लिए भूमि की कुल आवश्यकता बढ़कर 11539 से 11672 हेक्टेयर हो गयी है। इसमें 9760 हेक्टेयर प्राइवेट भूमि है तथा शेष सरकारी भूमि है। पूर्वी डीएफसी पर, (सोननगर–दानकुनी में 1002 हेक्टेयर के क्षेत्र को शामिल करते हुए 538 किमी के रूट को छोड़कर) लगभग 4495 हेक्टेयर क्षेत्र के साथ 1318 किमी लंबाई में फैले क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण के लिए है। (सोननगर–दानकुनी को छोड़कर जो कि 538 किमी. रूट को कवर करते हुए 1178 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है) पश्चिमी डीएफसी, यह लगभग 6000 हेक्टेयर के क्षेत्र में 1504 किमी. लंबाई में फैला हुआ है। विशेष रेल परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण रेल संशोधन अधिनियम 2008 (आरएए 2008) द्वारा शासित है।

(सोननगर–दानकुनी सेक्शन को छोड़कर) दिनांक 31.03.2016 तक भूमि अधिग्रहण की प्रगति लगभग 89.8% और कुल प्रगति 85% हो चुकी है।

3.5 दानकुनी–सोननगर पीपीपी परियोजना

डीएफसी नेटवर्क के साथ देश के पूर्वी भाग में स्थित उद्योगों और बन्द्रगाहों को सुविधाजनक रूप से जोड़ने के लिए पूर्वी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर के महत्वपूर्ण पूर्वी छोर के रूप में दानकुनी–सोननगर (540 किमी.) सेक्शन डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर (डीएफसी) के निर्माण का निर्णय लिया गया है। आगे वित्त पोषण के वैकल्पिक मोड के लाभ के लिए, इस परियोजना को डिजायन, बिल्ड, वित्त, अनुरक्षण और स्थानान्तरण (डीबीएफएमटी) मॉडल का प्रयोग कर पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के माध्यम से निष्पादन करने की योजना बनाई गई है। यह परियोजना दो चरणों में विकसित की जा रही है

जो हैं, दानकुनी–गोमोह सेक्शन (282.2 किमी.) चरण–1 के रूप में और गोमोह–सोननगर सेक्शन (256.58 किमी.) चरण–2 के रूप में। योजना आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशो के अनुसार विभिन्न सलाहकारों जैसे तकनीकी, लीगल, वित्तीय सलाहकार एवं लेनदेन सलाहकार और रियायत सलाहकार की नियुक्ति की गई है। परियोजना के लिए की गई गतिविधियों का विवरण निम्नानुसार है:

1. परियोजना अनुमानित लागत

दानकुनी–सोननगर सेक्शन की लागत रू. 10,100 करोड़ अनुमानित की गई हैं।

2. भूमि अधिग्रहण

भूमि अधिग्रहण की चरणवार स्थिति निम्नानुसार है:

विवरण		भूमि अधिग्रहण सेक्शन		
		20 ए	20 ई	20 एफ
दानकुनी–गोमोह सेक्शन (282.2 किमी.) चरण–1	कुल आवश्यकता	522.17 हेक्टेयर	522.17 हेक्टेयर	522.17 हेक्टेयर
	मार्च–2016 तक प्रगति	522.17 हेक्टेयर (100%)	492.68 हेक्टेयर (94.35%)	349.34 हेक्टेयर (66.90%)
गोमोह–सोननगर सेक्शन (256.58 किमी.) चरण–2	कुल आवश्यकता	655.43 हेक्टेयर	655.43 हेक्टेयर	655.43 हेक्टेयर
	मार्च–2016 तक प्रगति	649.96 हेक्टेयर (99.16%)	318.02 हेक्टेयर (48.42%)	152.32 हेक्टेयर (23.23%)

हुगली जिले के सिंगूर के बलरामवती मौजा, वर्धमान जिले के शक्तिगढ़, मंकर, अंदल और कुल्टी, पश्चिम बंगाल और बिहार में गया डिटूर ग्रामों को छोड़कर जहां परियोजना प्रभावित व्यक्तियों द्वारा नए भूमि अधिग्रहण अधिनियम के अनुसार मुआवजा की मांग की जा रही है। कोडरमा डिटूर (57 किमी.) में माओवादी गतिविधियों के कारण, जमीन पर सरेंखण की स्टेकिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है। गौतम बुद्ध विल्ड लाइफ सेंचूरी से गुजरने वाले कोडरमा डिटूर को भी पूरा कर लिया गया है। कोडरमा डिटूर में लगभग 392 हेक्टेयर वन भूमि शामिल है। भूमि का 144 हेक्टेयर लगभग सेंचुरी का हिस्सा है। सेंचुरी की भूमि की बहाली के लिए एसडब्लयूबी, एनडब्लयूबी और उच्चतम न्यायालय के अनुमोदन की आवश्यकता है।

3. विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर)

दानकुनी–गोमोह सेक्शन चरण–1 और गोमोह–दानकुनी सेक्शन चरण–2 की डीपीआर को अंतिम रूप दिया गया।

4. व्यवहार्यता रिपोर्ट और यातायात अध्ययन रिपोर्ट

दानकुनी–गोमोह सेक्शन चरण–1 के लिए ''इन हाउस'' व्यवहार्यता रिपोर्ट और यातायत अध्ययन रिपोर्ट को तैयार कर लिया गया है।सोननगर–गोमोह का यातायात प्रोजेक्षन के अपडेषन का कार्य प्रगति पर है।

5. वित्तीय मॉडलिंग

रेलवे बोर्ड द्वारा सुझाए गए दानकुनी–गोमोह सेक्शन चरण–1 के लिए वित्तीय मॉडलिंग के लिए सदंर्भ शर्तों के

आधार पर प्राथमिक वित्तीय मॉडलिंग को पूरा कर लिया गया है। आदेशों की अनुपालन के क्रम में परियोजना की वैकल्पिक राजस्व मॉडल/वित्तीय स्ट्रक्चरिंग के साथ तकनीकी सेवाएं और लेनदेन सलाहकार सेवाओं, दानकुनी–गोमोह सेक्शन, चरण–1 के लिए वित्तीय परामर्शदाता कम लेनदेन सलाहकार कि नियुक्ति हेतु आर.एफ.पी. को दिनांक 31.03.2016 को फ्लोट कर दिया गया है।

6. मानकों और विशिष्टीकरणों के मेनुअल

मानकों और विशिष्टीकरणों के मसौदे के ठेके को अंतिम रूप दे दिया गया है।

7. रियायती करार और अन्य दस्तावेजों को विकसित करने के लिए कानूनी सलाहकार की नियुक्ति की गई है।

8. मुख्य परियोजना प्रबंधक/कोलकाता द्वारा दानकुनी–गोमोह सेक्शन चरण–1 के लिए ईआईए और एसआईए के ठेका कार्य की प्रक्रिया की जा रही है।

9. यार्ड प्लान

दानकुनी–गोमोह सेक्शन (282.2 किमी.)–चरण–1 के लिए, सभी चार स्टेशनों न्यू जौग्राम, न्यू राजबंध, न्यू मुगमा एवं न्यू प्रधानकांटा के लिए यार्ड प्लान अनुमोदित कर दिया गया है। चार जंक्शन स्टेशनों मे से एक जंक्शन न्यू दानकुनी को अंतिम रूप दिया गया। गोमोह–सोननगर सेक्शन (256.581 किमी.), चरण–2, के लिए 6 स्टेंशनो में से, पांच क्रांसिग स्टेशन न्यू केशवारी, न्यू हिरोधि, न्यू कास्था, न्यू पहाड़पुर एवं न्यू रफीगंज के यार्ड प्लान को अनुमोदित कर दिया है। इसके अतिरिक्त, एक जंक्शन स्टेशन, न्यू चिरेलापाथू के यार्ड को अनुमोदित कर दिया है।

3.6 भविष्य के फ्रेट कोरीडोर

रेलवे बोर्ड ने वर्ष 2011 में, भविष्य के चार कोरीडोर के लिए पी ई टी एस (प्रीमीनिलरी इंजीनियरिंग एंड ट्राफिक सर्वे) का कार्य सौंपा हैं:

1. पूर्व–पश्चिम कोरीडोर (कोलकाता–मुम्बई) (2328 किमी.)
2. उत्तर –दक्षिण कोरीडोर (दिल्ली–चैन्नै) (2327 किमी.)
3. पूर्व तटीय कोरीडोर (खड़गपुर–विजयवाड़ा) (1115 किमी.)
4. दक्षिण कोरीडोर (चैन्ने–गोवा) (890 किमी.)

पीटीईएस का कार्य राइट्स को अवार्ड किया गया था। सितबंर 2011 के दौरान कार्य प्रारंभ किया गया और बिना टैक्स के लागत रू. 68.5 करोड़ है।

भविष्य के निम्नलिखित तीन कोरीडोरर्स की अंतिम प्रीलिमीनरी इंजीनियरिंग कम ट्राफिक अध्ययन (पीईटीएस) को रेलवे बोर्ड को भेजा गया है और उनका विवरण निम्नानुसार है:

1. **पूर्व–पश्चिमी कोरीडोर (कोलकाता–मुम्बई):** 2328 किमी. का प्रस्तावित संरेखण पालघर से अंदल/कमरकुंडू को जोड़ता है और कोरीडोर चार जोनों (एस ई आर, पूर्व, एस ई सी आर और सीआर) ये गुजरता है और भारत के पांच राज्यों (महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिसा, झारंखड और पश्चिम बंगाल) को पार करता है। पूर्व पश्चिम कोरीडोर हल्दिया पूर्व तटीय पर धमरा और पारादीप, पूर्व पश्चिम तटीय पर मुम्बई और जेएनपीटी को जोड़ेगा। प्रांरभ में स्टील संयंत्र यातायात, अयस्क निर्यात, थर्मल कोयला को मार्ग को पूरा करेगा, इसके अतिरिक्त दर्जन सीमेन्ट संयंत्रों की यातायात आवश्यक्ताओं को पूरा करता है।
2. **उत्तर–दक्षिण कोरीडोर (दिल्ली–चेन्नई):** प्रस्तावित 2327 किमी. का संरेखण पृथला से अरकोनाम को जोड़ता

है और पांच रेलवे जोनों (एन सी आर, डब्ल्यू सी आर, सी आर, एस सी आर और एस आर) से गुजरता है और भारत के सात राज्यों हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु को पार करता है। उत्तर दक्षिण रूट पर भारतीय रेल द्वारा सभी कोर वस्तुओं के उच्च क्रास यातायात की मांग को पूरा किया जाता है। इनमें लोहा एवं स्टील, कोयला, फूट ग्रेन, फर्टिलाइजर, सीमेन्ट और अन्य सामान्य माल सहित कंटेनर शामिल होते हैं।

3. **पूर्व तटीय कोरीडोर (खड़गपुर–विजयवाड़ा)** प्रस्तावित 1115 किमी. का संरेखण खड़गपुर से विजयवाड़ा को जोड़ता है और तीन रेलवे जोनों (एस ई आर, ईस्ट कोस्ट रेलवे और एस सी आर) से गुजरता है और भारत के तीन राज्यों पश्चिम बंगाल, ओडिसा और आंध्र प्रदेश को पार करता है। यह रूट महत्वपूर्ण हल्दिया, धमरा, पारादीप, विशाखापट्टनम गंगावरम और काकीनाड़ा बंदरगाहों को जोड़ता है। यह रूट प्रांरभिक रूप से कोयला, लोहा अयस्क और स्टील सहित हेवी यातायात की मांग को पूरा करेगा।

निम्नलिखित कोरीडोर का पीईटीएस सर्वेक्षण प्रगति पर है

दक्षिण कोरीडोर (चैन्नई–गोवा): प्रस्तावित 890 किमी. दक्षिण कोरीडोर का संरेखण रेनूगुंटा से मडगांव वाया हुबली एवं अनोका को जोड़ता है और संरेखण चार रेलवे जोनों (एस डब्ल्यू आर, एस सी आर और कोंकण रेलवे) से गुजरता है और भारत के तीन राज्यों आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और गोवा को पार करता है। यह कोरीडोर देश के पश्चिम पर गोवा और चैन्नई/इन्नौर पूर्व तटीय बंदरगाहों को जोड़ता है। मालभाड़ा मुख्य रूप से लोहा अयस्क और स्टील का है। अंतिम पी ई टी एस रिपोर्ट के वर्ष 2016–2017 में आने की संभावना है।

4.1. निदेशकों और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिको का विवरण

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी के निदेशक मंडल में नियुक्तियों एवं पदावधि समाप्ति के कारण कुछ परिवर्तन हुए हैं जो निम्नानुसार हैः

4.1.1. वित्तीय वर्ष 2015–2016 के दौरान बोर्ड में ज्वाइन करने वाले निदेशकगण–निल

4.1.2 निम्नलिखित निदेशकों ने वित्तीय वर्ष 2015–2016 की समाप्ति के बाद के ज्वाइन किया

क) रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2008/इंफ्रा/6/1(पार्ट–1) दिनांक 01.04.2016 अनुसार भारत के राष्ट्रपति ने श्री रवि माथुर और श्रीमती शक्ति मुंशी, को डीएफसीसीआईएल के बोर्ड में तीन वर्ष के लिए दिनांक 01.04.2016 से अगले आदेशों तक जो भी पहले हो अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक नियुक्ति किया है।

ख) रेलवे बोर्ड ने अपने पत्र सं.2016/पीएल/61/4 दिनांक 30.06.2016 के अनुसार भारत के राष्ट्रपति ने श्री वाई.एस. मलिक, अपर सचिव, नीति आयोग को डीएफसीसीआईएल के बोर्ड में तत्काल प्रभाव से अपर सचिव नीति आयोग के पद पर रहने तक अथवा अगले आदेशों तक जो भी पहले हो सरकारी निदेशक नियुक्ति किया है।

4.1.3 वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान निम्नलिखित निदेशकों का कार्यकाल समाप्त हो गया है

क) रेलवे बोर्ड के पत्र सं.2008/इन्फ्रा/6/1 दिनांक 25.04.2012, के अनुसार श्री आर.एस.शर्मा, स्वतंत्र निदेशक का तीन वर्ष का कार्यकाल दिनांक 24.04.2015 को समाप्त हो गया है।

4.1.4 वित्तीय वर्ष 2015–16 की समाप्ति पर निम्नलिखित निदेशक का कार्यभार समाप्त हो गया है

क) दिनांक 05.02.2016 को आयोजित 53वी बोर्ड बैठक के संकल्प संख्या 53.4.2, के द्वारा कार्यालय के नामित निदेशक श्री गजेन्द्र हल्दिया का पद तकनीकी रूप से रिक्त हो गया है।

4.1.5 इस रिपोर्ट के प्रस्तुत करते समय निम्नलिखित निदेशक कार्यभार देख रहें है

क्रसं.	निदेशक का नाम	पदनाम	कार्य ग्रहण की तिथि
1.	श्री ए.के.मित्तल	अंशकालिक अध्यक्ष सरकारी	03.02.2015
2.	श्री आदेश शर्मा	प्रबंध निदेशक	20.10.2014
3.	श्री अंशुमान शर्मा	निदेशक/परि.नियोजन	05.04.2011
4.	श्री एच.डी.गुजराती	निदेशक/परि.एवं व्य.विकास	29.11.2012
5.	श्री एम. के. मित्तल	निदेशक/वित्त	16.09.2013
6.	श्री डी. एस. राणा	निदेशक/अवसंरचना	27.10.2014
7.	श्री गिरीश पिल्लई	अंशकालिक निदेशक/(सरकारी)	14.11.2012
8.	श्री रवि माथुर	स्वतंत्र निदेशक	01.04.2016
9.	श्रीमती शक्ति मुंशी	स्वतत्र निदेशक	01.04.2016
10.	श्री वाई.एस मलिक	अंशकालिक निदेशक (सरकार द्वारा नामित नीति आयोग)	30.06.2016

4.2 बोर्ड की बैठकों की संख्या

वित्तीय वर्ष 2015–2016 के दौरान, व्यवसाय के संबंध में निदेशक मंडल की पांच बैठकें हुई। निदेशक मंडल की बैठकों की तिथियां निम्नानुसार है:

क्रसं.	तिमाही	तिथि
1.	जून 2015 को समाप्त तिमाही	08.05.2015, 08.06.2015
2.	सितबंर 2015 को समाप्त तिमाही	13.08.2015
3.	दिसबंर 2015 को समाप्त तिमाही	27.11.2015
4.	मार्च 2016 को समाप्त तिमाही	05.02.2016

4.3 कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 134(5) के अंतर्गत निदेशकों के उत्तरदायित्वों का विवरणः

कंपनी अधिनियम, 2013 के धारा 134 (3) (सी)के संदर्भ में कंपनी के निदेशक मंडल सुनिश्चित करते हैं किः–

क) वार्षिक लेखा को तैयार करने, लागू लेखा मानकों का अनुसरण किया गया है और तात्विक विसंगतियों के लिए समुचित स्पष्टीकरण दिए गए है।

ख) निदेशकों ने ऐसी लेखांकन नीतियों, उन्हें सतत् लागू किया है और निर्णय लिए है कि किए गए आंकलन विवेक पूर्ण और उपयुक्त हैं जो वित्तीय वर्ष पर और उस अवधि के लाभ हानि खाते में कंपनी के मामलों की सही स्थिति को दर्शाता हैं।

ग) कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा के लिए और धोखेबाजी तथा अन्य अनियमितताओं की रोकथाम के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप पर्याप्त लेखांकन रिकार्ड के अनुरक्षण के लिए निदेशकों ने समुचित और पर्याप्त सावधानी बरती है।

घ) निदेशकों ने वार्षिक लेखा एक कार्यरत कंपनी के आधार पर तैयार किया हैः और।

ड़) निदेशकों ने सभी लागू कानूनों के प्रावधानों के साथ उचित सिस्टम के कार्यान्वयन का सुनिश्चय किया है और इस तरह के सिस्टम पर्याप्त और प्रचलन में हैं। निदेशक मंडल कंपनी पर लागू सभी कानूनों, कंपनी द्वारा तैयार किए गए के साथ गैर अनुपालन में किए गए कंपनी के प्रयासों की वार्षिक समीक्षा करेंगे। इससे कंपनी के आकार के अनुरूप प्रबंधन प्रणाली के अनुपालन को बल मिलता है।

4.4 धारा (149) की धारा (6) के अंतर्गत स्वतंत्र निदेशकों द्वारा दी गई घोषणा का विवरण

श्रीमती शक्ति मुंशी और श्री रवि माथुर, स्वतंत्र निदेशक द्वारा कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 149 की उपधारा (6) के अनुसरण में घोषणा कर दी गई है।

5. लेखा परीक्षक

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सी एंड ए जी) ने मेसर्स बावेजा एंव कौल, चार्टर्ड एकाउन्टेंन्टस को वर्ष 2015–2016 के लिए कंपनी का संविधिक लेखा परीक्षक नियुक्त किया है और सदस्यों द्वारा शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निदेशक मंडल ने उनका लागू दर के अनुसार पारिश्रमिक रू. 8,40,000/–(आठ लाख चालीस हजार केवल) सेवा कर अलग से निर्धारित किया है और पाकेट खर्च अतिरिक्त होगा।

5.1. लेखा परीक्षक और सचिवीय लेखा परीक्षक द्वारा अस्वीकार और प्रतिकूल टिप्पणी अथवा आरक्षण, प्रत्येक योग्यता पर बोर्ड द्वारा टिप्पणियां अथवा स्पष्टीकरण।

5.1क) सांविधिक लेखा परीक्षक रिपोर्ट

मेसर्स बावेजा एंव कॉल, चार्टड एकाउंटेट द्वारा प्रस्तुत लेखा परीक्षक रिपोर्ट में कोई अर्हता नही है और अतः कोई स्पष्टीकरण अथवा टिप्पणीयों की आवश्यकता नहीं है।

5.1ख) सचिवीय लेखा परीक्षक की रिपोर्ट

सचिवीय लेखा परीक्षक और प्रबंधन के उत्तर की टिप्पणियां इस रिपोर्ट के अनुलग्न्क ''क'' में है।

5.2 भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां

31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष में कंपनी के लेखा पर भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक की टिप्पणी निल है और इसमें किसी स्पष्टीकरण और टिप्पणीयों की आवश्यकता नहीं है।

6. दिए गए ऋण, किए गए निवेश, दी गई गांरटी और उपलब्ध प्रतिभूमियों का विवरण

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 186 के अंतर्गत ऋण, गारंटी और निवेदन ''निल'' हैं।

7. (नियुक्तियां और प्रबंधन कार्मिकों की परिलब्धियां) नियम 2014 के अंतर्गत कंपनी के नियम 5(2) के तहत् कर्मचारियों का विवरण

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कंपनी (नियुक्तियां और प्रबंधन कार्मिको के परिलब्धियां) नियम 5(2) के अंतर्गत दी गई सूचना निल है क्योंकि कोई भी कर्मचारी और निदेशक/केएमपी निर्धारति सीमा से अधिक परिलब्धियां प्राप्त नहीं कर रहा था।

8. संबंधित पक्षों के साथ ठेके और करार

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, निदेशकों द्वारा रूचि को प्रकट करने के आधार पर, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 188 (1) में वर्णित संबंधित पक्षों के साथ कंपनी द्वारा कोई भी ठेका अथवा व्यवस्थाओं में प्रवेश नहीं किया था।

9. रिपोर्ट की तिथि और वित्तीय विवरण यदि कोई जो कि वित्तीय वर्ष के अंत में कंपनी के बीच में कंपनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करते हैं

दिनांक 31.03.2016 को और रिपोर्ट की तिथि पर सामग्री बदलाव और प्रतिबद्धताओं की कोई रिपोर्ट नहीं प्राप्त हुई है, वित्तीय विवरण यदि कोई जो कि वित्तीय वर्ष के अंत में कंपनी के बीच में कंपनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करते हैं।

10. ऊर्जा का संरक्षण, प्रोद्योगिकी विलयन और विदेशी मुद्रा का अर्जन और निर्गम

पिछले 2 से 3 वर्षों तक किए गए उपायों के साथ नवम्बर–2015 में डीएफसीसीआईएल, कॉर्पोरेट बिल्डिंग को भारत सरकार, ऊर्जा मंत्रालय, ब्यूरो ऑफ ऊर्जा दक्षता द्वारा बीईई 5 स्टार रेंटिग से पुरस्कृत किया है। डीएफसीसीआईएल कॉर्पोरेट कार्यालय बिल्डिंग भारत के कुल संगठनों में से एक है जिसे 90% से अधिक एयर कंडीशिनिंग क्षेत्र के साथ बीईई 5 स्टार रेंटिग लेबल दिया गया है।

कंपनी अधिनियम 2013 के सेक्शन 134 (3)एम के अनुसरण में अपेक्षित विवरणों को कंपनी नियम (लेखा नियम, 2014) के साथ लागू को पढ़ा जाएगा जो निम्न हैं:

क) ऊर्जा का संरक्षणः–

i **ऊर्जा संरक्षण पर की गई कार्रवाई और प्रभाव–** ऊर्जा कुशल एलईडी लाइटों फिटिंग, एयर कंडीशिनिंग परिचालन और लाइटिंग सेवाएं बनाना और कार्यान्वयन के लिए ओक्यूपेंसीं सेन्सर और कुशल मॉनीटरिंग एवं कन्ट्रोल मेकेन्जिम।

ii **ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों के प्रयोग के लिए कंपनी द्वारा किए गए उपायः** डीएफसीसीआईएल नेटवर्क पर हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए, कोरीडोर और उनकी कॉर्पोरेट बिल्डिंग में सोलर प्लान्टस के लगाने की योजना बनाई गई है।

iii **ऊर्जा संरक्षण उपकरण पर पूंजी निवेश।** वर्ष 2015–2016 के दौरान ऊर्जा संरक्षण उपायों पर अनुमानित रू. 3.9 लाख खर्च किए गए। निकट भविष्य में डीएफसीसीआईएल में उत्सर्जन सीओ2 में कमी और महत्वपूर्ण योगदान और ऑन प्रयास संभव है।

ख) तकनीकी समावेशन

i तकनीकी समावेशन के लिए किए गए प्रयास–निल

ii जैसे उत्पादन सुधार, लागत कम करना, उत्पाद विकास अथवा आयात प्रतिस्थापन से उत्पन्न लाभ;–निल

iii आयातित तकनीक के मामलें में (वित्तीय वर्ष के प्रांरभ से तीन वर्ष के अंदर आयात की गई)–निल

क)	आयातित की गई तकनीक का विवरण;	–	लागू नहीं
ख)	आयातित वर्ष;	–	लागू नही
ग)	क्या तकनीक को पूर्ण रूप से अवशोषित किया गया;	–	लागू नहीं
घ)	यदि पूर्ण रूप से अवशोषित नहीं किया गया तो किस क्षेत्र में नहीं किया गया और उसका कारणः और		

iv अनुसंधान और विकास पर किए गए खर्च; – लागू नहीं

ग) समीक्षाधीन अवधि के दौरान विदेशी मुद्रा अर्जन और व्यय

विदेशी मुद्रा अर्जन	–	निल
विदेशी मुद्रा का निर्गम	–	रू. 422.33 करोड़ जिसमें से
ब्याज	–	रू. 8.53 करोड़
टूर एवं यात्रा व्यय	–	रू. 0.06 करोड़
एल सी खोलने का प्रभार	–	रू. 0.32 करोड़
जायका ऋण पर बैंक प्रभार	–	रू. 0.33 करोड़
परामर्श	–	रू. 37.57 करोड़
कार्य	–	रू. 357.52 करोड़

11. बोर्ड की राय में यदि यह पाया जाता है कि कंपनी के अस्तित्व को जोखिम हो सकता है, जिसमें उसकी पहचान और तत्व शामिल हो, के लिए जोखिम प्रबंधन के कार्यान्वयन और विकास को दर्शाने वाला विवरण

कंपनी उद्यम जोखिम प्रबंधन ढांचा विकसित किया गया है जो कि लेखा परीक्षण समिति विश्व बैंक द्वारा भी अनुमोदित किया गया है। उद्यम जोखिम प्रबंधन ढांचा की शुरू आत दिनांक 01 दिसबंर 2014 से की गई। ''योजना और निर्माण के चरण'' और ''परिचालन चरण'' स्तर पर मुख्य प्रत्येक 20 जोखिमों की पहचान कर प्राथमिकता दी गई है। इन 20 जोखिमों को कम करने के लिए योजना बनाई गई है। पहचान की गई (आरएमसी) जोखिमों और न्यूनतम योजना की समीक्षा की जाएगी। जोखिम प्रबंधन ढांचा को पहले से ही बनाया गया है जिसमें जोखिम प्रबंधन समिति में स्वतंत्र निदेशक, मुख्य जोखिम प्रबंधन समन्वयक (आर एम सी ओ) हैं जो जोखिम प्रबंधन समिति को रिपोर्ट करते हैं इसमें विभिन्न विभागों जैसे सिविल, एस एंड टी, आईटी, प्रशासन, विद्युत, परिचालन, वित्त आदि के प्रमुख होते है। और मुख्य परियोजना प्रबंधक जोखिम और न्यूनतम मालिक के रूप में कार्य करेंगे और जोखिम पहचान, उसकी प्राथमिकताओं और न्यूनतम योजना बनाने के लिए जिम्मेदार होंगे। जोखिम प्रबंधन गतिविधियों पर उचित रूप से नियंत्रण को सुनिश्चित करने के लिए एम आई एस के माध्यम से जोखिम मॉनीटरिंग और आश्वासन मेकेन्जिम को एन्टरप्राईजेज जोखिम प्रबंधन के रूप में उपलब्ध करवाया गया है जो कि विशिष्ट जोखिम को न्यूनतम योजना को प्रभावशाली रूप से मूल्यांकन करेगा।

जोखिम प्रबंधन कोआरडीनेटरों (आर एम सी ओ) के सहयोग से जोखिम प्रबंधन ढांचे के स्तर को नियमित रूप से महाप्रबंधक/वित्त/आर एम (सी आर एम सी ओ) द्वारा कोआरडीनेट किया जा रहा है जिसका नियमित अंतराल पर लेखा परीक्षण समिति और जोखिम प्रबंधन समिति द्वारा समीक्षा की जाती है। समीक्षा ओर जोखिम प्रबंधन समिति की अभी तक आयोजित बैठकों का विवरण निम्नानुसार है।

क) सी आर एम सी ओ स्तर पर आज की तारीख तक क्रमशः दिनांक 16 सितंबर 2015, 16 अक्टूबर 2015, 21 जनवरी 2016, 27 जनवरी 2016 और 16 मार्च 2016 को पांच समीक्षा बैठकों का आयोजन किया गया।

ख) आज की तारीख तक तीन आर एम सी बैठकों का क्रमशः 06 नवम्बर, 2015, 16 मई, 2016 और 24 मई, 2016 को आयोजन किया गया।

ग) जोखिम और शमन योजना मालिकों (आर एम पी ओ) की योग्यता को बढ़ाने के लिए दो आधे दिन का ज्ञान ट्रांसफर सत्रों का दिनांक 09 फरवरी 2016 ओर 26 फरवरी 2016 को और आर एम पी ओ को रिपोर्ट करने वाले अधिकारियों के लिए दो पूरे दिन का ज्ञान ट्रांसफर सत्रों का दिनांक 27 जून 2016 और 28 जून 2016 आयोजन किया गया।

घ) लेखा परीक्षण दिशा निर्देशों के आलोक में 32वीं लेखा परीक्षण समिति की आज की तारीख तक समीक्षा बैठक का 33वीं लेखा परीक्षण समिति के समक्ष 18 जुलाई 2016 को प्रजेन्टेशन के रूप में प्रस्तुत किया गया। लेखा परीक्षण समिति आगे बोर्ड को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं और इसे दिनांक 26 जुलाई 2016 को निदेशक मंडल की बैठक में बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।

12. वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के लिए कार्यान्वयन और विकसित नीति का विवरण

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कॉर्पोरेट दायित्व के लिए किए गए प्रयासों की रिपोर्ट निदेशक रिपोर्ट के रूप में अनुलग्नक–बी फार्म संलग्न है।

13. अन्य अनुपालन

क) राजभाषा (आफीशियल लेग्वेज)

डीएफसीसीआईएल, कॉर्पोरेट कार्यालय में कार्यालय में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग को सुनिश्चित करने के लिए विशेष जोर दिया जा रहा है। 01.04.2015 से 31.03.2016 के दौरान हिंदी को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न गतिविधियां की गई।

डीएफसीसी राजभाषा कार्यान्वयन समिति की प्रत्येक तिमाही में बैठकें आयोजित की गई। राजभाषा तिमाही प्रगति रिपोर्ट रेलवे बोर्ड के साथ–साथ गृह मंत्रालय को तिमाही रिपोर्ट का नियमित रूप से प्रेषण किया गया। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम) दिल्ली की बैठकों में नियमित रूप से सक्रिय भागीदारी की जा रही है।

दिनांक 01.09.2015 से 14.09.2015 तक डीएफसीसीआईएल में राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन किया गया। पखवाड़े के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को प्रबंध निदेशक के कर कमलों से पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर सभी निदेशक और अधिकारीगण उपस्थित थे। इसके अलावा डीएफसीसीआईएल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में हिंदी में कार्य करने की झिझक को दूर करने के लिए हिंदी कार्यशालाओं का नियमित रूप से आयोजन किया जाता है। डीएफसीसीआईएल की वेबसाइट को नियमित रूप से समय समय पर अपडेट किया जाता है। राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) का

अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कार्यालय आदेश, भूमि अधिग्रहण और गजट अधिसूचनाओं को हिंदी–अंग्रेजी द्विभाषी में जारी किया जाता है।

डीएफसीसीआईएल में राजभाषा के प्रयोग प्रसार को बढ़ाने के लिए रेलवे बोर्ड की प्रोत्साहन योजनाओं को लागू किया गया है। डीएफसीसीआईएल, कॉर्पोरेट कार्यालय मे हिंदी पुस्तकालय की स्थापना की गई है। सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण पुस्तकालय का पूरा लाभ उठा रहे हैं। डीएफसी का तिमाही न्यूज पत्र हिंदी में प्रकाशित किया जा रहा है।

ख) सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

1. सूचना का अधिकार 2005 का लागू होना भारत में लोकतंत्र की एक ऐतिहासिक घटना है। सूचना का अधिकार नागरिकों को व्यवहारिक दृष्टि से शासन प्रणाली से सूचना प्रदान करने का प्रयास है जिसके तहत सार्वजनिक प्राधिकार के नियंत्रण के अंतर्गत नियम, सूचना प्राप्त कर सकते हैं ताकि प्रत्येक सार्वजनिक प्राधिकार की कार्य प्रणाली में पारदर्शिता तथा जवाबदेही को प्रोत्साहन मिल सके।

   डीएफसीसीआईएल ने अनिवार्य आवश्यक्ताओं को पूरा करने के साथ–साथ नागरिकों द्वारा मांगी गई जानकारी को उपलब्ध कराना का दायित्व लिया है। कॉर्पोरेट कार्यालय में लोक सूचना अधिकारी फील्ड कार्यालय अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय में उनकी सहायता के लिए सहायक लोक सूचना अधिकारी नियुक्त किए गए हैं जो कि अपेक्षित जानकारी को प्राप्त कर निर्धारित समय में आवेदक को इसे भेजते हैं। डयूटी और जिम्मेदारियों के अनिवार्य आवश्यक्ताओं के अंतर्गत समूह महाप्रबधक/प्रशासन को अपीलीय अधिकारी बनाया गया है।

   वर्ष 2015–2016 के दौरान कुल 420 आवेदन (40 अपीलीय मामलों सहित) प्राप्त हुए और सभी मामलों का निपटान निर्धारित समय में किया गया। सभी जवाब कंपनी की वेबसाइट www.dfccil.gov.in पर उपलब्ध हैं जो कि पाक्षिक आधार पर अपडेट की जाती है।

2. **संसदीय प्रश्नः** संसदीय मामलों की अत्यन्त सटीकता, तेजी और निर्धारित मानदंडो और प्रक्रियाओं को पूरा करने का कार्य नोडल अधिकारी द्वारा किया जाता है।

   डीएफसीसीआईएल में अन्य निदेशालयों के साथ समन्वय रखकर सभी संसदीय मामलों को विशेष रूप से डील करने के लिए एक अधिकारी को लगाया गया है। वर्ष 2015–2016 के दौरान, कुल 31 संसदीय प्रश्न प्राप्त हुए और सभी का समय से जवाब दिया गया।

ग) एम सी ए 21 ई–फाइलिंग

कंपनी नियमों–2006 (इलेक्ट्रोनिक फाइलिंग एंड आथन्टीकेशन ऑफ डाक्यूमेंटस) और कंपनी (कंपनी फाइलिंग ऑफ डाक्यूमेंटस एंड फार्म व एक्सेटंन्सिबल बिजनेस रिपोटिंग लेग्योगेज) संशोधन नियम 2012 की शर्तो के अनुसार कंपनी समीक्षाधीन वर्ष के दौरान सभी संवैधानिक प्रपत्र और विवरणियां इलैक्ट्रोनिक माध्यम से भरी हैं।

घ) समझौता ज्ञापन

समीक्षाधीन अवधि के दौरान सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा वर्ष 2014–2015 के लिए कंपनी को एम ओ यू के लिए ''अच्छी श्रेणी'' श्रेणी प्रदान की गई।

ङ) सर्तकता

सर्तकता विभाग किसी संगठन के प्रबंधन का एक जागरूक भाव और अभिन्न अंग होता है जो कि संगठन के निष्पादन को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है।

सर्तकता विभाग में एक पूर्णकालिक मुख्य सर्तकता अधिकारी है जिसे स्वीकृत 10 पदों के विरूद्व तीन उपमहाप्रबंधकों, तीन सहायक प्रबंधकों की टीम द्वारा सहायता प्रदान की जाती है। समीक्षाधीन अवधि के दौरान कंपनी ने निरोधक सर्तकता दंडात्मक सर्तकता की तुलना में निवारक सर्तकता और सुधार के लिए अधिक जोर दिया है। सतर्कता मामलों पर सतर्कता अतिधकारियों को अद्यतन निर्देशों और दिशानिर्देशों को अपडेट करने के क्रम में नौ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। पारदर्शिता को बढ़ाने के उद्देश्य से रू. 01 करोड़ से अधिक के सभी ठेके और खरीदारी को डीएफसीसीआईएल की वेबसाइट पर सीवीसी द्वारा निर्धारित प्रारूप में पोस्ट किया जाता है।

शिकायतें

डीएफसीसीआईएल ने शिकायत करने की नीति को अच्छी तरह से परिभाषित किया है जो कि डीएफसीसीआईएल की वेबसाइट पर सतर्कता पोर्टल पर उपलब्ध है। दिनांक 01.01.2015 को शिकायतों की अधिशेष संख्या 15 थी। वर्ष के दौरान सीवीसी/रेलवे और अन्य व्यक्तियों से कुल 20 शिकायतें प्राप्त हुई इनमें से 27 शिकायतों का निपटारा किया गया है शेष 08 शिकायतों की विभिन्न स्तरों पर जांच की जा रही है।

शिकायतों पर जांच के बाद सिफारिशें

ठेके के निष्पादन में शामिल अनियमितताओं के मामलों में दो अधिकारियों के विरूद्व छोटी शास्ति की सिफारिश की गई।

निरोधक जांचे

वर्ष के दौरान 20 निरोधक जांच आयोजित की गई इनमें से 15 का निपटारा कर दिया गया है।

औचक जांच

वर्ष के दौरान कुल 07 औचक जाचें की गई।

अचल संपत्तियों रिटर्न की छानबीन

वर्ष के दौरान 79 अधिकारियों द्वारा दिए गए अचल संपत्ति रिटर्न (आईपीआर) की छानबीन की गई।

प्रणाली सुधार

प्रणाली सुधारों के लिए प्राप्त सिफारिशों के परिणाम के आधार पर कार्य से संबंधित निविदा और ठेके, भूमि अधिग्रहण, भूमि अधिग्रहण के लिए मुआवजे का भुगतान और मानव संसाधन मामलों के विभिन्न क्षेत्रों मे किए गए का विवरण निम्नानुसार है।

विभाग द्वारा प्रणाली सुधार का कार्यान्वयन

1. वेबसाइट पर निविदाओं को अपलोड करना।
2. अधिकारियों के रोटेशनल स्थानान्तरण।
3. कार्यकारी और वित्त अधिकारियों द्वारा स्टोर का संयुक्त निरीक्षण।

प्रणाली सुधार का कार्यान्वयन

i क) एस एल ए ओ लेंड बैंक खाते से भुगतान के लिए केवल ईएफटी/आर टी जी एस के माध्यम से और बैक खाते से प्रत्येक लेनदेन के लिए एस एम एस अलर्ट की संभावनाओं को तलाशा जाना चाहिए।

ख) प्रतिदिन के आधार पर ईमेल के माध्यम से बैंक स्टेटमेंट का प्राप्त करना और एस एल ए ओ द्वारा जारी चेकों का प्रतिदिन मिलान की प्रक्रिया को अपनाना चाहिए।

ग) भूमि भुगतान की प्रणाली का अध्ययन कर मुख्यालय वित से और फील्ड यूनिट से एक प्रतिनिधि अधिकारी की टीम का गठन किया जा सकता है और वर्तमान प्रणाली मे धोखाधड़ी का पता लगने पूर्व उन पर सुधार के लिए सिफारिश कर विशेष जोर देकर प्रतिबद्व किया जा सकता हे।

घ) प्रत्येक लेंड बैंक खाता का उचित मासिक बैंक मिलान और मुख्यालय स्तर पर मॉनीटरिंग करनी चाहिए।

ड़) सभी लेंड खातों का एक विस्तृत और व्यापाक लेखा परीक्षण तत्काल किया जाना चाहिए, यदि नही किया गया है, तो 31 मार्च, 2014 तक की अवधि को कवर करते हुए उसके बाद नियमित लेखा परीक्षण किया जाना चाहिए।

च) कॉर्पोरेट कार्यालय वित्त द्वारा लेंड खातों का नियमित रूप से निरीक्षण करना चाहिए।

ii मुख्य कार्मिक जैसे ट्रैक डिजायन विशेषज्ञ, ट्रैक निर्माण विशेषज्ञ, विद्युत विशेषज्ञ, (ओएचई), विद्युत विशेषज्ञ (ट्रैक्शन सप्लाई), सिगनल निर्माण विशेषज्ञ, टेलीकॉम निर्माण विशेषज्ञ आदि के चयन के लिए डिग्री और डिप्लोमा धारियों के लिए कम से कम व्यावसायिक अनुभव 10 वर्ष का निर्धारित किया गया है जबकि दोनों के लिए समान नहीं होना चाहिए। भविष्य के ठेकों के लिए इसे संशोधित किया जा सकता है।

iii सरप्लस निधि के निवेश के लिए पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए।

iv मानव शक्ति सेवा प्रदाता ठेका में डीएफसीसीआईएल में एजेन्सी द्वारा नियुक्त किए जाने वाले आउटसोर्स कर्मचारियों की अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष होनी चाहिए। जब कोई आउटसोर्स कर्मचारी 65 वर्ष की आयु पूरी कर लेता है तो उसे बदला जाएगा।

v आउटसोर्स कर्मचारियों की पिछली पृष्ठभूमि की जांच के लिए पुलिस सत्यापन अनिवार्य होना चाहिए।

जागरूकता और भागीदारी सर्तकता

केन्द्रीय सर्तकता आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसरण मे दिनांक 26.10.2015 से 31.10.2015 तक डीएफसीसीआईएल के सभी कार्यालयों में सर्तकता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। इस वर्ष के सर्तकता सप्ताह का विषय था''सुशासन के प्रभावी उपाय के रूप में निवारक सतर्कता''। इस अवसर पर, सप्ताह के दौरान डीएफसीसीआईएल के सभी अधिकारियों एवं अन्य स्टेक होल्डर्स के लिए जागरूकता को बढ़ाने के लिए जैसे 11.00 बजे शपथ समारोह के साथ सतर्कता मामलों पर ट्रान्सपरेन्सी इन्टरनेशनल इंडिया के अध्यक्ष श्री पी.एस.बावा, द्वारा संबोधित किया गया। आई एफ ए आई ए से श्री विनोद खुराना द्वारा फॉरेंसिक लेखा और लेखा परीक्षा जांच पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उपर्युक्त विषय पर दिनांक 30.10.2015 को कॉर्पोरेट कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन का भी आयोजन किया गया जिसमें सीवीसी के श्री टी.एम. भसीन, मुख्य तकनीकी परीक्षक, मुख्य वक्ता थे। ''सुंशासन के प्रभावी उपाय के रूप में निवारक सतर्कता'' विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और विजेताओं को उपयुक्त पुरस्कार प्रदान किए गए।

14. कॉर्पोरेट शासन

सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा जारी कॉर्पोरेट शासन पर दिशा निर्देशों के साथ कंपनी अधिनियम 2013 के लागू प्रावधानों के अनुसार, निम्नलिखित फार्म बोर्ड रिपोर्ट के महत्वपूर्ण अंग है।

क) कॉर्पोरेट शासन, निदेशक मंडल का संयोजन के साथ–साथ उनकी विभिन्न बैठकों में उपस्थिति, निदेशकों आदि के पारिश्रमिक और अन्य संबंधित प्रकटनों पर कंपनी के दर्शन के मुख्य बिन्दुओं को कॉर्पोरेट शासन

रिपोर्ट के अनुलग्नक 'सी'' में रखा गया है। यह निम्न अनुपालन प्रमाण पत्रों के पूरक हैं।

i मुख्य कार्यकारी अधिकारी और मुख्य वित्त अधिकारी द्वारा वित्तीय विवरणों का प्रमाण पत्र अनुलग्नक ''सी–1'' पर है।

ii वर्ष 2015–2016 के दौरान वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिक और बोर्ड सदस्यों द्वारा कोड ऑफ कन्डेक्ट के अनुपालन के साथ प्रबंध निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित घोषणा अनुलग्नक ''सी–2'' पर प्रस्तुत है।

iii कार्यरत कंपनी सचिव से प्राप्त कॉर्पोरेट शासन के अनुपालन की प्रमाण पत्र अनुलग्नक ''सी–3'' पर प्रस्तुत है।

ख) एक ''प्रबंधन विचारविमर्श और विश्लेषण रिपोर्ट'' अनुलग्नक ''डी'' पर प्रस्तुत है।

ग) कार्यरत कंपनी सचिव से प्राप्त सचिवीय लेखा परीक्षण रिपोर्ट अनुलग्नक ''ई'' पर प्रस्तुत है।

घ) एमजीटी–9 बोर्ड रिपोर्ट से निर्धारित फार्म में वार्षिक रिटर्न का सार अनुलग्नक ''एफ'' में है।

15. रेगुलेटर अथवा न्यायालय द्वारा परित सार्थक और सामग्री आदेश

रेगुलेटर/न्यायालय द्वारा कोई सार्थक सामग्री आदेश पारित नही किए गए है जो कि कंपनी से संबंधित और उनके भविष्य के परिचालन को प्रभावित कर सकते हों।

16. आभार

निदेशक, रेल मंत्रालय, राज्य सरकारों, क्षेत्रीय रेलों, सांविधिक अधिकारियों और सरकारी एजेंसियों के प्रति उनके सहयोग और संरक्षण के लिए आभार प्रकट करते हैं।ये नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, सांविधिक लेखा परीक्षकों और बैंको द्वारा कंपनी को निरंतर सहयोग प्रदान करने के लिए बोर्ड धन्यवाद के साथ उनके प्रति भी आभार व्यक्त करता है।

निदेशक मंडल और डीएफसीसीआईएल के कर्मचारियों तथा अन्य के प्रति कंपनी को समय–समय पर दिए गए निरंतर बहुमूल्य सहयोग, समर्थन एवं मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त करता है।

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

ह/–	ह/–
(आदेश शर्मा)	(ए.के.मित्तल)
प्रबंध निदेशक	निदेशक/वित्त

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 31.8.2016

अनुलग्नक – ए

सचिवीय लेखा परीक्षकों की टिप्पणियों पर प्रबंधन का उत्तर

क्रसं.	टिप्पणियां	प्रबंधन की टिप्पणीयां
1.	कंपनी के बोर्ड में कोई स्वतंत्र निदेशक नहीं था।	कंपनी के एसोसीएशन के अनुच्छेदों के अनुच्छेद 81 की शर्तों के अनुसार, पूर्ण कालिक निदेशकों सहित प्रबंध निदेशक, अध्यक्ष, भारत सरकार द्वारा नामित निदेशकों और स्वतंत्र निदेशकों को भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है। कंपनी द्वारा रेल मंत्रालय से पूर्व में ही अनुरोध किया जा चुका है कि अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशकों एवं महिला निदेशक को कंपनी के बोर्ड में नियुक्त किया जाए और इसकी रेल मंत्रालय से पुष्टि होना शेष है। भारत के राष्ट्रपति ने दिनांक 01.04.2016 ने एक महिला निदेशक सहित दो स्वतंत्र निदेशकों को नियुक्त किया है।
2.	भारत सरकार द्वारा निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशकों की अनुपस्थिति में, ''लेखा परीक्षण समिति,'' ''परिलब्धि समिति'' और ''कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व समिति'' के गठन में सभी गैर स्वतंत्र निदेशकों को शामिल किया गया।	कंपनी के एसोसीएशन के अनुच्छेदों के अनुच्छेद 81 की शर्तों के अनुसार, पूर्ण कालिक निदेशकों सहित प्रबंध निदेशक, अध्यक्ष, भारत सरकार द्वारा नामित निदेशकों और स्वतंत्र निदेशकों को भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है। कंपनी द्वारा रेल मंत्रालय से पूर्व में ही अनुरोध किया जा चुका है कि अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशकों एवं महिला निदेशक को कंपनी के बोर्ड में नियुक्त किया जाए। बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों की अनुपस्थिति में, अधिनियम की आवश्यकतानुसार सांविधिक समितियों का गठन नहीं किया जा सका है।
3.	कंपनी के बोर्ड में कोई महिला निदेशक नहीं थी।	समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कंपनी ने रेल मंत्रालय से कंपनी के बोर्ड में अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशकों एवं महिला निदेशक को नियुक्त करने का अनुरोध किया है। भारत के राष्ट्रपति ने दिनांक 01.04.2016 ने एक महिला निदेशक सहित दो स्वतंत्र निदेशकों को नियुक्त किया है।
4.	श्री गजेन्द्र नाथ हल्दिया, नामित निदेशक ने वित्तीय वर्ष में कोई बैठक में उपस्थित नहीं हुए।	श्री गजेन्द्र नाथ हल्दिया, नामित निदेशक ने वित्तीय वर्ष में किसी भी बैठक में उपस्थित नहीं हुए ओर इससे प्रशासनिक मंत्रालय को अवगत करा दिया गया है। बोर्ड ने कंपनी अधिनियम, 2013 के सेक्शन 167 के अंतर्गत कार्यालय में निदेशक की तकनीकी रिक्त के नोट को दिनांक 05.02.2016 को आयोजित बैठक में लिया है।

अनुलग्नक – बी

बोर्ड रिपोर्ट में शामिल सीएसआर गतिविधियों पर वार्षिक रिपोर्ट के लिए प्रारूप

1. कंपनी की सीएसआर नीति, परियोजना का पर्यावलोकन अथवा प्रस्तावित कार्यक्रमों आयोजित किए जाने की संक्षिप्त रिपोर्ट और सीएसआर नीति और परियोजनाऐं अथवा कार्यक्रमों के संदर्भ में वेबलिंक।

विजन

समुदाय और हितधारकों के जीवन स्तर की गुणवत्ता को बढ़ाने एवं उन्हें पूरा करने के लिए सामाजिक दायित्वों की महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन।

मिशन

बड़े स्तर पर सभी हितधारकों और समाज के लिए जिम्मेदार कॉर्पोरेट ईकाई बनाना।

कंपनी अधिनियम 2013 के लागू होने के साथ, डीएफसीसीआईएल के लिए एक नई सीएसआर नीति बनाई गई जिसका दिनांक 13.11.2014 को निदेशकमंडल की 47वीं बैठक में अनुमोदन किया गया था।

दिनांक 04.08.2015 को सीएसआर समिति की बैठक में की गई सिफारिशों के आधार पर निदेशक मंडल ने 2015–2016 के दौरान की जाने वाली सीएसआर गतिविधियों के लिए दिनांक 13.08.2015 को 51वीं बैठक (मद सं 51.3.17) का निम्न विवरण के अनुसार अनुमोदन प्रदान कर दिया है:

क) रोजगार/स्वरोजगार के लिए अग्रणी भारतीय उद्योग परिसंघ के साथ मिलकर 1000 परियोजना प्रभावित व्यक्तियों/गरीबी की रेखा से नीचे व्यक्तियों के लिए ''सक्षम'' नाम एक वोकेशनल प्रशिक्षण चार सीपीएम यूनिटों टूंडला, इलाहाबाद (पश्चिम) जयपुर और मुम्बई आयोजित किया गया: और

ख) पश्चिमी डीएफसी और पूर्वी डीएफसी प्रत्येक एक सीपीएम यूनिट में परियोजना प्रभावित व्यक्तियों के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण दिया गया। सीएसआर के अंतर्गत प्रत्येक यूनिट के लिए परियोजना प्रभावित व्यक्तियों के कौशल विकास के लिए अनुमानित रू. 15 लाख का फंड आबंटित किया गया।

2. वर्ष के दौरान, सीएसआर समिति का संयोजन:

श्री एच.डी.गुजराती, निदेशक/परिचालन एवं व्यवसाय विकास/डीएफसीसीआईएल– संयोजक

श्री डी.एस.राणा, निदेशक/अवसंरचना/डीएफसीसीआईएल– सदस्य

श्री गिरीश पिल्लई, सलाहकार/अवसंरचना, रेलवे बोर्ड– नामित निदेशक

54वीं निदेशक मंडल की दिनांक 02.06.2016 में सीएसआर उप समिति का पुर्नगठन किया गया। समिति निम्नानुसार है।

क) श्री रवि माथुर, स्वतंत्र निदेशक– अध्यक्ष

ख) श्री एच.डी.गुजराती, निदेशक/परिचालन एवं व्यवसाय विकास/डीएफसीसीआईएल–सदस्य

ग) श्री डी.एस.राणा, निदेशक/अवसंरचना/डीएफसीसीआईएल–सदस्य

3. पिछले तीन वित्तीय वर्षों के लिए कंपनी का औसत नेट लाभः रू. 4459.48 लाख।

4. निर्धारित सीएसआर खर्च (उपर्युक्त मद सं. 3में राशि का 2 प्रतिशत): रू. 89.19 लाख।

5. वित्तीय वर्ष के दौरान सीएसआर पर खर्च का विवरणः वित्तीय वर्ष के लिए कुल खर्च की गई राशिः पिछले वर्ष खर्च नहीं की गई राशि रू. 3.94 लाख सहित सीएसआर गतिविधियों पर वर्ष 2015–16 के लिए कुल खर्च की गई राशि रू. 1.68 करोड़।

   क) खर्च नहीं की गई राशि, यदि कोई होः–निल

ख) वित्तीय वर्ष के दौरान खर्च की राशि का विस्तृत विवरण:

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
क्रसं.	**सीएसआर परियोजना अथवा की जाने वाली गतिविधियां**	**परियोजना को शामिल किए जाने वाला सेक्टर**	**परियोजना अथवा कार्यक्रम 1. स्थानीय क्षेत्र अथवा अन्य 2. राज्य एवं जिला का उल्लेख जहां योजना अथवा कार्यक्रम किया जाना है**	**योजना में खर्च की जाने वाली राशि (बजट) अथवा कार्यक्रम के अनुसार (लाख रूपये में)**	**योजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर खर्च राशि उप शीर्षः 1 योजनाओं पर अथवा कार्यक्रमों: 2 पर प्रत्यक्ष खर्च (लाख रूपये में)**	**रिर्पोटिंग अवधि तक संचयी खर्च (लाख रूपये में)**	**खर्च राशि–** प्रत्यक्ष अथवा किसी कार्यान्वयन एजेन्सी के माध्यम से
1.	परियोजना प्रभावित व्यक्तियों (पीएपी)/ बीपीएल परिवारों को वोकेशनल प्रशिक्षण	रोजगार बढ़ाने के लिए वोकेशनल स्किल्स	इलाहाबाद, जयपुर, मुम्बई और टूंडला क्षेत्रों पर कुल 1012 परियोजना प्रभावित व्यक्तियों/ बीपीएल परिवारों ने सत्कार, डाटा एन्ट्री आपरेटर, रिटेल सेल्स, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, लोजिस्टिक डाक्यूमेंटेशन सहायक, टेलीकॉम आदि के प्रशिक्षण में भाग लिया।	105	105	105	भारतीय औद्योगिक परिसंघ (सी आई आई)
2.	परियोजना प्रभावित व्यक्तियों को कौशल विकास प्रशिक्षण	रोजगार को बढ़ाने के लिए वोकेशनल स्किल	(क) स्किल विकास में कुल 150 परियोजना प्रभावित व्यक्तियों ने भाग लिया। (ख) गुजरात राज्य में परियोजना प्रभावित/गैर परियोजना प्रभावित 140 व्यक्तियों ने स्किल विकास प्रशिक्षण में भाग लिया। (ग) गुजरात राज्य में परियोजना प्रभावित/गैर परियोजना प्रभावित 82 व्यक्तियों ने स्किल विकास प्रशिक्षण में भाग लिया।	15 15	15 15	15 15	हरियाणा सरकार के अंतर्गत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अंबाला केंट, बरारा और सरसाबा। गुजरात राज्य के अंतर्गत परियोजना प्रशासक, ट्राईबल क्षेत्र सब प्लान, पालनपुर। गुजरात राज्य के अंतर्गत आईटीआई कलोल, सांनद और मेहसाणा।
	कुल			**135**	**135**	**135**	

- **कार्यान्वयन एजेन्सी का विवरण दें**

6. यदि कंपनी पिछले तीन वर्षों में अथवा कोई अन्य कारण से कुल औसत लाभ का दो प्रतिशत खर्च करने में विफल रहती है तो बोर्ड रिपोर्ट में खर्च न करने के कारणों को कंपनी को उपलब्ध करवाना होगा–लागू नहीं

7. सीएसआर नीति का कार्यान्वयन एवं मॉनीटरिंग कंपनी की नीति और सीएसआर गतिविधियों के अनुपालन सीएसआर कमेटी की जिम्मेदारी का विवरण।

		लागू नहीं
आदेश शर्मा (प्रबंध निदेशक)	रवि माथुर (अध्यक्ष, सीएसआर समिति)	(अधिनियम की धारा 380 की उपधारा (1) के खंड (डी) में वर्णित व्यक्ति)

कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी

विजन

समुदाय और हितधारकों के जीवन स्तर की गुणवत्ता को बढ़ाने एवं उन्हें पूरा करने के लिए सामाजिक दायित्वों की महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन।

मिशन

बड़े स्तर पर सभी हितधारकों और समाज के लिए जिम्मेदार कॉर्पोरेट ईकाई बनाना।

कंपनी अधिनियम और सरकार के दिशानिर्देशों पर अधारित सीएसआर नीति के अनुसार, एमओयू लक्ष्यों अथवा पिछली तीन वर्षों के दौरान तत्काल किए अनुसार कंपनी का शुद्व लाभ का औसत कम से कम 2% की राशि सीएसआर गतिविधियों के लिए आबंटित की जाती हैं।

पिछली तीन वित्तीय वर्षों का कंपनी का औसत शुद्व लाभ रू. 4459.48 लाख था। निर्धारित सीएसआर खर्च (उपर्युक्त मद सं. 3 में राशि का 2%) रू. 89.19 लाख।

दिनांक 04.08.2015 को सीएसआर समिति की बैठक में की गई सिफारिशों के आधार पर निदेशक मंडल ने 2015–2016 के दौरान की जाने वाली सीएसआर गतिविधियों के लिए दिनांक 13.08.2015 51वी बैठक (मद सं 51.3.17) का निम्न विवरण के अनुसार अनुमोदन प्रदान कर दिया है:

क) रोजगार/स्वरोजगार के लिए अग्रणी भारतीय उद्योग परिसंद्य के साथ मिलकर 1000 परियोजना प्रभावित व्यक्तियों/गरीबी की रेखा से नीचे व्यक्तियों के लिए ''सक्षम'' नाम एक वोकेशनल प्रशिक्षण चार सीपीएम यूनिटों टूंडला, इलाहाबाद (पश्चिम) जयपुर और मुम्बई आयोजित किया गयाःऔर

ख) पश्चिमी डीएफसी और पूर्वी डीएफसी प्रत्येक एक सीपीएम यूनिट में परियोजना प्रभावित व्यक्तियों के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण दिया गया। सीएसआर के अंतर्गत प्रत्येक यूनिट के लिए परियोजना प्रभावित व्यक्तियों के कौशल विकास के लिए अनुमानित रू. 15 लाख का फंड आबंटित किया गया।

पिछले वर्ष 2014–15 की 3.94 रू. खर्च नहीं किए गई राशि सहित वर्ष 2015–16 के लिए सीएसआर गतिविधियों पर कुल रू. 1.68 करोड़ खर्च किए।

- सीआईआई के साथ समझौता ज्ञापन पर किए गए हस्ताक्षर के अनुसार, डीएफसीसीआईएल द्वारा परियोजना के लिए रू. 10500/– प्रति अभ्यर्थी 1000 अभ्यर्थियों के लिए स्वीकृत किए गए हैं।

- डीएफसीसीआईएल द्वारा रू. 14000 प्रति अभ्यर्थी के लिए कुल परियोजना लागत रू. 1,40,00,000 (एक करोड़ चालीस लाख रूपये केवल) डीएफसीसीआईएल ने रू. 10500/– प्रति अभ्यर्थी का योगदान दिया और सीआईआई ने 25 प्रतिशत की दर से रू. 3,500/– प्रति अभ्यर्थी का योगदान दिया है।

वर्ष 2015–16 के दौरान की गई सीएसआर गतिविधियां निम्नानुसार है:

क) **सी आई आई के माध्यम से वोकेशनल प्रशिक्षण की स्थिति:** मुम्बई, जयपुर, टूंडला और इलाहाबाद क्षेत्रों के 13 केन्द्रों में 1012 प्रशिक्षणर्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। विभिन्न मुख्य परियोजना प्रबंधक यूनिटों में प्रशिक्षणर्थियों की संख्या का विवरण निम्नानुसार है:

यूनिट	कुल प्रशिक्षणार्थी	बीपीएल	पीएपी
इलाहाबाद (पश्चिम)	241	106	135
जयपुर	260	60	200
मुम्बई	250	125	125
टूंडला	261	205	56
कुल	**1012**	**496**	**516**

मुख्य बिन्दु:

क) हॉस्पीटेलिटी, डाटा एन्ट्री आपरेटर, रिटेल सेल्स, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, लोजिस्टिक–डाक्यूमेंटेशन सहायक आदि पाठ्यक्रमों को कवर किया गया।

ख) 44,242 वोकेशनल प्रशिक्षण में कार्य दिवस का प्रशिक्षण दिया गया।

ग) कुल 1012 अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान किए गए थे, कुल में से 715 (72%) छात्रों ने रोजगार को स्वीकार किया और ज्वाइन किया।

पाठ्यक्रम सूची/लोकेशन/केन्द्रवार

लोकेशन	केन्द्र	पाठ्यक्रम
इलाहाबाद	भागवतपुर	हॉस्पीटेलिटी–रूम अटेंनडेंट
		रिटेल सेल्स एसोसियेट
	कटरा–रोशनी संस्थान	रिटेल सेल्स एसोसियेट
	मांडरी	हॉस्पीटेलिटी– रूम अटेंडेंट
		लोजिस्टिक–डॉक्यूमेंटेशन सहायक
		रिटेल सेल्स एसोसियेट
	सलाहपुर	हॉस्पीटेलिटी–रूम अंटेडेंट
		कोरियर एंड लोजिस्टिक–डॉक्यूमेंटेशन सहायक
		रिटेल सेल्स एसोसियेट

टूंडला	फिरोजाबाद	डाटा एन्ट्री आपरेटर
		इलेक्ट्रीशियन
		फिटर
		रिटेल सेल्स एसोसियेट
	टूंडला	हॉस्पीटेलिटी–रूम सहायक
		फिटर
जयपुर	जयपुर	डाटा एन्ट्री आपरेटर
		रिटेल सेल्स एसोसियेट
	फुलेरा	डाटा एन्ट्री आपरेटर
		इलेक्ट्रीशियन
	रिंगस	डाटा एन्ट्री आपरेटर
		इलेक्ट्रीशियन
मुम्बई	दाहानू	डाटा एन्ट्री आपरेटर
		कोरियर एंड लोजिस्टिक–डॉक्यूमेंटेशन सहायक
		रिटेल सेल्स एसोसियेट
		टेलीकॉम– इन स्टोर प्रोमोटर
	थाणे	हॉस्पीटेलिटी–मीट एंड ग्रीट
	वासिन्द	रिटेल सेल्स एसोसियेट
	विरार	डाटा एन्ट्री आपरेटर

पाठ्यक्रम	बैच	प्रशिक्षित
इलेक्ट्रीशियन	4	125
फिटर	3	103
कोरियर एंड लोजिस्टिक–डॉक्यूमेंटेशन सहायक	3	79
हॉस्पीटेलिटी–मीट एंड ग्रीट	1	34
डाटा एन्ट्री आपरेटर	8	252
रिटेल सेल्स एसोसियेट	9	248
टेलीकॉम– इन स्टोर प्रोमोटर	1	30
हॉस्पीटेलिटी–रूम सहायक	5	141
कुल योग	**34**	**1,012**

नमांकित किए गए छात्रों में से परियोजना प्रभावित परिवारों से 530 छात्र और बीपीएल परिवारों से 509 छात्र।

प्रशिक्षित छात्रों की पाठ्यक्रवार ब्यौरा



कुल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिलाओं का ब्यौरा

लोकेशन	एस सी	एस टी	महिला
इलाहाबाद	138	0	73
टूंडला	28	0	30
जयपुर	0	1	16
मुम्बई	107	0	84
कुल	**273**	**1**	**203**



प्रशिक्षण के लिए कार्य दिवस और कार्य घंटे

कार्य दिवस
(प्रशिक्षण की दिनों की छात्र/बैच की संख्या)

कार्य घंटे
(गणना– कुल दिनों की उपस्थित 6 घंटे/दिन)



ख) स्किल विकास प्रशिक्षण का स्तरः–

अंबाला

आईटीआई अंबाला के माध्यम से तीन माह के लिए चार बैचों में स्किल विकास प्रशिक्षण को पूरा किया गया। इसमें 150 अंबाला केंट, सरसावा और बरारा के 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। यूनिट को आबंटित रू. 15 लाख खर्च किए गए।

अहमदाबाद

140 लाभार्थियों के लिए पालनपुर, ट्राइबल सब क्षेत्र, परियोजना प्रशासक के माध्यम से विभिन्न प्रशिक्षण आयोजित किए गए। इसके अलावा आईटीआई कलोल, सानंद, मेहसाणा के माध्यम से स्किल विकास प्रशिक्षण के पांच बैचों का आयोजन किया गया इसमें 82 प्रतिभागियों ने भाग लिया। यूनिट को आबंटित 25 लाख रूपये खर्च किए गए।

अंबाला और अहमदाबाद के लिए स्किल विकास प्रशिक्षण में प्रशिक्षण कार्य दिवस हासिल किएः समझौता ज्ञापन के लक्ष्यों के अनुसार 21,305 की कुल हासिल प्रगति को निम्नानुसार दर्शाया गया हैः–

2015–16 के लिए समझौता ज्ञापन के लक्ष्यों के अनुसार, कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी और सतत विकास के अंतर्गत 30,000 कार्य दिवसों में स्किल विकास प्रशिक्षण दिया गया।

मूल्यांकन मानदंड	यूनिट	वजन%	उत्कृष्ट	बहुत अच्छा	अच्छा	फेयर	पुअर
कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी और सतत विकास							
स्किल विकास प्रशिक्षण	कार्य दिवस	3	30000	25000	22000	20000	18000

दिए गए स्किल विकास प्रशिक्षण का विवरण और प्राप्त किए गए कार्य दिवस निम्नानुसार हैः–

सी आई आई के माध्यम से वोकेशनल प्रशिक्षण	44,242
परियोजना प्रभावित व्यक्तियों के लिए स्किल विकास प्रशिक्षण	
अंबाला	13,500
अहमदाबाद	7,805
कुल कार्य दिवस प्राप्त किए गए	**65,547**

थियोरी प्रशिक्षण

रिटेल बैंच प्रशिक्षण–टूंडला

प्रेक्टीकल प्रशिक्षण

हॉस्पीटेलिटी प्रशिक्षण– मुम्बई

रोजगार

रोजगार ड्राइव– मुम्बई

अनुलग्नक – सी

कॉपोरेट शासन रिपोर्ट

1. कार्पोरेट शासन पर कंपनी के दर्शन का सक्षिप्त विवरण

कंपनी अपने लक्ष्यों और उद्देश्यों को उच्च श्रेणी की पारदर्शिता, जवाबदेही तथा परिचालन और व्यवहारों के सभी क्षेत्रों में समानता के माध्यम से प्राप्त करने में विश्वास रखती है। कॉर्पोरेट शासन सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन प्रणालियों, कानूनों, नियमों विनियमों का अनुपालन और कंपनी को अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए मानकों के अनुसरण का अनुप्रयोग है।

''गति, ईमानदारी और सफलता'' में विश्वास अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इसको प्राप्त करने के लिए उत्तरदायित्व, जवाबदेही, कर्तव्यपालन, पारदर्शिता तथा निष्पक्ष प्रकटीकरण मुख्य माध्यम है।

2. निदेशक मंडल

2.1. निदेशक मंडल की संरचना

कंपनी के अंतर्नियम के अनुच्छेद 80 के संबंध में, भारत के राष्ट्रपति ने लिखित में निर्धारित किया है कि डीएफसीसीआईएल के निदेशक मंडल में कुल 12 निदेशक होंगे। भारत के राष्ट्रपति ने दिः 04.05.2010 के पत्र सं. 2008/इंफ्रा/6/1 द्वारा डीएफसीसीआईएल के निदेशक मंडल की संरचना निम्न प्रकार अनुमोदित की गई हैः–

- अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में अध्यक्ष रेलवे बोर्ड (सी आर बी)
- प्रबंध निदेशक सहित पांच पूर्णकालिक क्रियाशील निदेशक
- रेल मंत्रालय द्वारा नामित एक
- योजना आयोग द्वारा नामित एक
- आवश्यकता के अनुसार वित्तीय संस्था से एक निदेशक सहित चार स्वतंत्र गैर सरकारी निदेशक

2.2 बोर्ड की संख्या

कंपनी के अंतर्नियम के अनुच्छेद 81 (1) के संबंध में, भारत के राष्ट्रपति को यह अधिकार है कि वे कंपनी के निदेशकों को नियुक्त कर सकते हैं। रिपोर्ट की तारीख पर कंपनी के निदेशक मंडल की कुल मौजूद संख्या दस है जिसमें पांच पूर्णकालिक निदेशक, एक अंशकालिक अध्यक्ष, रेल मंत्रालय से एक अंशकालिक सरकारी निदेशक (नामित) और एक नीति आयोग से नामित और दो स्वतंत्र निदेशक हैं। वित्तीय संस्थान के लिए आरक्षित एक पद सहित चार स्वतंत्र निदेशकों की स्थिति में एक पद रिक्त है। स्वीकृत चार स्वतंत्र निदेशकों में दो पद अभी तक रिक्त हैं

2.2.1. वित्तीय वर्ष 2015–2016 के दौरान निम्नलिखित निदेशकों ने बोर्ड को ज्वाइन किया–निल

2.2.2 वित्तीय वर्ष 2015–2016 के बंद होने के बाद निम्नलिखित निदेशकों ने ज्वाइन किया

क) रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2008/इन्फ्रा/6/1(भाग–1), दिनांक 01.04.2016 के द्वारा भारत के राष्ट्रपति ने श्री रवि माथुर और श्रीमती शक्ति मुंशी को डीएफसीसीआइएल बोर्ड में दिनांक 01.04.2016 से तीन वर्ष अथवा अगले आदेशों तक जो भी पहले हो अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक नियुक्त किया है।

ख) रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2016/पीएल/61/4 दिनांक 30.06.2016 के द्वारा भारत के राष्ट्रपति ने श्री वाई.एस.मलिक, अपर सचिव, नीति आयोग को डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड में तत्काल प्रभाव से अपर सचिव नीति आयोग के पद पर रहने तक अथवा अगले आदेशों तक जो भी पहले हो अंशकालिक सरकारी निदेशक नियुक्त किया है।

2.2.3 वित्त वर्ष 2015–2016 के दौरान निम्नलिखित निदेशकों का कार्यभार समाप्त हो गया है

क) रेलवे बोर्ड के दिनांक 25.04.2012 के पत्र सं. 2008/इन्फ्रा/6/1 के अनुसार श्री आर.एस.शर्मा, स्वतंत्र निदेशक का तीन वर्ष का कार्यकाल दिनांक 24.04.2015 समाप्त हो गया है।

2.2.4 वित्तीय वर्ष 2015–16 के बंद होने के बाद निम्नलिखित निदेशकों ने कार्यभार छोड़ दिया है

क) दिनांक 05.02.2016 को 53वीं बोर्ड बैठक की संकल्प संख्या 53.4.2 के द्वारा, कार्यालय नामित निदेशक, श्री गजेन्द्र हल्दिया का पद तकनीकी रूप से रिक्त हो गया है।

वित्त वर्ष 2015–2016 के दौरान डीएफसीसीआईएल की बोर्ड की संरचना में उनके द्वारा लिया गया निदेशक पद तथा गत वार्षिक आम बैठक के दौरान बोर्ड बैठकों में उनकी उपस्थिति निम्न प्रकार है।

नोटः–

1. निदेशकों द्वारा निदेशक का पद तथा कमेटियों में सदस्यता उन सीमाओं के भीतर है जो कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 165 के अंतर्गत निर्धारित की गई है। सार्वजनिक कंपनियों की गणना के लिए जहां एक व्यक्ति निदेशक, प्राईवेट कंपनी में निदेशक पद या तो होल्ड करता है अथवा कंपनी की सहायक कंपनी इसमें शामिल होती है।
2. ''अंशकालिक अधिकारी'' उन निदेशकों के विषय में कहा गया है जिन्हें सरकार ने डीएफसीसीआईएल के बोर्ड में मनोनीत किया है और जो रेल मंत्रालय तथा योजना आयोग (अब नीति आयोग) के अधिकारी है।
3. ''अंशकालिक गैर सरकारी'' शब्द का अर्थ है स्वतंत्र निदेशक।
4. समितियां जिन पर एक निदेशक सेवा कर सकता है, की सीमा पर विचार के उद्देश्य के लिए सभी सार्वजनिक कंपनियां चाहे वे सूचीबद्ध हों या न हों, में शामिल किया गया है।
5. अध्यक्ष/सदस्यता के लिए सीमा की पहचान के उद्देश्य के लिए लेखा परीक्षा समिति और हितधारक शिकायत समिति को केवल लिया गया है।
6. ''लागू नहीं'' का अर्थ है कि या तो इन निदेशकों ने वित्तीय वर्ष 2015–16 के बाद निदेशक का पद संभाला हो या संबंधित प्राचल में इनके कार्यालय के दौरान कमी न आई हो।

क्र.सं.	निदेशकों की श्रेणी	निदेशकों के नाम/ नियुक्ति की तारीख	डीएफसीसीआईएल सहित सरकारी कंपनी में निदेशक/अध्यक्ष के रूप में कुल पद, निजी कंपनियों को छोड़कर 1 और 5	डीएफसीसीआईएल सहित सरकारी कंपनी में समिति की सदस्यता/अध्यक्षता के रूप में कुल पद, निजी कंपनियों को छोड़कर (4 और 5)	2015–16 में (अपने कार्यकाल के दौरान) आयोजित बोर्ड बैठकों की संख्या	बोर्ड बैठकों में उपस्थिति की संख्या (अपने कार्यकाल के दौरान)	पिछली वार्षिक आम बैठक में उपस्थिति
क) अध्यक्ष (अंशकालिक सरकारी)							
1.	अध्यक्ष रेलवे बोर्ड	श्री ए.के.मित्तल (डीआईएन– 07124281) (03.02.2015 से कार्यभार संभाला)	1	कोई नहीं	5	5	हां
ख) पूर्णकालिक निदेशक							
1.	प्रबंध निदेशक	श्री आदेश शर्मा (डीआईएन– 07022393) दिनांक 20.10.2014 से कार्यभार संभाला।	1	कोई नहीं	5	5	हां
2.	निदेशक (परियोजना नियोजन)	श्री अंशुमन शर्मा (डीआईएन 03500815) दिनांक 05.04.2011 से कार्यभार संभाला।	1	1–लेखा परीक्षण समिति सदस्य	5	5	हां
3.	निदेशक (परिचालन एवं व्यवसाय विकास)	श्री एच.डी.गुजराती डीआईएन 01393052) दिनांक 29.11.2012.से कार्यभार संभाला	1	2–परिलब्धि समिति ओर कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी समिति में नामित	5	5	हाँ
4.	निदेशक (वित्त)	श्री एम.के.मित्तल (डीआईएन 02889021) (16.09.2013 पूर्वान्ह से कार्यभार संभाला)	1	2–लेखा परीक्षक समिति (सदस्य)नामित और परिलब्धि समिति (सदस्य)	5	5	हाँ

5.	निदेशक (अवसरंचना)	श्री डी.एस.राणा (डीआईएन–07022825) दिनांक 27.10.2014 से कार्यभार संभाला।	1	1–कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी समिति (सदस्य)	5	5	हां
ग) निदेशक (अंशकालिक सरकारी)							
1.	सलाहकार (अवसंरचना)/ रेलवे बोर्ड	श्री गिरीश पिल्लई (डीआईएन– 00382088) (14.11.2012 से कार्यभार संभाला)	2	3 लेखा परीक्षण समिति सदस्य कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी समिति सदस्य नामित और परिलब्धि समिति/अध्यक्ष	5	4	हां (एक शेयर धारक के रूप में)
2.	योजना आयोग के उपसभापति के सलाहकार	श्री गजेंद्र हल्दिया (डीआईएन– 02197994) (02.05.2008 से कार्यभार संभाला)	1	कोई नहीं	5	0	नहीं
3.	अपर सचिव, नीति आयोग	श्री वाई.एस.मलिक (डीआईएन– 00000555) दिनांक 30.06.2016 से कार्यभार संभाला	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
घ) स्वतंत्र निदेशक (अंशकालिक गैर सरकारी)							
1.	अंशकालिक गैर सरकारी	श्रीमती शक्ति मुंशी (01.04.2016 से कार्यभार संभाला) (डीआईएन–(00483546)	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
2.	अंशकालिक गैर सरकारी	श्री रवि माथुर डीआईएन–(02427086) (01.04.2016 से कार्यभार संभाला)	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

वित्त वर्ष 2015–16 के दौरान, निदेशक मंडल व्यापार हेतु पाँच बार मिले। डीएफसीसीआईएल के निदेशक मंडल की आयोजित बैठकों की तिथियां निम्नानुसार है:

क्रमांक	तिमाही	तारीखें
1.	जून, 2015 को समाप्त तिमाही के लिए	08.05.2015 और 08.06.2015
2.	सितंबर, 2015 को समाप्त तिमाही के लिए	13.08.2015
3.	दिसंबर, 2015 को समाप्त तिमाही के लिए	27.11.2015
4.	मार्च, 2016 को समाप्त तिमाही के लिए	05.02.2016

वित्त वर्ष 2015–16 के दौरान नियुक्त निदेशकों का संक्षिप्त विवरण:–

i श्रीमती शक्ति मुंशी/ स्वतंत्र निदेशक, डीएफसीसीआईएल, 01.04.2016 से

श्रीमती शक्ति मुंशी ने कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप दिनांक 01.04.2016 को कार्यभार ग्रहण किया। मुम्बई विश्वविद्यालय से बायोलॉजी में स्नातकोत्तर (एम. एस. सी.) ने जमनालाल बजाज विश्वविद्यालय (मुम्बई विश्वविद्यालय) से बिजनेस प्रबंधन में स्नातकोत्तर भी किया है।

श्रीमती मुंशी को नई व्यापार विकास का गहन अनुभव है और रिलायंस इन्डस्ट्रीज एवं गरवारे पोलिस्टर जैसी बड़ी भारतीय कंपनियों के नए उत्पाद को लांच किया है। उन्होंने ओमान की सल्तनत में रिटेल बिजनेस के डिवीजन हेड के रूप में और नोरवेजियन फिशरिज एक्सपोर्ट प्रमोशन काउन्सिल (नोर्वे) में सलाहकार के रूप में कार्य किया है। वह विभिन्न पर्यावरणीय और सामाजिक मुद्दों पर संवेदनशील हैं और सोलर ऊर्जा के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत रहती हैं।

वर्तमान में वह सी–टेक लेब्स प्राइवेट लि., इंडियन इंसटीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी पवई (मुम्बई–भारत) और अल्फा मेडीकस इंडिया लि. की पार्टनर साइन इनक्यूवेटर की एक कंपनी में निदेशक के पद पर कार्यरत हैं।

ii श्री रवि माथुर, स्वतंत्र निदेशक /डीएफसीसीआइएल, 01.04.2016 से

श्री रवि माथुर ने कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में दिनांक 01.04.2016 को कार्यभार ग्रहण किया है। उन्होंने भारतीय प्रशासनिक सेवा में 35 वर्षों तक सेवा की हैं। उन्होंने बी.टेक और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कानपरु से केमीकल में स्नातकोत्तर डिग्री और यूके, ग्लासगो, स्ट्राथस्लाईड यूनिवर्सिटी से एम एस सी/वित्त की डिग्री प्राप्त की है। वह भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के विनिवेश विभाग से सचिव के पद से सितबंर 2014 में सेवा निवृत हुए हैं। उन्होंने केन्द्र और राज्य सरकारों में विभिन्न पदों पर कार्य किया है। उन्हें भारत सरकार के मानव संसाधन मंत्रालय में उच्च और तकनीकी शिक्षा सेक्टरों में कार्य करने का पांच वर्ष का गहन अनुभव है। उन्होंने आईआईटी और आईआईएम सहित देश के तकनीकी संस्थानों में गवरनिंग निकायों का भी काफी अनुभव है।

iii श्री वाई.एस.मलिक अपर सचिव नीति आयोग/डीएफसीसीआईएल में अंशकालिक सरकारी निदेशक के रूप में दिनांक 30.06.2016 से

3. लेखा परीक्षा समिति

लेखा परीक्षा समिति का संयोजन

निदेशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति 14.03.2008 को गठित की गई है और समय समय पर पुनर्गठित की जाती है। वर्तमान में लेखा समिति की संरचना निम्नानुसार है:

क्रसं.	सदस्य	पद	समिति की सदस्यता ग्रहण करने की तिथि
1.	श्री रवि माथुर स्वतंत्र निदेशक	अध्यक्ष	13.05.2016
2.	श्री एम.के.मित्तल निदेशक / वित्त	सदस्य	13.06.2014
3.	श्रीमती शक्ति मुंशी स्वतंत्र निदेशक	सदस्य	13.05.2016

दिनांक 14.03.2008 को आयोजित बैठक में बोर्ड द्वारा निर्धारित संदर्भ में कार्य किया जाएगा जो हैं:

- आंतरिक नियंत्रण प्रणाली के बारे में आवधिक रूप से लेखा परीक्षकों के साथ विचार–विमर्श।
- लेखा परीक्षकों के अवलोकन समिति लेखा परीक्षा के कार्य क्षेत्र के बारे में विचार–विमर्श तथा निर्णय।
- बोर्ड को प्रस्तुत करने से पूर्व अर्द्ध वार्षिक तथा वार्षिक वित्तीय विवरण की समीक्षा तथा आंतरिक नियंत्रण प्रणाली का अनुपालन सुनिश्चित करना।
- लेखा परीक्षा रिपोर्ट सहित वित्तीय प्रबंधन से संबंधित किसी भी मामले में जांच पड़ताल।
- निदेशक मंडल द्वारा किसी अन्य मामले को लेखा परीक्षा समिति की जानकारी में लाना।
- आंतरिक लेखा परीक्षक नियुक्त करना तथा देय परिलब्धियों सहित नियुक्ति की शर्तों को तय करना। (16.06.2009 को आयोजित बोर्ड की 12वीं बैठक मं मद सं.4 में जोड़ा गया)

दिनांक 25.06.2010 को पुनर्गठित लेखा परीक्षा समिति के संदर्भ में।

लेखा परीक्षा समिति में शामिल निम्नलिखित की भूमिका होगी।

1. कंपनी की वित्तीय रिर्पोटिंग प्रक्रिया का निरीक्षण तथा इसकी वित्तीय सूचना का प्रकटन ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि वित्तीय विवरण सही, पर्याप्त तथा विश्वसनीय है।
2. लेखा परीक्षा शुल्क के निर्धारण के बारे में बोर्ड को सिफारिशें।
3. सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा प्रदान की गई किसी अन्य सेवा के लिए सांविधिक लेखा परीक्षकों को भुगतान का अनुमोदन।
4. अनुमोदन हेतु बोर्ड के प्रस्तुत करने से पूर्व वार्षिक वित्तीय विवरण की प्रबंधन के साथ समीक्षा।
5. कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 217 के खंड (2एए) के संदर्भ में बोर्ड की रिपोर्ट में सम्मिलित किए जाने वाले निदेशक की जिम्मेदारी के विवरण के अपेक्षित मुद्दे;
   - यदि लेखा तथा कार्यप्रणाली में कोई परिवर्तन है तो इसके लिए कारण दें;
   - प्रबंधन द्वारा निर्णय के आधार पर प्राक्कलन सहित प्रमुख लेखा प्रविष्टियां;
   - लेखा परीक्षा जांच परिणामों में पाए गए वित्तीय विवरणों को उचित समायोजन;
   - वित्तीय विवरणों से संबंधित कानूनी आवश्यक्ताओं का अनुपालन;

- किसी संबंधित पार्टी के लेन–देन का प्रकटन; तथा
- लेखा परीक्षा रिपोर्ट के प्रारूप में शर्तें।

6. अनुमोदन के लिए बोर्ड को प्रस्तुत करने से पूर्व तिमाही वित्तीय विवरण की प्रबंधन के साथ समीक्षा।
7. प्रबंधन के साथ आंतरिक लेखा परीक्षा तथा आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्त समीक्षा।
8. आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग की संरचना, विभाग के शीर्ष अधिकारियों की स्टाफिंग तथा वरिष्ठता, रिपोर्टिंग संरचना तथा आंतरिक लेखापरीक्षा की बारंबारता सहित आंतरिक लेखापरीक्षा प्रक्रिया की पर्याप्त समीक्षा, यदि कोई हो तो।
9. किसी विशेष जांच पड़ताल के लिए आंतरिक लेखापरिक्षकों तथा/या लेखापरीक्षकों के साथ विचार–विमर्श तथा उसका अनुपालन।
10. ऐसे मामलों की जहां धोखाधड़ी या अनियमितता या सामग्री के आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की विफलता की संभावना की आंतरिक जांच आंतरिक लेखापरीक्षकों/एजेंसी द्वारा की जाएगी तथा निष्कर्ष की समीक्षा और मामले के बारे में बोर्ड को सूचित करना।
11. लेखा परीक्षा प्रारंभ करने से पूर्व लेखापरीक्षा की प्रकृति तथा क्षेत्र के बारे में सांविधिक लेखापरीक्षा के साथ विचार–विमर्श तथा साथ ही साथ किसी संबंधित क्षेत्र का पता लगाने के लिए लेखा परीक्षा उपरांत विचार–विमर्श।
12. जमाकर्ता, ऋणपत्र धारकों, अंशधारकों (घोषित लाभांश के गैर भुगतान के मामले में) तथा क्रेडिटरों को भुगतान में वास्तविक चूककर्ताओं के लिए कारण का पता लगाना।
13. व्हीसल ब्लोअर (मुखविर) मैकेनिज़म की कार्यप्रणाली की समीक्षा।
14. नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की लेखा परीक्षा टिप्पणी पर अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा।
15. संसद की सार्वजनिक उपक्रम (सीओपीयू) की समिति की सिफारिशों पर अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा।
16. स्वतंत्र लेखापरीक्षक, आंतरिक लेखापरीक्षक तथा निदेशक मंडल के बीच संवाद का मार्ग प्रशस्त करना।
17. कंपनी में पार्टी से संबंधित सभी लेन–देन की समीक्षा। इस उद्देश्य के लिए लेखापरीक्षा समिति एक सदस्य को नामित कर सकती है जो पार्टी संबंधी लेन देन की समीक्षा के लिए जिम्मेदार होगी।

व्याख्याः– "संबंधित पार्टी लेन–देन" कथन का वही अर्थ है जोकि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया द्वारा जारी लेखा मानक 18 में निहित है।

18. लेखापरीक्षा प्रयासों के समन्वय की स्वतंत्र लेखा परीक्षा के साथ समीक्षा ताकि कवरेज की पूर्णता, अत्यधिक प्रयासों की कमी तथा सभी लेखापरीक्षा स्रोतों के प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करना।
19. स्वतंत्र लेखापरीक्षक तथा प्रबंधन के साथ निम्न पर विचार एवं समीक्षाः
    - कंप्यूटरीकृत सूचना प्रणाली नियंत्रण तथा सुरक्षा सहित आंतरिक नियंत्रण की उपयुक्तता, और
    - प्रबंधन के प्रत्युतर के साथ स्वतंत्र लेखा परीक्षक की जांच पड़ताल तथा सिफारिशों से संबंध।
20. निम्न का प्रबंधन, आंतरिक लेखापरीक्षक तथा स्वतंत्र लेखापरीक्षक के साथ विचार विमर्श तथा समीक्षा।
    - पूर्व लेखापरीक्षा की सिफारिशों की स्थिति सहित वर्ष के दौरान के वास्तविक निष्कर्ष।
    - लेखापरीक्षा कार्य के दौरान आई कोई दिक्कत तथा गतिविधियों के कार्यक्षेत्र पर कोई प्रतिबंध या अपेक्षित सूचना की प्राप्ति।
21. कोई अन्य कार्य करना जैसा कि लेखापरीक्षा के विचारार्थ विषय में उल्लिखित है।

दिनांक 07.08.2012 को पुनर्गठित लेखा परीक्षा समिति के लिए अतिरिक्त विचारार्थ विषय जिसे जारी रखा जा रहा है

कॉर्पोरेट संचालन पर डीपीई के दिशा निर्देश का अध्याय–4 लेखा परीक्षा समिति के साथ व्यवहार करता है। अध्याय का खंड 4.5 में अपेक्षित है कि निम्नलिखित सूचना की समीक्षा लेखापरीक्षा समिति द्वारा की जाएगी।

क) प्रबंधकीय विचार विमर्श और वित्तीय स्थितियों का विश्लेषण तथा ऑपरेशन का परिणाम,

ख) प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत किए गए पार्टी लेनदेन से संबंधित विवरण,

ग) सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा जारी प्रबंध पत्र/आंतरिक नियंत्रण निर्बलता,

घ) आंतरिक नियंत्रण निर्बलता से संबंधित सांविधिक लेखा परीक्षा रिपोर्ट,

ड़) लेखा परीक्षा समिति से पूर्व मुख्य लेखा परीक्षक की नियुक्ति या निष्कासन और

च) मुख्य कार्यकारी/मुख्य वित्त अधिकारी द्वारा वित्तीय विवरणों का प्रमाणन/घोषणा।

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 177(4) के अतिरिक्त संदर्भ में लेखा परीक्षा समिति

1. अन्य बातों के साथ–साथ प्रत्येक लेखा परीक्षा समिति, बोर्ड द्वारा लिखित विशिष्ट संदर्भ के अनुसार कार्य करेगी जिसमें सम्मिलित है–

   i कंपनी के लेखा परीक्षक की नियुक्ति की शर्तें और परिलब्धियां, नियुक्ति के लिए सिफारिश;

   ii लेखा परीक्षकों की स्वतंत्र और निष्पादन, और लेखा परीक्षा प्रक्रिया को प्रभावशाली बनाने के लिए रिव्यू और मॉनीटर करना;

   iii लेखा परीक्षक रिपोर्ट और वित्तीय विवरण की जांच;

   iv सबंधित पार्टीयों के साथ कंपनी के लेनदेन, बाद में कोई भी संशोधन अथवा अनुमोदन;

   v आंतरिक कॉर्पोरेट ऋणों और निवेशो की जांच

   vi जहां भी आवश्यक हो अंडरटेकिंग अथवा कंपनी की परिसंपत्तियों का मूल्यांकन;

   vii जोखिम प्रबंधन प्रणालियों और आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का मूल्यांकन;

   viii पब्लिक ऑफर और संबंधित मदों के माध्यम से उत्पन्न फंड का उपयोग और मॉनीटरिंग;

   ix तंत्र की निगरानी और जो लेखा परीक्षा समिति निदेशक और कर्मचारी जिनके विरूद्व जुल्म हुए हैं को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करना और यदि किसी कर्मचारी अथवा निदेशक द्वारा बार बार तुच्छ शिकायतों के मामलें में, लेखा परीक्षा समिति, संबंधित निदेशक अथवा कर्मचारी के विरूद्व फटकार सहित उचित कार्रवाई कर सकती है।

लेखा परीक्षा समिति की शक्तियां

पर्याप्त शक्तियों के साथ निदेशक मंडल द्वारा अपनी भूमिका के अनुरूप लेखा परीक्षा समिति को निवेश किया जाना चाहिए जिनमें निम्नलिखित को शामिल किया जाना चाहिए:

i अपनी शर्तों के संदर्भ में किसी भी गतिविधि की जांच।

ii किसी कर्मचारी की किसी भी रूप में सूचना की तलाश।

iii निदेशक मंडल के अनुमोदन के अधीन बाहर से कानूनी अथवा व्यावसायिक परामर्श लेना।

iv यदि आवश्यक हो, संबंधित विशेषज्ञों के साथ बाहरी लोगों की उपस्थिति को सुरक्षित करना।

v मुखविर की सुरक्षा करना।

vi आंतरिक कन्ट्रोल प्रणाली के बारे में लेखा परीक्षक की टिप्पणीयों को लेखा परीक्षा समिति कॉल कर सकती है, लेखा परीक्षा का क्षेत्र, लेखा परीक्षकों की टिप्पणीयों और बोर्ड को प्रस्तुत करने से पूर्व वित्तीय विवरण की जांच और अन्य कोई मुद्दों को आंतरिक और संविधिक लेखा परीक्षकों ओर कंपनी के प्रबंधन पर चर्चा कर सकती हैं।

vii लेखा परीक्षा समिति के निष्पादन के लिए अपेक्षित सभी शक्तियां।

viii कंपनी अधिनियम 2013 के धारा 177 की उप धारा (4) में वर्णित मदों से संबंधित किसी भी मामलें अथवा बोर्ड द्वारा भेजे गए मामलों की लेखा परीक्षा समिति जांच करने के लिए प्राधिकारी होगी और इस उद्देश्य के लिए उसे बाहरी स्रोतों से पेशेवर को परामर्श प्राप्त करने की शक्ति होगी और उसे कंपनी के रिकार्ड में वार्णित सूचना को उपयोग करने का पूरा अधिकार होगा।

समीक्षावधि के दौरान समिति ने निम्न तिथियों को 5 बार बैठक की – 08.05.2015, 08.06.2015, 12.08.2015, 18.11.2015 एवं 26.02.2016।

वर्ष 2015–16 के दौरान समिति के सदस्यों की उपस्थिति निम्न प्रकार हैः–

सदस्य	पद	आयोजित बैठकें**	बैठकों में उपस्थिति***
श्री गिरिश पिल्लई, नामित निदेशक	अध्यक्ष	5	5
श्री एम.के.मित्तल, निदेशक/वित्त	सदस्य	5	5
श्री अंशुमान शर्मा, निदेशक/परियोजना नियोजन	सदस्य	5	5

** ''आयोजित बैठकें'' दर्शाती है कि समिति के सदस्यों की अवधि के दौरान बैठकों की संख्या।

*** ''बैठकों में उपस्थिति'' दर्शाती है कि अपने कार्यकाल के दौरान सदस्यों ने कितनी बैठकों में भाग लिया।

4. नामित और पारिश्रमिक समिति

बोर्ड की ''एच आर'' और पारिश्रमिक समिति को भंग कर दिया गया है और दिनांक 13.08.2015 को आयोजित बोर्ड की 51वीं बैठक के संकल्प संख्या 51.3.7 द्वारा नई समिति '' नामित और पारिश्रमिक समिति'' नाम से एक नई समिति का गठन किया गया है।

संदर्भ की शर्ते

क) नामित और पारिश्रमिक समिति निर्धारित मानदंड के अनुसार नियुक्ति के लिए वरिष्ठ प्रबंधन की पहचान कर, बोर्ड को उनके नियुक्ति और रिमूवल की सिफारिश करेगी।

नोटः

बोर्ड द्वारा अनुमोदित वरिष्ठ प्रबंधन व्यक्ति और बोर्ड सदस्यों के लिए ''कोड ऑफ कन्डेक्ट'' की खंड 2(1.5) के संदर्भ के साथ, ''वरिष्ठ प्रबंधन व्यक्ति'' का अर्थ कंपनी का वह व्यक्ति निदेशक मंडल को छोड़कर कोर प्रबंधन टीम का सदस्य और सभी कार्यात्मक प्रमुखों सहित पूर्ण कालिक निदेशकों से नीचे प्रबंधन का सदस्य होगा।

ख) अन्य कर्मचारियों और वरिष्ठ प्रबंधन का पारिश्रमिक, बोर्ड की नीति के अनुसार नामन और पारिश्रमिक समिति द्वारा देने की सिफारिश की जाएगी।

ग) नामन और पारिश्रमिक समिति नीति को तैयार करते समय उप सेक्शन (3) को सुनिश्चित करेगी कि–

1. पारिश्रमिक का निष्पादन संबंध स्पष्ट हो और उचित निष्पादन को पूरा करती हो और
2. कंपनी के कार्यो और उसके लक्ष्यों के लिए लघु और दीर्घकालीन निष्पादन उद्देश्यों को दर्शाते हुए फिक्सड और प्रोत्साहन भुगतान में शामिल वरिष्ठ प्रबंधन का परिश्रमिक।

नामित और पारिश्रमिक समिति का संयोजन निम्नानुसार है:

क्रसं.	सदस्य	स्थिति	समिति की सदस्यता ग्रहण करने की तारीख
1.	श्री गिरीश पिल्लई, सरकार नामित निदेशक (रेल मंत्रालय)	अध्यक्ष	13.08.2015
2.	श्रीमती शक्ति मुंशी, स्वतंत्र निदेशक	सदस्य	13.05.2016
3.	श्री रवि माथुर, स्वतंत्र निदेशक	सदस्य	13.05.2016
4.	श्री एच.डी.गुजराती, निदेशक (परिचालन एवं व्यवसाय विकास)	विशेष आमंत्रित	13.08.2015

वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान, नामित और पारिश्रमिक समिति की बैठकें: निल

क) निदेशकों की पारिश्रमिक

कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत डीएफसीसीआईएल पूर्णतः सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी है, कंपनी के पूर्णकालिक निदेशकों की नियुक्ति रेल मंत्रालय के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। इस प्रकार नियुक्त क्रियाशील निदेशक सरकार द्वारा निर्धारित वेतनमान के औद्योगिक महंगाई भत्ते (आईडीए) नमूने के अंतर्गत तथा समय–समय पर भारत सरकार द्वारा जारी निबंधन व शर्तों के अनुरूप मेहनताना लेते है। आई डी ए वेतनमान (2007) और भत्तों का बास्केट डीएफसीसीआईएल में कार्यान्वित है।

कंपनी बोर्ड के अंशकालिक सरकारी (सरकार द्वारा नामित) निदेशक कंपनी से कोई पारिश्रमिक नहीं लेते हैं। वे सरकार से केवल सरकारी अधिकारी के रूप में पारिश्रमिक लेते हैं। अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक (स्वतंत्र) वित्तीय वर्ष के दौरान बोर्ड की बैठकों में उपस्थित होने के लिए फीस लेते है।

वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए पूर्णकालिक क्रियाशील गैर सरकारी निदेशकों को किए गए भुगतान का विवरण नीचे दिया गया है।

क्र.सं.	निदेशक का नाम	वेतन एवं भत्ते (रुपये में)	अन्य लाभ एवं पर्क्स (रुपये में)	निष्पादन संबंधी प्रोत्साहन (रुपये में)	कुल (रुपये में)
1.	श्री आदेश शर्मा (प्रबंध निदेशक)	26,16,800.00	1,53,381.00		27,70,181.00
2.	श्री एच.डी.गुजराती, निदेशक (परिचालन एवं व्यवसाय विकास)	24,35,102.00	1,53,462.00		25,88,564.00
3.	श्री डी.एस.राणा निदेशक (अवसंरचना)	24,17,512.00	92,512.00		25,10,024.00
4.	श्री अंशुमान शर्मा निदेशक (पीपी)	25,61,335.00	4,14,899.00		29,76,234.00
5.	श्री एम.के.मित्तल निदेशक (वित्त)	27,33,436.00	1,66,880.00		29,00,316.00
	कुल योग				**1,37,45,319.00**

ख) वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए अंशकालिक गैर सरकारी निदेशकों को सीटिंग फीस के भुगतान का विवरणः–निल

वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान अंशकालिक गैर सरकारी निदेशकों के सभी पद रिक्त हैं।

5. कॉर्पोरेट सामजिक जिम्मेदारी समिति

''बोर्ड'' की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी समिति का मूल रूप से 13.06.2014 को गठन किया गया था और समय समय पर पुर्नगठन किया गया था। कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी समिति का तारीख पर संयोजन निम्नानुसार हैः

क्रसं.	सदस्य	स्थिति	समिति में सदस्यता ग्रहण करने की तारीख
1.	श्री एच.डी.गुजराती, निदेशक/परिचालन एवं व्यवसाय विकस	संयोजक/सदस्य	13.06.2014
2.	श्री रवि माथुर, स्वतंत्र निदेशक	अध्यक्ष	13.05.2016
3.	श्री डी.एस.राणा, निदेशक/अवसंरचना	सदस्य	08.05.2015

संदर्भ शर्तेंः

कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी समिति करेगीः

क) सातवीं अनुसूची में निर्दिष्ट कंपनी द्वारा की जा रही गतिविधियों को दर्शाते हुए बोर्ड कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी नीति की तैयार करेगी और सिफारिश करेगी।

ख) खंड (क) में वर्णित गतिविधियों पर खर्च की जाने वाली राशि की सिफारिश।

ग) समय समय पर कंपनी की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी नीति को मॉनीटर करना।

वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान, कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी की दिनांक 04.08.2015 को बैठक हुई थी।

6. सामान्य बैठकें

वार्षिक आम बैठक

कंपनी की वार्षिक आम बैठको को नई दिल्ली में आयोजित की गई, जहां कंपनी का पंजीकृत कार्यालय स्थित है। पिछले तीन वर्षों के दौरान हुई, बैठकों का विवरण नीचे है:

वार्षिक आम बैठक	वर्ष	स्थान	तारीख	समय
सातवीं	2012–2013	कमेटी रूम, द्वितीय तल, रेल भवन, रायसीना रोड नई दिल्ली–110001	27.09.2013	12.30 बजे
आठवीं	2013–2014	कमेटी रूम, द्वितीय तल, रेल भवन, रायसीना रोड नई दिल्ली–110001	19.09.2014	16.00 बजे
नवमीं	2014–2015	बोर्ड रूम, पांचवा तल, प्रगति मैदान मैट्रो स्टेशन भवन परिसर, नई दिल्ली–110001	21.09.2015	12.30 बजे

पिछली तीन वार्षिक आम बैठकों में पास किए गए विशेष संकल्पों का विवरण

वार्षिक आम बैठक	वर्ष	स्थान	तारीख	समय
सातवीं	2012–2013	कोई नही	27.09.2013	12.30 बजे
आठवीं	2013–2014	धारा 180(1) (सी) में निर्धारित सीमा से अधिक राशि के ऋण की शक्ति	19.09.2014	16.00 बजे
नवमीं	2014–2015	कोई नही	21.09.2015	12.30 बजे

7. प्रकटन

क) वित्तीय विवरणों की नोट सं. 29 में प्रकट किए गए प्रमुख प्रबंधन व्यक्तियों के अलावा कंपनी का भौतिक रूप से किसी पार्टी से लेन–देन नही किया गया है।

ख) परियोजना निष्पादन डीएफसीसीआईएल को सौंपने के उद्देश्य से व्यय के सभी मदों को डीएफसीसीआईएल के लेखा में नामे किया गया है और वह परियोजना निष्पादन से संबंधित है।

ग) निदेशक मंडल के लिए कोई व्यक्तिगत व्यय नहीं किया गया।

घ) प्रतिशत के रूप में प्रशासनिक व्यय का कुल व्यय जो वर्ष 2014–2015 में 4.14% था वर्ष 2015–2016 में घटकर 3.81% हो गया है।

8. कॉर्पोरेट संचार

किसी भी संगठन की ब्राडिंग और व्यापार जागरूकता को बनाने और बनाए रखने में कॉर्पोरेट संचार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। द्वि–दिशात्मक संचार रणनीति की अद्यतन सूचना, ब्रांड मूल्य का सृजन और दर्शकों के बीच संगठन की प्रतिष्ठा को बढाना होता है।

एक सार्वजनिक क्षेत्र के अस्तित्व वाली डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) योजना, निर्माण और प्रतिष्ठित अवसंरचना के संचालन में संलग्न होने के कारण अच्छा संचार उसके किए जा रहे प्रयासो को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। संचार का कार्य आपके बारे में बोलना और कहना नही है बल्कि जनता की आवाज को सुनकर उनकी संचार आवश्यक्ताओं को पूरा करना है। वर्ष 2015–16 इसका साक्षी है कि संचार को मजबूत और स्थापित करने में डीएफसीसीआईएल द्वारा विभिन्न नए अभिनव प्रयासों को किया गया।

दुनिया में सामाजिक मीडिया की लोकप्रियता बढ़ने के साथ, किसी भी संगठन की संचार रणनीति को लोकप्रिय सामाजिक नेटवर्क प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, ट्विटर और यू टयूब आदि के प्रयोग के बिना पूरा नहीं हो पाता है। इस तरह के तथ्यों को स्वीकार करते हुए डीएफसीसीआईएल ने दो तरह के संचार के लिए अधिकारिक फेसबुक पेज बनाया। अन्य लोकप्रिय प्लेटफार्म के रूप में डीएफसीसीआईएल द्वारा अपडेट, फोटोग्राफ और अन्य महत्वपूर्ण सूचना को साझा करने के लिए ट्विटर का उपयोग किया जा रहा है। वर्ष 2015–16 के दौरान डीएफसीसीआईएल द्वारा एक आधिकारिक यू ट्यूब चैनल, विभिन्न निर्माण साइटों से लिए गए लेटेस्ट वीडियों को भी अपलोड किया गया है।

डीएफसीसीआईएल नियमित रूप से परियोजना की अपलोड की गई अद्यतन स्थिति और पूरी तस्वीर को प्रचारित करने के लिए प्रिन्ट और इलेक्ट्रोनिक मीडिया से सूचना का आदान प्रदान करती है। वर्ष 2015–16 में डीएफसीसीआईएल ने क्रमशः दिनांक 07.08.2015 और 16.02.2016 को दो प्रेस सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमें मीडिया से कवरेज और अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। इसके अलावा डीएफसीसीआईएल द्वारा महत्वपूर्ण अवसरों और घटनाओं की फोटोग्राफ सहित प्रेस विज्ञप्ति जारी की जाती है। इस प्रेस विज्ञप्ति को डीएफसीसआईएल की वेबसाइट पर अपरलोड किया जाता है और व्यापक पहुंच के लिए डीएफसीसीआईएल के फेसबुक और ट्विटर हेंडल से लिंक किया जाता है। डीएफसीसीआईएल द्वारा महत्वपूर्ण प्रेस विज्ञप्तियों को हिंदी में भी जारी करना आंरभ कर दिया गया है। अवधि के दौरान 25 प्रेस विज्ञप्तियों को अंग्रेजी और हिंदी में जारी किया गया।

नियमित प्रेस सम्मेलन के अलावा, कॉर्पोरेट संचार विभाग प्रतिष्ठित समाचार पत्र संगठनों के प्रेस संवाददाताओं के साथ डीएफसीसीआईएल के प्रबंध निदेशक के साथ बातचीत सत्र का आयोजन करता है। इसमें बिजनेस लाइन, फाइनेन्शियल एक्सप्रेस, बिजनेस स्टेण्डर्ड एंड मेल टूडे में प्रकाशित साक्षात्कार शामिल होते हैं। इसके अतिरिक्त जी बिजनेस चैनल की मीडिया टीम द्वारा पश्चिम डीएफसी की विभिन्न निर्माण गतिविधियों को केप्चर करने के लिए साइटों का दौरा किया गया। जी बिजनेस ने 15 मिनट अवधि की एक कहानी प्रस्तुत की है जिसे दिनांक 22.02.2016 को प्रसारित किया गया और दिनांक 23.02.2016 को जी बिजनेस और अन्य जी मीडिया चैनलों पर कई बार प्रसारित किया गया।

9. लेखा परीक्षा अर्हता

मेसर्स बावेजा एंड कौल, चार्टड एकाउंटेंट द्वारा प्रस्तुत की गई लेखा परीक्षा रिपोर्ट में कोई भी अर्हता शामिल नहीं है और अतः कोई टिप्पणी अथवा स्पष्टीकरण की आवश्यकता नहीं है।

10. बोर्ड सदस्यों का प्रशिक्षण

डीएफसीसीआईएल ने अपने अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए विस्तृत प्रशिक्षण कार्यक्रम दिलवाने के लिए चिंतित है। अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रशिक्षण का विवरण कॉर्पोरेट शासन रिपोर्ट में अलग से दिखाया गया है। बोर्ड सदस्यों के परिचय के क्रम में, वर्तमान में उनके बोर्ड में शामिल होने पर निदेशक को एक सेट दस्तावेज/बुकलेट देने की परम्परा रही है। कागजातों के सेट में पिछले वित्त वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट, ज्ञापन और एसोसिएशन के अनुच्छेद, एमओयू के साथ समझौता ज्ञापन, लक्ष्य और उपलब्धियां सम्मिलित हैं। यह पदधारी को मूल सूचनाएं उपलब्ध करवाता

है। इसके अतिरिक्त बोर्ड के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन अधिकारियों को समय समय पर विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नामित किया जाता है।

11. सीईओ/सीएफओ प्रमाणन

निदेशक मंडल को प्रस्तुत मुख्य कार्यकारी और सीएफओ द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र रिपोर्ट के अनुलग्नक सी–1 में संलग्न है।

12. व्यापार आचार संहिता एवं नीति शास्त्र

कंपनी ने बोर्ड सदस्यों तथा वरिष्ठ स्तर प्रबंधन के लिए आचार संहिता तैयार की है जोकि निदेशक मंडल द्वारा विधिवत अनुमोदित हैं। बोर्ड की 36वीं बैठक में निर्देश के द्वारा बोर्ड सदस्यों तथा वरिष्ठ प्रबंधन के लिए व्यापार आचार संहिता एवं नीति शास्त्र जो 1 अप्रैल 2009 से लागू है, को डीपीई के दिशा निर्देश में सुझाये गए मॉडल कोड ऑफ कन्डेक्ट के द्वारा बदला गया। निदेशकों एवं वरिष्ठ प्रबंधन कर्मियों के लिए आचार संहिता के निबंधन में, आचार संहिता का पालन किया गया है और वार्षिक अभिवचन सभी बोर्ड के क्रियात्मक सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कर्मियों से प्राप्त किया गया है। आचार संहिता कंपनी की वेबसाइट www.dfccil.gov.in पर भी उपलब्ध है। 2015–16 के दौरान बोर्ड के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कर्मियों द्वारा आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि को प्रबंध निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित घोषणा को अनुबंध ''सी–2'' में दिया गया है।

13. सचेतक (व्हीसल ब्लोअर) नीति

डीएफसीसीआईएल अपने कार्यों को ऊँचे पेशेवर अंदाज, ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के साथ करने में विश्वास रखती है और अपने सभी कर्मचारियों के नैतिक व्यवहार को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए कंपनी एक ऐसी संस्कृति के निर्माण में विश्वास रखती है जहां सभी कर्मचारियों के लिए उनकी चिंताओं को अनीतिपरक प्रथाओं या कदाचार के संबंध में उठाना सुरक्षित रहेगा। कंपनी ने एक व्हीसल ब्लोअर नीति बनाई है। यह नीति समर्थ कर्मचारियों को समर्थ बनाने के लिए एक तंत्र उपलब्ध कराती है जो कंपनी के अंदर गंभीर अनियमितताओं से संबंधित चिंताओं को बिना किसी डर के उठाना चाहते हैं और जो प्रतिनियुक्ति पर आए कर्मचारियों सहित डीएफसीसीआईएल के कर्मचारियों द्वारा संरक्षित प्रकटन शामिल करते है।

14. अनुपालन प्रमाण–पत्र

सार्वजनिक उपक्रम विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुरुप में निगमित शासन की शर्तों के अनुपालन के संबंध में कार्यरत कंपनी सचिव से प्राप्त प्रमाण पत्र वार्षिक रिपोर्ट का अंश है। वार्षिक रिपोर्ट के भाग का फार्म अनुलग्नक '('सी–3'') पर है।

डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर

डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

भारत सरकार का उपक्रम

प्रबंध निदेशक और निदेशक/वित्त का प्रमाणन

हमने वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए तुलन पत्र, लाभ हानि विवरण और नकद प्रवाह विवरण सहित वित्तीय विवरणों की समीक्षा की है और हमारी जानकारी एवं विश्वास के अनुसारः

i) इन विवरणों में कोई भी हकीकत में असत्य विवरण या किसी भी महत्वपूर्ण तथ्य को छोड़ा नहीं गया है अथवा विवरणों में गुमराह नहीं किया गया है।

ii) कंपनी के मामलों को ध्यान में रखते हुए इन विवरणों के साथ प्रस्तुत सभी सत्य और स्पष्ट विचार प्रस्तुत किए गए हैं।

iii) जहां तक हमारे ज्ञान एवं विश्वास में है, वर्ष के दौरान कंपनी में किसी भी धोखाधड़ी और गैरकानूनी अथवा कंपनी की आचार संहिता के उल्लंघन नहीं किया गया है।

iv) हम वित्तीय रिर्पोटिंग के लिए आंतरिक नियंत्रणों के स्थापित और रखरखाव करने के लिए जिम्मेदारी स्वीकार करते हैं और हमने वित्तीय रिर्पोटिंग से संबंधित कंपनी की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया है। हमने इस प्रकार आंतरिक नियंत्रण के संचालन और डिजायन की कमियों लेखा परीक्षको और लेखापरीक्षण समिति के समक्ष खुलासा किया है, कमियों को दूर करने के लिए उठाए जाने वाले कदम अथवा इन कमियों को दूर करने का प्रस्ताव किया है।

v) वर्ष के दौरान हमने लेखा नीतियों में बदलाव के बारे में लेखा परीक्षकों एवं लेखा परीक्षण समिति को सूचित कर दिया है, और इसका खुलासा भी वित्तीय विवरणों में कर दिया गया है और,

vi) हम इसके लिए सजग है कि कंपनी के आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की कुल वित्तीय रिर्पोटिंग कर्मचारी अथवा प्रबंधन का महत्वपूर्ण भूमिका नहीं है और न ही कोई धोखाधड़ी की गई है।

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

ह/–	ह/–
(आदेश शर्मा)	(ए.के.मित्तल)
प्रबंध निदेशक	निदेशक/वित्त

स्थानः नई दिल्ली
दिनांक 26.8.2016

वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान निदेशक मंडल के सदस्यों एवं वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा संचालित व्यवसाय और नीतिशास्त्र संहिता के अनुपालन के संबंध में प्रबंध निदेशक द्वारा घोषणा।

मैं, आदेश शर्मा, प्रबंध निदेशक, डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड घोषणा करता हूं कि निदेशक मंडल के सभी सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन अधिकारीगणों ने 2015–16 के दौरान संचालित व्यवसाय और नीतिशास्त्र संहिता का दृढ़ता से अनुपालन सुनिश्चित किया है।

ह./–
(आदेश शर्मा)
प्रबंध निदेशक

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 06.05.2016

बालिका शर्मा एंड एसोसियेटस
कंपनी सचिव

पताः फ्लेट नं.211, पॉकेट ए/3, सेक्टर 7,
रोहिणी, नई दिल्ली पिनकोड–110085
मोबाइलः 9811387946
ई–मेलः balikasharma@gmail.com

सदस्य

मेसर्स, डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कार्पोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय, 5वां तल, प्रगति मैदान मैट्रो स्टेशन भवन परिसर नई दिल्ली–110001

सीआईएनः यू60232डीएल2006जीओआई155068

विषयः–

केन्द्रीय सार्वजनिक उद्यम 2010 के लिए कॉर्पोरेट संचालन से संबंधित दिशानिर्देशों के अंतर्गत कॉर्पोरेट संचालन की स्थितियों के अनुपालन के प्रसंग में अनुपालन प्रमाणपत्र।

1. यह प्रमाणपत्र डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कार्पोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड (यहां कंपनी के रूप में परिभाषित) द्वारा कॉर्पोरेट संचालन की नीतियों के वित्तीय वर्ष समाप्ति 31 मार्च, 2016 में भारत सरकार, केन्द्रीय सार्वजनिक उद्यम (डीपीई) के तहत निर्धारित दिशानिर्देश के रूप में परिभाषित अनुपालन के संबंध में जारी किया गया है।

2. कॉर्पोरेट संचालन की नीतियों के अनुपालन का उत्तरदायित्व प्रबंधन का है। हमारी जांच उन प्रणालियों तथा उनके कार्यान्वयन तक सीमित है जिनका कंपनी ने कॉर्पोरेट संचालन के लिए अनुपालन किया है जो दिशानिर्देशों के अनुसार है। न तो यह लेखा परीक्षा का भाग है और न ही कंपनी के वित्तीय विवरण (फायनेंशियल स्टेटमैंट) से संबंधित कोई टिप्पणी है।

3. हमने प्रमाणपत्र के जारी करने के उद्देश्य के लिए जिन सूचनाओं और स्पष्टीकरण की आवश्यकता थी, हमारे अनुमान के अनुसार वे सब हमने एकत्र कर लिए हैं और आवश्यकता के अनुसार हमें संबंधित दस्तावेज, प्रमाणपत्र तथा अभिलेख उपलब्ध कराए गए।

4. हम प्रमाणित करते है। कि पिछले वित्तीय वर्ष 31 मार्च, 2016 में कंपनी ने निम्न के अतिरिक्त अपनी कॉर्पोरेट संचालन रिपोर्ट में विभिन्न दिशानिर्देशों के प्रावधानों का अनुपालन किया है;

   क) खंड सं. 3.1 जो निदेशक मंडल संयोजन–स्वतंत्र निदेशकों से संबंधित है।

5. हम यहां पर यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि यह अनुपालन इस बात का आश्वासन नहीं देता कि जिस प्रकार से प्रबंधन ने कंपनी के कारोबार का संचालन किया, भविष्य में भी इस प्रकार की दक्षता तथा कार्य कुशलता के साथ कार्य करता रहेगा।

ह/–
बालिका शर्मा एंड एसोसियेटस
कंपनी सचिव
एफसीएस–4816, सीपीः 3222

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 08.08.2016

अनुलग्नक – डी

प्रबंधकीय विचार विमर्श एवं विश्लेषण रिपोर्ट

औद्योगिक ढांचा एवं विकास

भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अवसंरचना क्षेत्र एक प्रमुख चालक है। भारत के समावेशी विकास को बढ़ाने के लिए सेक्टर प्रमुख रूप से जिम्मेदार है और देश की विश्व स्तरीय अवसंरचना के समयबद्व सृजन के लिए सरकार का विशेष ध्यान केन्द्रित कर नीतियों की शुरूआत को सुनिश्चित करना होगा।यह सेक्टर रेलवे अवसंरचना, सड़क अवसंरचना सहित पोर्ट आदि को जोड़ने के विकास का कार्य कर रहा है।

रेल परिवहन हमारे देश के परिवहन ढाचें में रीढ़ की हड्डी के समान है। माननीय रेल मंत्री जी ने अपने भाषण में उल्लेख किया है कि मालभाड़ा नीतियों पर पारंपरिक सोच को जीतना है, परिवहन सेक्टर में रेलवे की हिस्सेदारी की वापसी को बदलने की जरूरत है।

मालभाड़ा व्यापार के त्वरित विस्तार पर जोर देकर, यह आवश्यक है कि आर्थिक और पर्यावरणीय विकास के लिए अनुवर्ती लाभों के साथ और अधिक डेडीकेटड फ्रेट कोरीडोर्स का निर्माण किया जाए।

उद्देश्यों को पूरा करने के लिए, डीएफसीसीआईएल ने एक ''विशेष उद्देश्य व्हीकल'' को ध्यान में रखकर डेडीकेटेड फ्रेट लाइनों के लिए योजना एवं विकास, निर्माण, रखरखाव और परिचालन का उत्तरदायित्व लिया है। यह प्रस्ताव किया गया है निम्नलिखित फ्रेट कोरीडोर्स को दिल्ली से चैन्नई को जोड़ने के लिए उत्तर–दक्षिण, खड़गपुर से मुम्बई को जोड़ने के लिए पूर्व–पश्चिम और खड़गपुर से विजयवाडा जोड़ने के लिए पूर्व तटीय को बनाने का कार्य किया जाए। यह प्रस्ताव किया गया है कि इन परियोजनाओं को उच्च प्राथमिकता पर रखकर संरचना, पीपीपी सहित अभिनव वित्तपोषण तंत्र के माध्यम से समयबद्ध ढंग से अवार्ड और कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

अंतराष्ट्रीय उत्तम प्रथाओं के साथ, हम परियोजना प्रबंधन के लिए तकनीकी समाधान कर मॉनीटरिंग करते हैं। प्रमुख परियोजनाओं की भौतिक प्रगति को देखने के लिए उपग्रह प्रोद्योगिकी आधारिक भू–स्थानिक स्थानों और नवीनतम् ड्रोन का प्रयोग करते हैं।

कंपनी की दृष्टि और मिशन निम्नानुसार है

विजन

भारतीय रेलवे के साथ साझेदारी को बनाने और ग्राहक की तरफ ध्यान देते हुए विश्वसनीय सेवाओं के माध्यम से रेल के शेयर का बाजार विस्तार करना है।

मिशन

समर्पित एजेन्सी के रूप में मिशन को वास्तविकता में करने के लिए डीएफसीसीआईएल का मिशन है:

1. उचित तकनीक के साथ कोरीडोर को बनाना ताकि ग्राहकों को सस्ते विकल्पों को प्रदान किए जा सकें और अतिरिक्त क्षमता और सुनिश्चित कार्यकुशलता जवाबदेही, सुरक्षा प्रदान कर मालभाड़ा के बाजार के शेयर को भारतीय रेलवे द्वारा प्राप्त करने की दिशा में कार्य करना।

2. सरकार की पहल का समर्थन करने के लिए एवं परिवहन की आवश्यक्ताओं को ध्यान में रखकर अनुकूल पर्यावरण माध्यम के रूप में उपयोगकर्ताओं को बढ़ावा देकर रेलवे को अपनाना।

परियोजना निष्पादन पर पूंजीगत खर्च

31, मार्च 2016 को परियोजना निष्पादन पर संचयी खर्च रू. 10,292.89 करोड़ हुआ जिसमें स्थायी परिसंपत्तियों पर रू. 16.36 करोड़, प्रगति में पूंजी कार्य पर रू. 5,777.15 करोड़, विकास के अंतर्गत परिसंपत्तियों पर रू. 9.90 करोड़ और पूंजी अग्रिम पर रू. 4,489.47 करोड़ खर्च शामिल है। वर्ष 2015–16 में परियोजना निष्पादन पर कुल खर्च रू. 4,162.97 करोड़ जिसमें मूर्त परिसंपत्तियों पर रू. 3.13 करोड़ और अमूर्त परिसंपत्तियों पर रू. 0.99 करोड़ विकास के अंतर्गत परिसंपत्तियों पर रू. 0.59 करोड़, पूंजी अग्रिम पर रू. 1,653.20 करोड़ और प्रगति में पूंजी कार्य पर रू. 2,505.06 करोड़ शामिल है।

ताकत

परियोजना में भूमि अधिग्रहण ताकत की कसौटी होती है। शेष भूमि के अधिग्रहण के लिए सभी ठोस उपाय किए जा रहे हैं। डीएफसी संरेखण में समपार फाटकों पर आर ओ बी कार्यों की हिस्सेदारी लागत की मुददे के क्रम में, उच्च स्तर पर राज्य के मुख्य सचिवों के साथ और पीएमजी/प्रगति फुटपाथ मुददों सहित बैठकें कर नियमित रूप से अनुवर्ती कार्रवाई की गई। परिणामस्वरूप महाराष्ट्र में (19), गुजरात (68), राजस्थान में (25), झारखंड में (15), उत्तर प्रदेश में 65 और बिहार में 12 आर ओ बी लागत का हिस्सा देने के लिए सहमति प्रदान कर दी है। डीएफसी वित्तीय (राज्य द्वारा भुगतान स्थगित) पर पंजाब से सभी 09 आर ओ बी के लिए सहमति प्राप्त हो गई है और इसी तरह हरियाणा से 09 आ आर बी के लिए सक्रिय विचार चल रहा है। इसी के साथ अतिम निविदाओं और आमंत्रण, कर आर ओ बी के निर्माण के लिए भौतिक कार्य प्रांरभ कर दिया गया है।

दिनांक 24.06.2015 को आयोजित आर्थिक मामलों पर केबिनेट कमेटी ने, (पूर्वी डीएफसी– रू. 26,674 करोड़ और पश्चिमी डीएफसी के लिए रू. 46,718 करोड़) और अधिग्रहण लागत रू. 8,067 करोड़ कुल निर्माण लागत रू. 73,392 करोड़ के संयोजन से पूर्वी और पश्चिमी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर परियोजनाओं के लिए संशोधित अनुमानित लागत (आर सी ई) रू. 81,459 करोड़ का अनुमोदन प्रदान कर दिया है। इसमें पूर्वी डीएफसी की सोननगर–दानकुनी 538 किमी. सेक्शन की निर्माण लागत शामिल है जिसे पीपीपी रूट के माध्यम से कार्यान्वित किया जाना है।

डीएफसी डाउन ट्रैक पर (59 बाक्सएनएल, 5265 टन और क्लींकर वस्तुएं) को लेकर दुर्गावती से सासाराम (56 किमी) तक दिनांक 30.03.2016 को और अप ट्रैक पर दिनांक 03.06.2016 को प्रथम मालगाड़ी चलाई गई। ट्रैक और ओएचई कार्य के पूरा होने के बाद सेक्शन का इंजन रोलिग पूर्व में ही किया गया था।

पश्चिमी डीएफसी में 42 किमी. और पूर्वी डीएफसी में 56 किमी. में कार्य की प्रगति की मॉनिटरिंग का ट्रायल ड्रोन के माध्यम से किया गया है।

क्रिसिल ने डीएफसीसीआईएल को ''सीसीआर एएए (प्रोनाउन्सड कॉर्पोरेट क्रेडिट रेंटिंग ट्रिपल ए) की पुष्टि की है।

पूर्वी डीएफसी के 12 ट्रैक्शन सब स्टेशनों को सप्लाई के लिए संबंद्व ट्रांसमिशन नेटवर्क के निर्माण के लिए पीजीसीआईएल के साथ करार पर हस्ताक्षर किए गए।

निर्बलता

विभिन्न नियमों के अंतर्गत निर्माण सामग्री को प्राप्त करने के लिए सांविधिक क्लीयरेंस को प्राप्त करने की देरी के कारण कार्यान्वयन एजेन्सीयों का कार्य प्रभावित हुआ है। इस कार्य को शीघ्र करने के लिए अधिकारियों से निरन्तर संपर्क किया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा विभिन्न सांविधिक मंजूरी को प्राप्त करने में देरी और उसके उप ठेकेदार से परियोजना मे देरी का जोखिम हो सकता है।

डीएफसी को दोनों कोरीडोर के लिए 3360 किमी. में फैली 11672 हैक्टेयर भूमि की आवश्यकता है। पूर्वी कोरीडोर में डीएफसी संरेखण पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब से होकर गुजरता है। पश्चिमी कोरीडोर उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र से गुजरता है। भूमि अधिग्रहण संबंधित राज्यों का विषय होने के कारण कंपनी को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। भूमि का अधिग्रहण राज्य सरकारो/ क्षेत्रीय रेलों, केन्द्रीय सरकार, एनआरआरपी 2007 के प्रावधानों द्वारा विभिन्न दिशा निर्देशों के अपनाते हुए पर्यावरणीय और सामाजिक विचारों के संबंध में फंडिग एजेन्सी की आवश्यकता और परियोजना से प्रभावित व्यक्तियों की आशाओं को पूरा करते हुए किया जाएगा। ''स्वच्छ मुआवजा और भूमि अधिग्रहण में पारदर्शिता और उचित मुआवजा, पुर्नवास एवं पुर्नस्थापन अधिकार अधिनियम 2013 संसोधित विधेयक द्वारा पारित, नए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार सभी अधिग्रहण के लिए देय मुआवजा एवं आर एंड आर को डीएफसीसी द्वारा दिनांक 01.01.2015 से दिया जा रहा है। नए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार रेलवे बोर्ड द्वारा एक नया पात्रता मैट्रिक जारी किया गया है और इसे दिनांक 01.01.2015 से लागू कर दिया गया है। नए अधिनिमय के प्रावधानों के अनुसार रेलवे बोर्ड द्वारा एक नया पात्रता मैट्रिक्स जारी किया गया है और इसे 01.01.2015 से लागू कर दिया गया है।

सुअवसर

पर्यावरण अनुकूल तरीके से ग्रीन फील्ड डीएफसी परियोजना के क्षेत्र में भविष्य की डीएफसी परियोजना में वास्तविकता को दोहराने का अवसर प्रदान करना है।

डीएफसी परियोजना सीधे और परोक्ष रूप से राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में योगदान करने, रेल परिवहन क्षमता में भारी वृद्वि में एक लंबी छलांग, गारंटीशुदा समय में ट्रांजिट और संचालन क्षमता को लाना होगा। यहां तक कि निर्माण चरण के दौरान, यह परियोजना राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को प्रमुख बढ़ावा देने वाली जो कि वर्तमान उद्योगों में प्रमुख है। परियोजना के सफल और समय पर निष्पादन की आशा है। इस नेटवर्क द्वारा विभिन्न उद्योगों के व्यापार के लिए कुशल रेल परिवहन के विकास की बहुप्रतिक्षित कुल लॉजिस्टिक समाधान की आशा है। परियोजना से पश्चिमी कोरीडोर के औद्योगिक हब जैसे डीएमआईसीडीसी, पूर्वी कोरीडोर पर विशेष प्राइमरी आर्थिक क्षेत्र (एपीईआर) के विकास, पूर्वी कोरीडोर सहित अमृतसर से दानकुनी तक औद्योगिक कोरीडोर का विकास करने में सहायता मिलेगी। इसका परिणाम यह होगा कि बड़े राजमार्गों पर भीड़ कम होगी। सबसे महत्वपूर्ण बात है, डीएफसीसीआईएल भारत में परिवहन के क्षेत्र में एक बदलाव को लाने की क्षमता पैदा करेगी जो कि विश्व स्तर के बुनियादी ढांचे का निर्माण करने के लिए महान अवसर होगा।

डीएफसी परिवहन प्रचालन तंत्र में खेल परिवर्तक हो जाएगा त्वरित अनुसूचित सेवाओं के प्रचालन तंत्र की लागत नीचे आने की आशा है। डीएफसी द्वारा बहुप्रतिक्षित प्रचालन तंत्र टर्मिनलों का विकास करके उद्योगों का समाधान हो जाएगा। इसके क्षेत्रीय स्तर पर ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। सीएसआर का मुख्य उद्देश्य है कि परियोजना प्रभावित व्यक्तियों को प्रशिक्षण के माध्यम से उन्नत किया जाए।

आशंका

बिहार, उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में डीएफसी संरेखण में राज्य सरकारों द्वारा आर. ओ. बी. के लागत हिस्सेदारी की स्वीकृत और सहमति में देरी के कारण आर ओ बी के समय से निष्पादन की आशंका है। नए भूमि अधिग्रहण अधिनियम के आने के साथ शेष भूमि के अधिग्रहण के लिए मुआवजा को देने की प्रक्रिया जटिल हो गई है। इसके अतिरिक्त एक अधिनियम से दूसरे अधिनियम के प्रावधानों को लागू करने में काफी स्पष्टीकरण/व्याख्यायें देने के कारण आगे देरी होती है। क्रियात्मक एजेन्सीयों से विविध स्तर पर क्लीयरेंश के परिणामस्वरूप प्रापण प्रक्रियाओं में देरी होती है। पश्चिमी डीएफसी में कंपनी को जापानी ठेकेदारों के सीमित भागीदारी से प्रक्रियाओं में देरी हो रही है। इसके अतिरिक्त काफी संख्या में कोर्ट मामलें और आर्बीट्रेशनल मामलों में को यदि उचित ढंग से डील नहीं किया जाता है तो एक आशंका बनी रहती है। आर्बीट्रेशनल के बढ़ते मामलों को देखते हुए संबंधित मुख्य सचिवों से निरन्तर इन मामलों को शीघ्र निपटारें का अनुरोध किया जा रहा है। कोर्ट मामलों के लिए, उन्हें शीघ्र निपटाने के लिए आवश्यक उपाय किए जा रहे हैं।

समय पर परियोजना की डिलीवरी को सुनिश्चित करने के क्रम में, परियोजना में शामिल रेल मंत्रालय, नीति आयोग, वित्त मंत्रालय, राज्य सरकारें, जापान इन्टरनेशनल को–ऑपरेशन एजेन्सी, विश्व बैंक सहित सभी स्टेक होल्डर्स और पक्षों से अपेक्षित समन्वित प्रयासों को किया जाता है और प्रत्येक को यह प्रयास करना सुनिश्चित करना चाहिए कि डीएफसी का निर्माण अनुमानित पूर्ण लागात में समय से पूरा किया जाए।

रणनीतियां

परियोजना में भूमि अधिग्रहण एक चुनौती होती जा रही है लेकिन संगठन की ताकत का एक ही समय कसौटी, और आगे के परीक्षणों और मुसीबतों के माध्यम से समय सीमा में संगठन की अधिग्रहीत क्षमताओं को बढ़ाने के लिए, कंपनी ने उचित मुआवजा और भूमि अधिग्रहण पुर्नस्थापना एवं पुर्नस्थापन अधिनियम 2015 को अपनाया है। डीएफसी ने उनकी भागीदारी पर बल देकर पुनर्वास और पुनर्वास प्रक्रिया में उन्हें आवश्यक सहायता प्रदान करके परियोजना प्रभावित व्यक्तियों (पीएपी) की जरुरतों को पूरा किया है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान पुनर्वास और पुनर्वास योजना से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए एक लोकपाल नियुक्त किया गया। पूर्वीडीएफसी–1 एवं पूर्वी डीएफसी–2 में भी भूमि का मुआवजा और ढांचागत संबंधित मुद्दों की शिकायतों को दूर करने के लिए जिला स्तर और फील्ड के साथ–साथ परियोजना स्तर पर शिकायत निवारण के लिए प्रावधानों को पश्चिमी डीएफसी के लिए आरआरपी प्रकाशन को भी शामिल कर शिकायत निवारण समिति का गठन किया गया है।

दृष्टिकोण

कंपनी परिवहन के क्षेत्र में विश्व स्तरीय अवसंरचना के द्वारा भारत के परिवहन के क्षेत्र में प्रतिमान स्थापित करने तथा क्षमता को बढ़ाने की ओर अग्रसर होगी। कंपनी परियोजना के कार्यान्वयन में संरक्षा के साथ–साथ गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए बचनबद्ध है। इस सबंध में फील्ड कर्मचारियों को उचित प्रशिक्षण देने के लिए उत्तम अर्तराष्ट्रीय निर्माण अभ्यास के उपाय किए गए हैं।

आगे की राह

डीएफसीसी अपने तीन ''एस'' ''ईमानदारी (Sincerity), तीव्र गति (Speed) और सफलता (Success)'' के आदर्श वाक्य के लिए प्रतिबद्ध है जो संगठन के मिशन, विजन और उद्देश्यों को पूरा करने के लिए आगे बढ़ेगा।

जोखिम और चिंताएं

कंपनी ने उद्यम जोखिम प्रबंधन ढांचे की स्थापना की है जो कि लेखा परीक्षा समिति एवं विश्व बैंक द्वारा भी अनुमोदित है। उद्यम जोखिम प्रबंधन ढांचे को दिनांक 01 दिसबंर 2014 से कार्यान्वयन किया गया है। ''योजना और निर्माण चरण'' एवं ''परिचालन चरण''के दौरान मुख्य 20 जोखिमों की प्राथमिकता और पहचान की गई। इन 20 मुख्य जोखिमों के लिए मिटीगेशन योजना भी तैयार की गई है। जोखिम की पहचान और कम करने की योजना को इस तरह बनाया गया है कि उसे जोखिम पहचान और प्राथमिक कार्यशालाओं द्वारा आवधिक आधार पर अपडेट एवं रिव्यू किया जा सकता है। जोखिम प्रबंधन ढांचे को परिभाषित किया गया है है जिसमें जोखिम प्रबंधक समिति के साथ–साथ कार्यों को करने के लिए एक मुख्य जोखिम प्रबंधक कोऑरडीनेटर जोखिम प्रबंधक समिति को रिपोर्ट करते है, इसमें विभिन्न विभागों जैसे सिविल, एसएंडटी, आईटी, प्रशासन, विद्युत, परिचालन, वित्त आदि के प्रमुख और मुख्य परियोजना प्रबंधकगण रहते हैं जो कि जोखिम कम करने की योजना की पहचान करने के लिए उत्तरदायी होते हैं और प्राथमिकता के आधार पर कम करने के लिए ढांचा तैयार करते हैं। जोखिम प्रबंधन की गतिविधियों को जोखिम को मॉनीटरिंग के लिए उचित नियंत्रण को सुनिश्चित किया जाता है और विशिष्ट जोखिम के लिए मिटीगेशन योजना को प्रभावशाली बनाने के लिए उद्यम जोखिम प्रबंधन कार्यों के रूप में एमआईएस के माध्यम से मेकेन्जिम एश्योरेंस को सुनिश्चित किया जाता है।

जोखिम प्रबंधन ढांचे को जोखिम प्रबंधक समन्वयन (आरएमसीओ) के साथ मिलकर महाप्रबंधक/वित्त/आरएम द्वारा नियमित रूप से समन्वित किया जा रहा है जिसकी आगे नियमित अंतराल पर लेखा परीक्षण समिति और जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी) द्वारा समीक्षा की जाती है। इसे दिनांक 26 जुलाई, 2016 को आयोजित निदेशक मंडल की बैठक के समक्ष भी प्रस्तुत किया गया।

निर्माण चरण में दिनांक 30 जून, 2016 को पहचान किए गए पांच प्रमुख जोखिम का विवरण निम्नानुसार है:

क) माल/सेवाओं के प्रापण का अपर्याप्त प्रबंधन (प्रामण से संबंधित मुददे है)

ख) ठेकेदारों के कार्यो के विस्तार में संभावित बढ़ोत्तरी

ग) कोरीडोरों के निर्माण में देरी

घ) आर यू बी/आर ओ बी के निर्माण में देरी/कठिनाई (आरयूवी/आरओबी के निर्माण से संबंधित मुददे)

ड़) आर आर पी लाभ वितरण

आंतरिक नियंत्रण प्रणालियां

किसी भी संगठन में, आंतरिक नियंत्रण प्रणाली एक आंतरिक प्रक्रिया होती है, जो इकाई प्रबंधन और कार्मिको को जोखिम से प्रभावित करती है और लक्ष्य को प्राप्त करने, अधिक तेजी से परिचालनों को और अधिक व्यवस्थित ढंग से कार्यान्वयन के सामान्य उद्देश्यों को प्राप्त किया जाता है और हानि, दुरूपयोग और नुकसान के विरूद्ध संसाधनों की सुरक्षा की जाती है।

कंपनी की आंतरिक प्रणालियां और पद्धतियां हैं जो परिचालन के कार्यान्वयन को और अधिक व्यवस्थित, नीतिपरक, मितव्ययी कुशल और प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करती है, जो कंपनी के आकार के साथ पर्याप्त और समरूप हो। यद्यपि आंतरिक नियंत्रण की प्रक्रिया का कार्य प्रगति पर है, प्रबंधन निरंतर सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। इसे सुनिश्चत करने के क्रम में आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों और प्रक्रियाओं को किया जाता है और वर्तमान प्रक्रियाओं और आतंरिक नियंत्रण प्रणालियों में आने वाली कमियों का आंकलन किया जाता है, प्रक्रियाओं और आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों

को मजबूत करने के उपाय किये जाते हैं। तद्नुसार, कंपनी में आंतरिक नियत्रंण प्रणालियो के लिए लेखा परीक्षण समिति ने एक अध्ययन संचालित किया है। निदेशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति आंतरिक लेखा परीक्षक रिर्पोटो सांविधिक लेखा परीक्षक और भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियों की भी समीक्षा की जाती है। प्रबंधन लेखा परीक्षक की सिफारिशों एवं निष्कर्षों की समीक्षा करता है, जहां आवश्यक होता है उचित कार्रवाई की जाती है और सिफारिशों के कार्यान्वयन को मॉनीटर किया जाता है।

औद्योगिक संबंध

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान औद्योगिक संबंध शांति एवं सोहाद्रपूर्ण रही डीएफसीसीआईएल ने दिनांक 29.10.2015 को अपना 10वां स्थापना दिवस एयरफोर्स ऑडिटोरियम, सुब्रातो पार्क, नई दिल्ली में मनाया। समारोह के आयोजन में संघ के अधिकारियों और कर्मचारियों के अलावा रेलवे बोर्ड से वरिष्ठ अधिकारी गण, विश्व बैंक से कार्यकारीगण, जायका, स्टेक होल्डर्स सदस्य और मीडिया से प्रतिनिधियों के साथ बड़ी धूमधाम एवं उत्साह से मनाया गया। योग पर्यावेक्षक के अंतर्गत आयुष मंत्रालय द्वारा जारी कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार दिनांक 21.06.2015 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। दिनांक 05.06.2015 को विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण पर शपथ ली। प्रबंध निदेशक श्री आदेश शर्मा सहित डीएफसीसीआईएल के अन्य निदेशकों ने डीएफसीसीआईएल परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण किया। दिनांक 21.05.2015 को आतंकवाद विरोध दिवस का आयोजन किया गया। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आतंकवाद के विरूद्व शपथ ग्रहण की। सद्भावना दिवस का आयोजन दिनांक 20.08.2015 को किया गया। दिनांक 19.11.2015 का कंपनी के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रीय अंखडता की शपथ ली गई।

सूचना तकनीक और विकास

डीएफसीसीआईएल सैप–ईआरपी प्रणाली के कार्यान्वयन प्रक्रिया में है। परियोजना का उद्देश्य सोफ्टवेयर समाधान एकीकृत वित्तीय प्रबंधन, मानव संसाधन प्रबंधन, परियोजना प्रबंधन, उद्यम परिसंपत्ति प्रबंधन, भूमि अधिग्रहण सूचना प्रबंधन, जियोग्राफीकल सूचना प्रबंधन, पोर्टल और डाक्यूमेंट प्रबंधन प्रणाली को केन्द्रीयकृत कर कार्यान्वयन करना है। इस प्रणाली से विभिन्न कार्यो के बीच बेहतर योजना और समन्वय, बेहतर डाटा प्रबंधन, प्रभावी रिर्पोटिंग, ज्ञान प्रबंधन आदि में शीघ्रता से निर्णय लिए जा सकेंगे। सूचना को प्राप्त करने में कम समय लगेगा।

डीएफसीसीआईएल, कॉर्पोरेट कार्यालय में डाटा सेंटर स्थापित किया गया है। इस डाटा सेंटर को डब्लयूएएन (वाइड़ एरिया नेटवर्क) अधिारित वीपीएन अथवा एमपीएलएस (मल्टी–प्रोटोकाल लेवल स्विचिंग) के प्रयोग द्वारा सभी 14 मुख्य परियोजना प्रबंधकों से जोड़ा गया है।

कॉर्पोरेट कार्यालय डाटा सेंटर और मुख्य परियोजना प्रबंधक कार्यालयों के बीच एमपीएलएस कनेक्टिविटी गति और नेटवर्क उपलब्धता में सुधार के लिए कार्यान्वयन का कार्य प्रगति पर है। डीएफसीसीआईएल डाटा सेन्टर की क्षमता को बढ़ाने के लिए अधिक जगह लेने पर विचार कर रहा है। डिजास्टर रिकवरी डाटा सेन्टर का भी प्रस्ताव शुरू किया गया है। डीएफसीसीआईएल में सैप के कार्यान्वयन का कार्य अंतिम चरण मे है। कॉर्पोरेट कार्यालय में लगभग सभी कार्य सैप मे किए जा रहे हैं। मुख्य परियोजना प्रबंधक कार्यालयों में पीएमएस मोड्यूल के प्रयोग को छोड़कर जिसके कार्यान्वयन की प्रक्रिया की जा रही है, सभी मोड्यूल्स का प्रयोग किया जा रहा है। वर्ष 2016–17 के वित्तीय वर्ष के दौरान डीएफसीसीआईएल में सैप–ईआरपी प्रणाली पूरी तरह से लागू हो जाएगी। परिचालन स्वीकृति चरण प्रगति पर है। चार मॉड्यूल भूमि अधिग्रहण सूचना प्रणाली मॉडयूल, जियोग्राफीकल सूचना प्रणाली मॉडयूल, पोर्टल और डाक्यूमेंट प्रबंधन प्रणाली के लिए आंशिक स्वीकृति पहले से ही दे दी गई है। मानव संसाधन विभाग द्वारा मानव

संसाधन प्रबंधन प्रणाली मॉडयूल को पूरा कर दिया गया है और वे सैप पर नियमित रूप से कार्य कर रहे हैं। वित्त मॉडयूल टेंस्टिंग और विकास के उन्नत चरण में है और सभी भुगतान (बड़े ठेकों को छोड़कर) सैप के माध्यम से किए जा रहे हैं। सभी स्वीकृत आवेदन अब ऑनलाइन हैं।

सभी पोस्टिंग और स्थानान्तरण आदेश सैप द्वारा जनरेट किए जा रहे हैं। कर्मचारियों का पेरोल की प्रक्रिया सैप के माध्यम से की जा रही है। आयकर विवरणी/फार्म 16 को सैप के माध्यम से जनरेट किया जा रहा है।

लगभग डीएफसीसीआईएल के सभी कर्मचारियों को ईएसएस के साथ (कर्मचारी स्वयं सेवा) लाइसेंस उपलब्ध करवा दिया गया है। सभी कर्मचारीगण पोर्टल मॉडयूल के माध्यम से छुटटी का आवेदन कर रहे हैं जिसे सैप से स्वीकृत और गणना की जाती है। कर्मचारियों के दावे जिसमें मोबाइल/लैंडलाइन का दावा, छुट्टी नकदीकरण, ब्रीफ़केस और लीज आवास आदि शमिल को पोर्टल मॉडयूल के माध्यम से ऑनलाइन किया जा रहा है। प्रत्येक कर्मचारी द्वारा सैप पर ऑन लाइन प्रापर्टी रिटर्न भरे जा रहे हैं।

परियोजना ठेकेदार और परियोजना प्रबंधन परामर्शदाता भी वीपीएन के माध्यम से सैप–ईआरपी प्रणाली का प्रयोग कर ऑनलाइन बिलों को प्रस्तुत कर रहे हैं।

पर्यावरण सुरक्षा और संरक्षण

डीएफसीसीआईएल का पर्यावरणीय अनुकूल दृष्टिकोण डीएफसी संरेखण के साथ लिए गए कदमों से झलकता है, भूमि अधिग्रहण का चयन, वन भूमि डायवर्जन और कम से कम पर्यावरणीय प्रभावों की अनदेखी कर, किया जा सका है। विश्व बैंक ओर जायका सुरक्षात्मक नीतियों को पूरा करने के लिए पूर्वी और पश्चिमी फ्रेट कोरीडोर के लिए पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन आंकलन (ईए) आयोजित किया गया है।

ताज त्रिपेजियम जोन, संजय गांधी नेशनल पार्क, अरावली ईको–संवेदनशील जोन, कोस्टल रेगूलेशन जोन अधिसूचना और वन डायवर्जन के अंतर्गत अपेक्षित सांविधिक क्लीयरेंश प्राप्त कर ली गई हैं। वर्ष 2015–16 के दौरान, पूर्वी डीएफसी के खुर्जा–पिलखनी सेक्शनों के पर्यावरणीय प्रबंधन योजना (ईएमपी) सहित पर्यावरणीय आंकलन (ईए) रिपोर्ट तैयार कर ली गई है और विश्व बैंक द्वारा अनुमोदन हो गया है। विश्व बैंक और डीएफसीसीआईएल की टिप्पणियों को शमिल करते हुए पूर्वी डीएफसी की संचयी प्रभाव आंकलन (सीआईए) रिपोर्ट तैयार हो गई है। अंतिम मसौदा रिपोर्ट में शामिल टिप्पणियों और कार्यशालाओं के आयोजन के बाद अंतिम सीआईए के अनुमोदन के लिए विश्व बैंक को प्रस्तुत की जाएगी। पूर्वी और पश्चिम कोरीडोर की ईए और ड्राफ्ट सीआईए रिपोर्ट को विस्तृत प्रचार के लिए डीएफसीसीआईएल वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

कार्यान्वित एजेन्सीयों ने डीएफसीसीआईएल की एसएचई मेनुअल और पर्यावरणीय प्रबंधन योजना पर आधारित अपनी साइट पर एसएचई योजना तैयार की है। ठेकेदार ने पूर्वी डीएफसी–2 के सभी लोट्स में निर्माण गतिविधियों के लिए आईएसओ–14001 ईएमएस एवं ओएचएसएएस 18000 प्रमाण पत्र प्राप्त किया है। एसएचई और ईएमपी की नियमित रूप से मॉनीटरिंग की जाती हैं और रिपोर्ट तैयार की जाती है। पूर्वीडीएफसी के डीएफसीसीआईएल के अधिकारीगण, पीएमसी और एसईएसएमआरसी द्वारा कार्यान्वित किया गया है। साइट सुरक्षा बैठक आयोजित की जाती है। कार्यान्वित एजेन्सीयों के माध्यम से सभी रेगुलेटरी का अनुपालन का सुनिश्चित किया जा रहा है।

सामाजिक सुरक्षा उपाय

रेलवे (संशोधन) अधिनियम 2008 के सेक्शन 20–0 के अनुसार, ''राष्ट्रीय पुर्नवास और पुर्नस्थापन नीति, 2007 को अपनाया जा रहा था। रेल मंत्रालय एन आर आर पी–2007 के संबंधित प्रावधानों पर आधारित परियोजना प्रभावित

व्यक्तियों को दी गई कोटिवार विभिन्न पात्रताओं को कवर करते हुए पात्रता मैट्रिक्स (ईएम) को जारी किया है। संशोधित अधिनियम द्वारा'' स्वच्छ मुआवजा और भूमि अधिग्रहण में पारदर्शिता, पुर्नवास और पुर्नस्थापन अधिनियम 2013 (आर एफ सी टी–एल ए आर आर) के लागू होने के साथ, नए अधिनियम के प्रावधानों से संबंधित मुआवजा और लागू आर एंड आर को सभी अधिग्रहण पर डीएफसीसी द्वारा दिनांक 01.01.2015 से किया जा रहा है। नए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार रेलवे बोर्ड ने एक नया पात्रता मैट्रिक्स जारी किया है और इसे 01.01.2015 से लागू कर दिया गया है। इसे डीएफसीसीआईएल वेबसाइट, सभी मुख्य परियोजना प्रबंधक कार्यालयों और जनता के सूचनार्थ सभी प्रभावित गांवो के सार्वजनिक स्थानों पर उपलब्ध करवा दिया गया है। पुर्नवास और पुर्नस्थापन के विरूद्व रू. 407 करोड़ का वितरण कर दिया गया है।

पुर्नस्थापन प्रक्रिया के त्वरित कार्यान्वयन और पर्याप्त पुर्नवास पैकेज को सुनिश्चित करने और सभी व्यवहार्य विकल्पों की तलाशते हुए अनैच्छिक पुर्नवास प्रभावों और कम से कम भूमि अधिग्रहण अथवा उनकी अनदेखी करने के लिए सावधानी बरती गई है। डीएफसी परियोजना के कार्यान्वयन के कारण बुरी तरह प्रभावित व्यक्तियों/घरों के लिए पुर्नस्थापन और पुर्नवास के उचित उपाय करने के लिए डीएफसी ने अच्छी पुर्नवास नीति (आरएफपी) को तैयार किया है।

जायका सामाजिक बचाव और विश्व बैंक नीतियों को पूरा करने के लिए पूर्वी डीएफसी और पश्चिमी डीएफसी के लिए सामाजिक प्रभाव आंकलन (एसआईए) अध्ययन आयोजित किया है। वर्ष 2015–16 के दौरान, (दादरी–खुर्जा 46 किमी), एपीएल–3 की चरण–1 पूर्वीडीएफसी और एपीएल–3 के चरण–2 (खुर्जा–पिलखनी, 220.710 किमी.) की पुर्नवास कार्य योजना (आर ए पी) को नए भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013, के प्रावधानों के अनुसार अंतिम रूप दे दिया गया है और इसे सार्वजनिक सूचना के लिए डीएफसीसी की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

आर ए पी के कार्यान्वयन, माईक्रो योजना को तैयार करने और परियोजना प्रभावित व्यक्तियों की विभिन्न शिकायतों को समाधान में सहायता के लिए एनजीओ को नियुक्त किया गया है। दो एनजीओ अपनी समापन रिर्पोर्ट को मेसर्स एस पी एस (स्टडी पांइट समिति एनजीओ) को, (फतेहपुर–न्यू भाऊपुर) सेक्शन स्लाइस–203 पर आरएपी के कार्यान्वयन के सबंध में समापन रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है और (खुर्जा–दादरी सेक्शन स्लाइस–302 के लिए समापन रिपोर्ट मेससे क्रेडल (कंसलटेंट फार रूरल एरिया डेवलपमेंट लिंक एकनॉमी) को प्रस्तुत कर दी है।

आगे पूर्वी डीएफसी–1 और पूर्वीडीएफसी–2 के लिए सामाजिक एवं पर्यावरणीय सुरक्षा उपयों की समीक्षा और मॉनीटरिंग के लिए वाह्य स्वतंत्र एजेन्सी को भी नियुक्त किया गया है। एजेन्सी भूमि अधिग्रहण और आर एंड आर और आर ए पी एंड ईएमपी के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा और मॉनीटर की भूमिका निभाती है और इसमें सुधार के लिए अपनी सुझावों को देती है। सामाजिक और पर्यावरणीय सुरक्षा मॉनीटरिग एवं समीक्षा परामर्शदाता (एसईएसएमआरसी) को पूर्वी डीएफसी–1 और पूर्वी डीएफसी–2 के लिए नियुक्त किया है जो कि निरन्तर आरआरपी और ईएमपी की योजना के कार्यान्वयन को मॉनीटर करती है जिससे डीएफसीसीआईएल को परियोजना व्यक्तियों के लिए सुरक्षात्मक कार्य का वातावरण पैदा हुआ है। (साहनेवाल–पिलखनी, 175 किमी और दादरी–खुर्जा 46 किमी.) कुल 221 किमी एपीएल–3 चरण –1 और (खुर्जा–पिलखनी, 220.710) के लिए एसईएसएमआरसी को नियुक्त करने के लिए रूचि की अभिव्यक्ति का आमंत्रित किया है।

आर एंड आर प्रक्रिया मे उनकी भागीदारी को बढ़ोत्तरी द्वारा परियोजना प्रभावित व्यक्तियों की चिंताओं में आवश्यक सहयोग की जरूरत होती है। डीएफसी परियोजना के कार्यान्वयन के लिए बनाई गई पुर्नवास नीति के अंतर्गत उपलब्ध पुर्नस्थापन लाभों अथवा पुर्नवास के लिए प्रभावित व्यक्तियों और समूह के रूप में चिंताग्रंस्त लोगों की समस्याओं के समाधान पर विचार कर सकते हैं। शिकायतों के समाधान के लिए लोकपाल को नियुक्त किया गया है। खुर्जा–भाऊपुर और भाऊपुर मुगलसराय सेक्शनों दोनों के लिए परियोजना एवं जिला स्तर पर शिकायत निवारण समितियों का गठन

किया गया है। परियोजना स्तर पर गठित समिति गठन डीफसीसीआईएल वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त भूमि के मुआवज से संबंधित शिकायतों को देखने के लिए आर्बीट्रेटरों को नियुक्त किया गया है।

मानव संसाधन विकास और ओद्योगिक संबंध

मिशन और मूल्य

मानव संसाधन विकास अपने संगठन के लोगों के सबसे मूल्यावन संसाधन से उनके हितों को विकसित करने, सहयोग प्रदान करने और उनकी सुरक्षा करने के लिए कार्य करता है। यह सतत् परिवर्तन के वातावरण में उच्च गुणवत्ता की सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। निरंतर सीखने और कर्मचारी सशक्तिकरण के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा देकर एक ही समय में अधिकारियों और कर्मचारियों के संगठनात्मक विकास के लिए निर्देशित कर विश्व स्तर पर अनुकूल वातावरण को तैयार कर मानव संसाधनों की मूल दक्षताओं को प्राप्त करना व्यावसायिक मानकों को प्राप्त करना है।

मानव शक्ति जुटाव

हमारे संगठन को सूचारू रूप से संचालन के लिए उचित मानव शक्ति, उचित स्थान, उचित समय का बहुत ही महत्व होता है। संगठन के दूरगामी आवश्यकताओं पर विचार करते हुए, प्रतिनियुक्ति पर ज्वाइन करने वाले योग्य अधिकारियों को स्थाई समावेशन के अलावा तत्काल समावेशन और सीधी भर्ती ओपन मार्केट से मानव शक्ति को अधिष्ठापित किया गया है। वर्ष 2015–2016 के दौरान ओपन मार्केट से 67 अभ्यर्थियों ने ज्वाइन किया। इसी के साथ 11 पदों को सेवारत सरकारी/सार्वजनिक उपक्रमों में कार्यरत कर्मचारियों से तत्काल समावेशन के आधार पर भरा गया। सभी अभ्यर्थियों को प्रांरभिंक प्रशिक्षण प्रदान कर दिया गया है।

डीएफसीसीआईएल की आवश्यकताओं के संबंध में, सार्वजनिक उद्यम विभाग ने तत्काल समावेशन नियम के लिए डीएफसीसीआईएल को समय समय पर छूट दी गई है। प्रतिनियुक्ति के शर्तों पर 200 अराजपत्रित एवं 200 राजपत्रित अधिकारियों के अधिष्ठापन की अनुमति 29.12.2015 तक मान्य है। 29.12.2015 के उपरान्त अनुमति के लिए डीपीई के साथ प्रस्ताव विचाराधीन है। रेलवे बोर्ड द्वारा वर्ष 2012 द्वारा अनुमोदन के अनुसार डीएफसीसीआईएल में रेलवे कर्मचारियों के लिए सामान्य प्रतिनियुक्ति अवधि 05 वर्ष है। वर्ष के दौरान 58 कर्मचारियों ने प्रतिनियुक्ति पर ज्वाइन किया और मानव संसाधन विभाग द्वारा 28 अधिकारियों का प्रतिनियुक्ति विस्तार किया गया।

नए अधिष्ठापन (इन्डक्शन) के साथ कुल संख्या बढ़कर 758 अधिकारी हो गई हैं जिसमें से 467 स्थाई है।

पदोन्नति

पदोन्नति के पर्याप्त अवसरों को उपलब्ध कराने के लिए डीएफसीसीआईएल में पदोन्नति नीति में मेरिट, उपयुक्त और निष्पादन को ध्यान में रखा गया है और उपयुक्त क्षमता के साथ और उत्कृष्ट मानव संसाधन सहयोग प्रदान किया जाता है और उपयुक्त कौशल और योग्यता के साथ सेवा के प्रभावशाली नेतृत्व, व्यावसायिक विशेषज्ञ और गुणवत्ता परामर्श के साथ किया जाता है। सामान्यतः कार्यकारी से कार्यकारी निदेशक स्तर तक पदोन्नति के लिए एक ग्रेड में 04 वर्षों की आवश्यकता होती है। वर्ष के दौरान 22 कर्मचारियों को जो कि पदोन्नति के लिए उच्च ग्रेड में उर्पयुक्त पदोन्नति नीति के अनुसार योग्य पाए गए।

नीति पहल

विभिन्न प्रकार की मानव संसाधन नीतियों जैसे कर्मचारी कल्याण, नियमित कर्मचारियों के लिए सामूहिक बीमा योजना,

